नई दिल्ली
शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 232
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 24
न्यून. 11

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,265.32 | 158.51 ▲ |
| निफ्टी | 26,033.75 | 47.75 ▲ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,31,600/- | 600/- ▼ |
| चांदी | 1,80,900/- | 900/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 89.89 | 26 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 62.81 बैरल | 0.22% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*




### भारत-रूस के बीच आज होगा 24 वां वार्षिक शिखर सम्मेलन

# अमेरिकी टैरिफ, वैश्विक संघर्षों की चुनौती के बीच भारत पहुंचे रूस के राष्ट्रपति पुतिन

*• आज शुक्रवार को हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ राष्ट्रपति पुतिन करेंगे '23 वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन' में शिरकत*

**पालम हवाई अड्डे पर लाल कालीन बिछाकर किया गया भव्य स्वागत, पीएम मोदी ने की अगवानी**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मौजूदा साल 2025 में भारत से लेकर रूस तक जिस हाई-प्रोफाइल बैठक की बड़ी पैमाने पर तैयारी चल रही थी। उसके लिए इंतजार की घड़ियां खत्म हुई...अपने विशेष विमान से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय (4 से 5 दिसंबर तक) राजकीय यात्रा के तहत गुरुवार रात राष्ट्रीय राजधानी के पालम हवाई अड्डे पर पहुंचे।

जहां लाल कालीन बिछाकर उनका जोरदार अंदाज में भव्य स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति की अगवानी की। इस दौरान दोनों दिग्गज नेताओं के बीच गर्मजोशी से भरी सदाबहार दोस्ती का पुराना ▶▶ शेष पेज 5 पर

### समय की कसौटी पर खरी उतरी मित्रता: पीएम

पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'अपने मित्र राष्ट्रपति पुतिन का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। आज शाम और कल हमारी बातचीत का बेसब्री से इंतजार है। भारत और रूस की मित्रता समय की कसौटी पर खरी उतरी है। जिससे हमारे लोगों को बहुत अधिक लाभ हुआ है'।

**»** ***वार्ता में शामिल किए जाएंगे द्विपक्षीय सहयोग के अलावा साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुद्दे***

**»** ***सम्मेलन के बाद दोनों देशों के बीच होंगे कई महत्वपूर्ण समझौते***

## आज होगा वार्षिक शिखर सम्मेलन

मंत्रालय के मुताबिक, 4 दिसंबर को राष्ट्रपति पुतिन के भारत पहुंचने पर पीएम मोदी राष्ट्रपति के सम्मान में एक निजी रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। इसके अगले दिन शुक्रवार 5 दिसंबर को दोनों शीर्ष नेताओं के बीच नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में भारत-रूस के बीच 24 वां वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं के अलावा आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय, वैश्विक मामलों पर भी चर्चा की जाएगी। सम्मेलन के खत्म होने के बाद दोनों नेता साझा प्रेस वक्तव्य के माध्यम से मीडिया को संबोधित करेंगे। दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते (रक्षा-सुरक्षा, सिविल परमाणु ऊर्जा, मीडिया, व्यापार, गतिशीलता जैसे क्षेत्र ▶▶ शेष पेज 5 पर



### यूक्रेन युद्ध के बाद हो रही पहली यात्रा

गौरतलब है कि यूक्रेन युद्ध के बाद ये पहला मौका है। जब रूस के राष्ट्रपति भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद से नाराज अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ और उसे बढ़ाने की धमकी व यूरोप के तमाम विकसित पश्चिमी देशों के दबाव को दरकिनार कर भारत ने रूस के राष्ट्रपति को नई दिल्ली की यात्रा पर आमंत्रित किया है। जिससे पूरी दुनिया को स्पष्ट रूप से ये संदेश चला गया है कि विरोध के स्वर भले ही कितने प्रबल क्यों न हों। लेकिन भारत किसी भी सूरत में रूस का साथ नहीं छोड़ेगा। राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा उसकी सामरिक स्वायत्तता के प्रति दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की विदेश नीति को भी बखूबी प्रदर्शित करती है। जिसमें वह सभी देशों के साथ समान रूप से मित्रवत संबंधों के साथ आगे बढ़ने के पक्ष में है। अमेरिकी टैरिफ को पहले ही भारत अनुचित बताते हुए कह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पुतिन का कार्यक्रम

**4 दिसंबर**

- गुरुवार शाम 6.35 पर पालम हवाईअड्डे पर पहुंचे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की राष्ट्रपति पुतिन की अगवानी।
- पीएम ने राष्ट्रपति के सम्मान में दिया निजी रात्रिभोज।

**5 दिसंबर**

- शुक्रवार सुबह 11 बजे राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का होगा परंपरागत स्वागत।
- तीनों सशस्त्र सेनाओं के कर्मियों की संयुक्त टुकड़ी उन्हें देगी गार्ड ऑफ आर्नर का सम्मान।
- 11 बजकर 30 मिनट पर पुतिन राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।
- 11 बजकर 50 मिनट पर हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन होगा।
- दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर दोनों शीर्ष नेता संयुक्त प्रेस वकतव्य देंगे।
- 3 बजकर 40 मिनट पर भारत मंडपम में बिजनेस कार्यक्रम होगा।
- रात 7 बजे राष्ट्रपति भवन में भारत-रूस के राष्ट्रपतियों की मुलाकात ▶▶ शेष पेज 5 पर

**भारत-रूस के रक्षा मंत्रियों के बीच हुई बैठक में रूस के रक्षा मंत्री एंड्री बेलौसोव ने की है ये घोषणा**

## रक्षा उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मिलेगा रूस का पूरा सहयोगः बेलौसोव



**»** ***बैठक के अंत में दोनों शीर्ष मंत्रियों ने किए प्रोटोकॉल दस्तावेज पर हस्ताक्षर***

**»** ***भारत की तरफ से बैठक में शामिल हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो दिवसीय यात्रा के पहले दिन गुरुवार को नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ केंद्र में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों (राजनाथ सिंह, एंड्री बेलौसोव) के बीच सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग को लेकर गठित किए गए भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) की 22वीं बैठक हुई। जिसमें दोनों पक्षों ने इस बात को लेकर एक बार फिर से अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि हमारे संबंध एक गहरे विश्वास, समान सिद्धांतों और आपसी सम्मान की नींव पर टिके हुए हैं। बैठक के अंत में दोनों रक्षा मंत्रियों ने आईआरआईजीसी- ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नए अवसरों पर टिकी भारत की निगाहें

मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक में अपने रूसी समकक्ष के सामने विशेष-जटिल तकनीक से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक बढ़ाने के लिए नए अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया है। जबकि एंड्री बेलौसोव की तरफ से आश्वासन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इसलिए चाहिए स्वदेशी रक्षा उद्योग

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक में रूस के रक्षा मंत्री एंड्री बेलौसोव को भारत सरकार की स्वदेशी रक्षा उद्योग के क्षमता विकास को लेकर प्रदर्शित की जा रही प्रतिबद्धता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसका ▶▶ शेष पेज 5 पर






## दिल्ली सरकार ने टीबी के खिलाफ तेज कर दी है लड़ाई: डॉ. पंकज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने टीबी के खिलाफ लड़ाई तेज कर दी है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सचिवालय में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (छज्म्) की क्रियान्वयन समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी सरकार 100-दिन के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत दिल्ली में 8 लाख 78 हजार लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। इस कैंपेन के जरिए लगभग 3 लाख 80 हजार एक्स-रे किए गए हैं। साथ ही स्लम इनिशिएटिव प्रोग्राम के तहत लगभग 95 हजार से अधिक लोगों की चेस्ट एक्स-रे से स्क्रीनिंग कर टीबी की जांच की गई। इस अहम बैठक में दिल्ली स्वास्थ्य विभाग एवं ट्यूबरक्लोसिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और डॉक्टर मौजूद रहे। मंत्री ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दिल्ली में अब तक हुई प्रगति का आकलन किया। मंत्री डॉ पंकज ने कहा कि वर्ष 2025 तक क्रोनिक संक्रामक ट्यूबरक्लोसिस उन्मूलन को लेकर बनाए गए लक्ष्य "टीबी मुक्त भारत अभियान" के तहत दिल्ली सरकार का मिशन इस श्रेणी में अग्रणी बना हुआ है, जो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विजन हेल्थ-फॉर-ऑल" को सार्थक करता है। दिल्ली सरकार ने लगभग 50 लाख लोगों की ट्यूबरक्लोसिस की जांच का लक्ष्य निर्धारित किया है।

# सीमापुरी में गोलीबारी में वांछित व्यक्ति गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने सीमापुरी में एक घर पर कथित गोलीबारी के करीब छह हफ्ते बाद हत्या के प्रयास के इस मामले में वांछित 23 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी जतिन हरियाणा के फरीदाबाद स्थित उसके मामा के घर से पकड़ा गया, जहां वह गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपा हुआ था। पुलिस के अनुसार सीमापुरी में 22 अक्टूबर को चार-पांच हथियारबंद लोग मोटरसाइकिल पर सलीम के घर के बाहर पहुंचे और पहली मंजिल की बालकनी की ओर कई राउंड गोलियां चलाईं, जहां सलीम और उसकी पत्नी खड़े थे। पुलिस का कहना है कि एक टीम ने संदिग्धों की तलाश शुरू की। तकनीकी निगरानी के ज़रिए उसने फरीदाबाद में आरोपी जतिन का पता लगा लिया। उसने उस जगह पर छापा मारकर जतिन को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान पुलिस के सामने जतिन ने कथित तौर पर अपने साथियों--आदित्य, आदित्य (दूसरा भी आदित्य) और जाफर के साथ गोलीबारी में शामिल होने की बात कबूल की। पुलिस का कहना है कि उसने पुलिस को बताया कि गोलीबारी के बाद वे लोग उत्तर प्रदेश की ओर भाग गये और बाद में पकड़े जाने से बचने के लिए अलग-अलग हो गये। अधिकारी ने कहा कि हम गोलीबारी के मकसद की जांच कर रहे हैं। जतिन पहले भी एक मामले में शामिल रहा है। बाकी आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

## व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के आरोप में दो नाबालिग पकड़े

नयी दिल्ली, चार दिसंबर (भाषा) दिल्ली पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के मधु विहार इलाके में 38 वर्षीय एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के आरोप में दो नाबालिगों को पकड़ा है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। तीस नवंबर को पीड़ित इमरान अली को चाकू लगने के कारण लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस टीम को दिये बयान में इमरान ने बताया कि उसके परिचित दो नाबालिग तथा दो अन्य ने झगड़े के दौरान उस पर चाकू से हमला किया। अधिकारी ने बताया, ३एक टीम ने संदिग्धों की तलाश शुरू की। गुप्त सूचना के आधार पर टीम मजबूर नगर कैंप पहुंची, जहां हमले में शामिल दो नाबालिगों का पता लगाया गया और उन्हें पकड़ लिया गया।३ दोनों नाबालिगों ने चाकू मारने की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। अधिकारी ने बताया कि शेष दो लड़कों की तलाश जारी है।

## डीयू में शिक्षकों को नहीं मिल रहा साक्षात्कार का अधिकार

■ शिक्षक शोधार्थी धरना पन्द्रहवे दिन भी रहा जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) प्रशासन द्वारा चलती भर्ती प्रक्रिया में नियम बदलने और इंटरव्यू प्रक्रिया में सबको बुलाए जाने वाले विभेदकारी नियम के खिलाफ पंद्रह दिन बाद भी प्रशासन की ओर से कोई सुनवाई नहीं हुई। दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक शोधार्थी संघ के बैनर तले धरना दे रहे शिक्षकों ने बृहस्पतिवार को धरना स्थल पर यह आरोप लगाए। शिक्षकों ने बताया कि मांगों को लेकर पन्द्रह दिन बाद भी प्रशासन की बेरुखी बरकरार है और इतना पढ़ने लिखने के बाद भी साक्षात्कार का अधिकार नहीं मिल रहा है। अपने ही विश्वविद्यालय में जहां पढ़े लिखे वहीं सौतेला व्यवहार हो रहा है जबकि विश्वविद्यालय के लगभग सभी शिक्षक संगठनों इसको जायज़ मानते है और समर्थन भी दे रहे है। लगभग सभी संगठन इस धरने पर आ चुके है, उन्होंने इन शोधार्थियों और शिक्षकों की मांग को जायज़ ठहराकर इनको समर्थन दिया है। लेकिन प्रशासन अभी तक अपनी चुप्पी बनाए हुए है। दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक शोधार्थी संघ मांग करता है कि दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन हम सबको साक्षात्कार में बुलाये।

### अपने हिसाब से रोज नियम बदल रहा डीयू प्रशासन

संघ का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपने हिसाब से रोज नियम बदल रहा है। लेकिन पुराने नियम से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के नाम पर मौन है। ये तब है जब 5 हजार से ज्यादा नियुक्ति करा कर अपनी पीठ थपथपा चुका है। बची हुई शेष भर्ती प्रक्रिया में अब नए नियम अड़ा कर शोधार्थियों और शिक्षकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

## एमसीडी दरियागंज वार्ड में सौंदर्यीकरण कार्य निरंतर जारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिला के पास दरियागंज वार्ड में नागरिक सुविधाओं के उन्नयन एवं सड़कों की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से क्षेत्र में सौंदर्यीकरण कार्य तेज गति से जारी है। दिल्ली नगर निगम में मनोनीत पार्षद मनोज कुमार जैन यह जानकारी देते हुए बताया कि उनके फंड से स्ट्रीट लाइट पिलरों पर त्रिरंगा एलईडी स्ट्रिप लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। एलईडी स्ट्रिप्स के माध्यम से सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था मजबूत होगी, जिससे रात्रि के समय रास्ते अधिक सुरक्षित और दृश्य रूप से आकर्षक बन सकेंगे। साथ ही, भारतीय तिरंगे की रंग-व्यवस्था स्थानीय नागरिकों में देशभक्ति की भावना को भी प्रबल करेगी। निगम में मनोनीत पार्षद जैन ने बताया कि हमारा संकल्प है कि दरियागंज को बेहतर, सुरक्षित और सुंदर बनाया जाए। क्षेत्र के सौंदर्यीकरण व नागरिक सुविधाओं में निरंतर सुधार के लिए ऐसे कार्य आगे भी जारी रहेंगे। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत किया और क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे इन प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रुबीना, पत्नीः अहसान अली, पताः डी–108, दिलदार नगर, बस्ती, हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** ने **FIR No. 226/25, dated 01.08.2025, U/s 109(1)3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रुबीना** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रुबीना** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 226/25, dated 01.08.2025, U/s 109(1)3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** के अभियुक्त **रुबीना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.01.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – श्री मनुज कौशल**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–03**
**DP/16269/SE/2025** **कमरा नं. 512, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**


# लोक निवास में उपराज्यपाल व मुख्यमंत्री ने ली प्रदूषण पर उच्चस्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ सभी विभागों को निर्देश, किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं



दिल्ली के प्रदूषण नियंत्रण पर आज लोक निवास (राजनिवास) में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए कि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस बैठक की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किसी भी विभाग या संबंधित अधिकारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाए। हमने जिलों के डीएम को यह निर्देश दिए हैं कि वह स्वयं अपने क्षेत्र में सफाई व प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किए जा रहे उपायों व कार्यों का निरीक्षण करें।सभी दिल्ली नगर निगम, डीडीए, डीपीसीसी आदि विभागों को यह भी कहा गया कि वे लगातार समन्वित रूप से प्रयास करें ताकि प्रदूषण को और प्रभावी तरीके से लगातार नियंत्रण में रखा जा सके। इस बैठक में दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव राजीव वर्मा व संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में यह स्पष्ट निर्देश था कि राजधानी में धूल को हर हाल में नियंत्रित किया जाना जरूरी है। इसके लिए कई स्तर पर प्रयास चल रहे हैं। बैठक मे यह भी बात उभरी की धूल के साथ-साथ कूड़े-मलबे के कारण भी प्रदूषण फैल रहा है। इसके निदान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए कि वे सड़कों पर सफाई आदि के लिए अधिक मेहनत करें। डीडीए अधिकारियों को भी कहा गया कि वे राजधानी के विभिन्न इलाकों में खाली पड़ी अपनी भूमि से कूड़ा और मलबा पूरी तरह से हटाएं और यह भी सुनिश्चित करें कि वहां दोबारा से मलबा या कूड़ा न डाला जाए।


### उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदो के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82255012A | ऑर्थोपेडिक रोबोट फॉर स्पाइन सर्जरी (स्पेसिफिकेशन एज़ पर पीडीऍफ़ अटैच्ड) | 01 नग | 22.12.2025 |

**निविदा शर्तें** : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। **टेंडर नोटिस सं. 82255012A दिनांक: 03.12.2025** **3749/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



### DELHI TRANSCO LIMITED

(A GOVT. OF NCT OF DELHI UNDERTAKING)
PUBLIC RELATIONS DEPARTMENT
SHAKTI SADAN, KOTLA ROAD, NEW DELHI-110002,
TELE/FAX: NO. 23234761, WEBSITE: DTL.GOV.IN,
E-MAIL:PRODELHITRANSCO@YAHOO.COM

**NOTICE INVITING e-TENDERS**

Delhi Transco Ltd (A Government of NCT of Delhi Undertaking) invites online tenders, for the following work:

**Tender No.T25P090645:** Design, Engineering, Supply, Erection, Testing & Commissioning of 220kV and 33kV GIS transformer/reactor bays along with associated works at 220kV Sub Station Electric Lane & Trauma Centre (AIIMS) on turnkey basis.

For complete details of the tender please visit following websites :- https://govtprocurement.delhi.gov.in _ (Tender ID No. 2025_DTL_282272_1) and www.dtl.gov.in with Unique No. DTL-9796-041225.

**Last date for bid submission: 27.01.2026 at 1:30 p.m.**

All Corrigendum/Addendum/ Amendments/Date of Extension/Clarifications etc. to this e-tender will be hosted on the above website only. Bidders should regularly visit website to keep themselves updated. **(NIT T 25P0 90645)**



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **समीर उर्फ रिजवान, पुत्र निशार खान, निवासी मकान नंबर सी–112, गली नंबर 8, नूर-ए-इलाही, घोंडा, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 70/2019 भा.द.सं. की धारा 356/379/411/34 के तहत, थाना ज्योति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **समीर उर्फ रिजवान** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **समीर उर्फ रिजवान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 70/2019 भा.द.सं. की धारा 356/379/411/34 के तहत, थाना ज्योति नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **समीर उर्फ रिजवान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **12.01.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री राहुल सैनी**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-08, कमरा नं.जी-06, न्यू कोर्ट बिल्डिंग**
**DP/16250/NE/2025** **शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**


## अब 'edulife' वेबसाइट पूरी तरह दिल्ली नगर निगम के स्वामित्व में : योगेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और तकनीकी एकीकरण को मजबूत करते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गुरुवार को एमसीडी शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने घोषणा की कि शिक्षा विभाग की वेबसाइट '**edulife**' अब पूरी तरह से दिल्ली नगर निगम के आधिकारिक क्षेत्र में है। योगेश वर्मा ने कहा कि **edulife** प्लेटफ़ॉर्म पर अब किसी भी प्रकार का 'बाहरी हस्तक्षेप पूरी तरह समाप्त' हो गया है और यह अब '100 प्रतिशत एमसीडी के स्वामित्व और नियंत्रण' में है। उनके अनुसार, इस कदम से न केवल डेटा सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि स्कूलों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के लिए जानकारी तक पहुंच भी अधिक सरल और विश्वसनीय बनेगी। उन्होंने बताया कि **edulife** के निगम पोर्टल पर आने से एमसीडी के सभी स्कूलों से जुड़े रिकॉर्ड, उपस्थिति, परिणाम, शैक्षणिक गतिविधियाँ, अधोसंरचना विवरण तथा अन्य आवश्यक संसाधन अब एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध रहेंगे। अध्यक्ष योगेश वर्मा ने यह भी कहा कि यह कदम दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग की डिजिटल क्षमता को बढ़ाएगा और किसी भी तरह की तकनीकी निर्भरता या बाहरी नियंत्रण की संभावना अब समाप्त हो चुकी है। बता दें कि हाल ही में एमसीडी शिक्षा समिति में उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने भी इस संबंध में प्रेसवार्ता कर इसे निगम के अधिकार क्षेत्र में लाने की मांग की थी। नगर निगम के शिक्षकों ने भी इस कदम का स्वागत किया और कहा कि इससे स्कूलों के प्रबंधन और मॉनिटरिंग में और अधिक पारदर्शिता आएगी।

## टूटी सड़कों, गलियों एवं नालियों का किया जाए निर्माण : उपमहापौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सिविल लाइन जोन के वार्डों की टूटी सड़कों, गलियों एवं नालियों का निर्माण भी कार्य जल्द से जल्द आरम्भ किया जाए ताकि स्थानीय निवासियों को असुविधा न हो। दिल्ली के उप महापौर जय भगवान यादव ने बृहस्पतिवार को सिविल लाइन क्षेत्र के वार्ड नंबर 19, सरुप नगर का निरीक्षण करने के दौरान यह बात कही। इस अवसर पर सिविल लाइन क्षेत्र के उपायुक्त अंशुल सिरोही के साथ सभी संबंधित जोनल विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जय भगवान यादव ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार के सभी मंत्री एवं दिल्ली नगर निगम के पदाधिकारी फील्ड में उतरकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों की सुविधा के लिए हम कोई भी कसर नहीं छोड़ेंगे। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के आरडब्ल्युए के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। उप महापौर जय भगवान यादव ने निरीक्षण के दौरान सरुप नगर क्षेत्र के अंदर सुदृढ़ सफाई व्यवस्था के लिए अधिकारियों को त्वरित कूड़ा निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के अंदर बढ़ती बंदरों की समस्या का समाधान करने के भी निर्देश दिए।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सलमान उर्फ सलमी** पुत्र मौसम, निवासी मकान नं. ए–64, जनता कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 87 / 2017 धारा 392 / 34 भारतीय न्याय संहिता, थाना वेलकम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सलमान उर्फ सलमी** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सलमान उर्फ सलमी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 87 / 2017 धारा 392 / 34 भारतीय न्याय संहिता, थाना वेलकम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सलमान उर्फ सलमी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **07.01.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री दीपाक्षी राणा,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03,**
**कमरा नं. 19, प्रथम तल,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**
**DP/16306/NE/2025**



### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

**मु.न. 448 दिनांक 01.12.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना शहर गोहाना जिला सोनीपत।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - नीलम।
पति का नाम - मनोज कुमार।
पता - वासी उतम नगर गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र - 42 वर्ष।
कद 5 फुट।
हुलियाः रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, काले लबें बाल, काली आँखे, पतला शरीर है।
पहनावाः- गुलाबी रंग का सुट सलवार, लाल रंग का कोट व पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए हैं।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 30.11.2025 को नीलम पत्नी मनोज कुमार वासी उतम नगर गोहाना जिला सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कही चली गयी हैं। जो अब तक वापिस नही आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना शहर गोहाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना शहर गोहाना-7419410544**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0-9813216994**
**पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

**हस्ता/-अपराध**
**अभिलेखअधिकारी**
**कृते पुलिस उपायुक्त।,**
**मुख्यालय, सोनीपत**

पीआरडीएच-1084/11/4186/2026/40899/88/7 दि. 04.12.2025


# सांसद बांसुरी स्वराज को पितृ शोक नहीं रहे पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

देश के जाने माने वरिष्ठ अधिवक्ता एवं मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का बृहस्पतिवार दोपहर घर पर हृदय आघात आने से आकस्मिक निधन हो गया। स्वराज कौशल पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज के पति थे। उनकी पुत्री सांसद बांसुरी स्वराज एवं अन्य परिजन उनको एम्स अस्पताल लेकर गये पर सभी प्रयासों के बाद डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को अस्पताल से सांसद बांसुरी स्वराज के आवास 10 तालकटोरा रोड़ लाया गया और वहां से सभी अंतिम रस्में पूर्ण कर लोधी रोड़ श्मशान घाट ले जाया गया जहां उनकी पुत्री बांसुरी स्वराज ने सनातन रीति अनुसार सूर्यास्त से पहले अपने पिता स्वराज कौशल की चिता को अग्नि देकर अंतिम संस्कार पूरा किया। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार सांसद बांसुरी स्वराज के आवास पर पहुंच कर लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, गजेन्द्र शेखावत एवं किरण रिजूजू, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी एवं सांसद कमलजीत सहरावत, सुप्रिया शुले, निशिकांत दूबे, विपल देव, संगीता देवी, मालविका देवी, स्वाति मालीवाल आदि ने पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल के शव पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

लोधी रोड़ श्मशान घाट पर हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं एवं दिल्लीवासियों की उपस्थिति में शव को अग्नि के सुपुर्द किये जाने से पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली विधानसभाध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, राष्ट्रीय एवं दिल्ली प्रदेश भाजपा पदाधिकरियों, निगम पार्षदों, वरिष्ठ कानूनविदों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### देश ने एक कुशल अधिवक्ता को खो दिया : सचदेवा

दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शव पर पुष्प चक्र अर्पित कर कहा कि पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का निधन केवल सांसद बांसुरी स्वराज की निजी क्षति नहीं बल्कि उनके निधन से देश ने एक कुशल अधिवक्ता एवं स्टेटसमैन खो दिया है।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव धौज खण्ड फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में आईपीबी और साइट ड्रेन्स सहित रास्तों की पेवमेंट, वीएजीवाई। | 01.12.2025 08.12.2025 | 47.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0-9467905067 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव बैबलपुर खण्ड बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में ड्रेन्स और व्यर्थ जल के ट्रीटमेंट प्रक्रिया का निर्माण + 6 कार्य। | 01.12.2025 08.12.2025 | 205.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा फतेहाबाद | रतिया ब्रांच की सफाई + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.12.2025 | 58.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466751554 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | इमलोटा सब माइनर के आरडी 0 से 6150 तक की आंतरिक सफाई। | 03.12.2025 10.12.2025 | 0.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | रबी 2025-26 से पहले राजपुरा डिस्टी. के आरडी 0 से 44549 की आंतरिक सफाई + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.12.2025 | 33.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8571804626 xenrws@rediffmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | गांव तालाब जाहिदपुर तपा कोसली हेतु आरसीसी पाइप लाइन बिछाना (बनीवाला तालाब) भुरथला माइनर की टेल से ऑफटेकिंग + 8 कार्य। | 03.12.2025 12.12.2025 | 46.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 1. बड़े साइज की आइसलाइंड (200-300 लीटर की क्षमता वाले) रेफ्रीजरेटर्स की आपूर्ति, 2. छोटे साइज की आइसलाइंड (75-150 लीटर क्षमता वाले) रेफ्रीजरेटर्स की आपूर्ति। | 05.12.2025 19.12.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | बधवाना डिस्टी. के आरडी 42500 से 66600 तक की रिमॉडलिंग + 2 कार्य। | 26.11.2025 15.12.2025 | 3700.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1250297003 xenlwsdadri@gmail.com |
| 9 | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में कचरे को एकत्र करना और निपटान हेतु निविदा के लिए विज्ञापन प्रकाशित करने के सम्बन्ध में। | 05.12.2025 16.12.2025 | ईएमडी 70,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 10 | पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग हरियाणा | खरगोशों की आपूर्ति। | 18.11.2025 09.12.2025 | 35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468366353 dg.ahd@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : **www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच-11/2026/200/40906/I/88/7 दि. 04.12.25

### आईटीओ से शुरुआत, पूरी दिल्ली में मिस्ट स्प्रे सिस्टम की तैयारी

# प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन-भागीदारी जरूरी : रेखा गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जन-भागीदारी से ही प्रदूषण पर जल्द और स्थायी तरीके से नियंत्रण पाया जा सकता है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को आईटीओ पर स्थापित मिस्ट स्प्रे सिस्टम का निरीक्षण करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने सरकार की इसी प्रतिबद्धता के तहत अधिकारियों को सिस्टम की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने और इसे निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संचालित करने के निर्देश दिए। रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण के खिलाफ युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदूषण पैदा करने वाले किसी भी स्रोत या पहलू का प्रभावी समाधान निकाला जाए। मुख्यमंत्री के साथ इस निरीक्षण दौरे में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि लंबे समय से उठ रही वॉटर स्प्रिंकलर्स की मांग को ध्यान में रखते हुए कई प्रावधान किए गए हैं और एनडीएमसी क्षेत्र में मिस्ट स्प्रे सिस्टम का पायलट प्रयोगों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए अब दिल्ली की सभी सड़कों के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की जा रही है।

#### धूल व कूड़ा रहित बनाने की विस्तृत योजना तैयार

मुख्यमंत्री ने इस दौरान इस सिस्टम की बारीकी को समझा, प्रदूषण नियंत्रण में उसकी उपयोगिता की जानकारी ली और कहा कि दिल्ली की सभी सड़कों को स्थायी रूप से धूल व कूड़ा रहित बनाने की विस्तृत योजना तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण के खिलाफ युद्धस्तर पर कार्य कर रही है, जिसमें जनता की सक्रिय भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है।

#### सभी विभाग प्रदूषण को करें नियंत्रित

मुख्यमंत्री ने कहा कि आईटीओ में बिजली के खंभों पर इलेक्ट्रिक मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाया गया है और इसके प्रारंभिक परिणाम सकारात्मक हैं। फिलहाल नौ प्रमुख प्रदूषण हॉटस्पॉट के आसपास ऐसे मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाए जा रहे हैं, जहां प्रदूषण का स्तर सर्वाधिक दर्ज होता है। धीरे-धीरे इस व्यवस्था को पूरे शहर में विस्तारित किया जाएगा, ताकि अधिक प्रभावी और व्यापक परिणाम प्राप्त किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमसीडी, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी सहित सभी संबंधित एजेंसियों को प्रदूषण से जुड़े अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

#### एमसीडी 311 ऐप का उपयोग जरूर करें

मुख्यमंत्री ने नागरिकों से भी अपील की कि वे एमसीडी 311 ऐप का उपयोग जरूर करें। इसे नोडल प्लेटफॉर्म के रूप में अधिक सशक्त किया जा रहा है। यदि कहीं गड्ढा हो, धूल उड़ रही हो या प्रदूषण की गंभीर समस्या दिखाई दे, तो उसकी शिकायत ऐप पर दर्ज करें। सभी एजेंसियों को निर्देश है कि ऐसी शिकायतों का 72 घंटे के भीतर समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री के अनुसार राजधानी के विभिन्न नौ हॉटस्पॉट पर मिस्ट सिस्टम लगाने की प्रक्रिया जारी है और इसकी सफलता को देखते हुए इसे शीघ्र ही अन्य क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जाएगा।

### कोहरा बढ़ा सकता है परेशानी

## शीत लहर का आगाज, न्यूनतम पारा लुढ़ककर 5.6 डिग्री दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में शीतलहर का आगाज हो गया है, और आने वाले दिनों में यह हाड़ कंपकंपाने में कमी नहीं छोड़ेगी। गुरुवार सुबह एक बार फिर इस सीजन का सबसे कम न्यूनतम पारा लुढ़ककर 5.6 डिग्री दर्ज हुआ, जोकि सामान्य से 3.9 डिग्री नीचे है। जबकि सीजन का सबसे कम अधिकतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.2 डिग्री कम है। वहीं कोहरा भी धीरे धीरे ही सही लेकिन पैर पसारने लगा है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सुबह हल्का कोहरे के बीच न्यूनतम तापमान लुढ़ककर 5.6 डिग्री दर्ज हुआ। इसके अलावा दिल्ली पालम में 7.4 डिग्री, लोधी रोड में 6.0 डिग्री, रिज एरिया में 6.2 डिग्री, आया नगर में 6.6 डिग्री और मयूर विहार में 7.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि शुक्रवार को शीत लहर परेशान कर सकती है। अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में लगभग 1-2 की गिरावट आने की संभावना है। वहीं अगले 3 दिनों के दौरान इसमें लगभग 3-4 की बढ़ोतरी के आसार भी हो सकते है। जबकि अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में लगभग 2-3 की गिरावट आने की संभावना है। जानकारी अनुसार अगले चार पांच दिन के दौरान बारिश को लेकर कोई मौसमी सिस्टम बनता नजर नहीं आ रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में इन दिनों बर्फबारी हो रही है, जिसका असर अब दिल्ली एनसीआर जैसे मैदानी क्षेत्रों में कड़ाके की सर्दी पड़ने लगी है। दिन और रात, दोनों के तापमान में कमी से दिल्ली वालों को सर्दी परेशान कर रही है।

#### एक्यूआई में हुआ हल्का सुधार, स्मॉग सहित कई इलाकों में हालत अब भी बहुत खराब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कई दिनों बाद गुरुवार को वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) में हल्का सुधार देखने को मिला। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह 8 बजे दिल्ली का समग्र एक्यूआई 299 दर्ज किया गया। यह बीते दिन यानी 3 दिसंबर शाम 4 बजे दर्ज किए गए 342 एक्यूआई की तुलना में थोड़ा कम जरूर है। बावजूद इसके राजधानी के कई इलाकों में हवा की गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर बनी रही। इनमें सोनिया विहार में 302 , वजीरपुर में 323, पटपड़गंज में 309, आनंद विहार में एक्यूआई 318, अलीपुर में 284, बवाना में 343, बुराड़ी में 312, चांदनी चौक में 331, द्वारका में 324, आईटीओ में 304, जहांगीरपुरी में 342, रोहिणी में 343, विवेक विहार में 319, आरके पुरम में 343, नरेला में 302 और मुंडका में 340 दर्ज किया गया है। हालांकि नजफगढ़ में एक्यूआई 286, आईजीआई एयरपोर्ट टी-3 255, श्री अरबिंदो मार्ग 283, नॉर्थ कैंपस 281 एक्यूआई दर्ज हुआ। वहीं गुरुवार सुबह कई इलाकों में स्मॉग की चादर फैली रही। गाजीपुर और अक्षरधाम जैसे क्षेत्रों में सुबह-सुबह इतनी घनी धुंध छाई रही कि दृश्यता काफी कम हो गई। पर्यावरण वैज्ञानिक एस के शर्मा के अनुसार अभी दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण से राहत की उम्मीद करना बेमानी होगा। आने वाले करीब एक से डेढ़ महीने के दौरान एक्यूआई गंभीर स्तर से भी अधिक पहुंच सकता है। शर्मा का कहना है कि प्रदूषण कम करने के लिए बेशक सरकार कई कदम उठाने का दावा करती हो लेकिन कमी की गुंजाइश नहीं है। क्योंकि मौसम इस समय प्रदूषण को बढ़ाने में सहायक का कार्य कर रहा है।

### डीटीसी ने की द्वारका में सर्कल बस सेवा फिर शुरू करने की घोषणा

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) जल्द ही द्वारका क्षेत्र में एक बार फिर सर्कल बस सेवा की सुविधा देने जा रही है। इसकी तैयारियां जोरों पर है। जानकारी अनुसार लोगों का सफ़र आसान व सुविधापूर्ण बनाने के लिए डीटीसी ने यह फैसला लिया है। डीटीसी सर्कुलर सेवा डीडब्लुएस-22 डिपो को बेहतर कनेक्टिविटी और विस्तारित मार्ग के साथ पुनः शुरू किया जाएगा। यह सेवा लोगों की दैनिक यात्रा को पहले की तुलना में और अधिक सरल और सहज बनाएगी। डीटीसी का कहना है कि हमारा मकसद अधिक से अधिक लोगों तक बेहतर कनेक्टिविटी, सुरक्षित सफर व लास्ट माइल तक सेवा देने का है। वहीं इसके अलावा डीटीसी ने इसी कड़ी में, रूट पीएमएमलए स्पेशल (प्रधानमंत्री संग्रहालय से केंद्रीय सचिवालय) के रूट मार्ग में सुधार किया है। अब यह रूट साउथ एवेन्यू से होकर गुजरेगा, जिससे संबंधित यात्रियों को पहले से कहीं अधिक सुविधाजनक सफर मिलेगा।

## बकौली से अलीपुर मार्ग पर अव्यवस्था से परेशान हैं वाहन चालक

■ हर दिन जाम के चलते परेशान रहते हैं स्थानीय निवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा स्थित (एनएच-44) अलीपुर इलाके में बृहस्पतिवार को बकौली से अलीपुर थाने व डीएम ऑफिस की ओर जाने वाले मार्ग पर भारी यातायात जाम लग गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, महज़ पांच मिनट की दूरी तय करने में 45 मिनट से अधिक का समय लग गया। शाम के समय यह जाम इतना गंभीर हो गया कि इस मार्ग से जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बढ़ते शादी समारोह स्थलों और अवैध गोदामों से निकलने वाले भारी वाहनों की आवाजाही ने पूरे मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। दिन में कई बार बड़े कंटेनर, ट्रक और माल ढोने वाले वाहन सड़क को ब्लॉक कर देते हैं, जिसके चलते लोगों की आवाजाही घंटों प्रभावित रहती है। अलीपुर व आसपास के ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि क्षेत्र में एक समग्र ट्रैफिक सर्वे, ट्रैफिक पुलिस की स्थायी तैनाती और अवैध गोदामों पर तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

#### सिर्फ दावों में बेहतर है यातायात व्यवस्था

स्थानीय निवासियों ने सवाल उठाया कि सरकार और प्रशासन बेहतर यातायात प्रबंधन के बड़े-बड़े दावे तो करते हैं, लेकिन अलीपुर-बकौली जैसे महत्वपूर्ण मार्ग पर न तो अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस तैनाती होती है और न ही अवैध गतिविधियों पर कोई कार्रवाई। शादी समारोह स्थलों से निकलने वाले वाहन बेखौफ सड़क पर कब्ज़ा कर लेते हैं, जबकि गोदामों से भारी गाड़ियां बिना किसी समय-नियमन के निकलती रहती हैं।

#### जमीनी स्तर पर नहीं हो रहा है जाम की समस्या का समाधान

लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद ट्रैफिक पुलिस सिर्फ औपचारिक कार्रवाई का आश्वासन देती है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी रहती है। वहीं, अवैध गोदामों पर कार्रवाई के नाम पर प्रशासनिक विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने में ही उलझे रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस मार्ग पर सख्त ट्रैफिक प्रबंधन, भारी वाहनों की समयबद्ध आवाजाही, और अवैध गोदामों पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले महीनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

## डीएमआरसी अधिकारियों ने बनाया नया इतिहास, अंटार्टिका में शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने एक और इतिहास रच दिया है। डीएमआरसी के अधिकारियों ने अंटार्कटिका में शान से भारतीय तिरंगा फहराते हुए नया इतिहास रचा है। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार अंटार्कटिका में इतिहास रचने वाले अधिकारियों एजीएम ऑपरेशन डॉ. ऋषि राज और चीफ स्टेशन कंट्रोलर संजीव कुमार ने यह कारनामा नवंबर 2025 में किया। मेट्रो एडवेंचर क्लब की यह उपलब्धि डीएमआरसी के लिए नई ऊर्जा का संचार करने वाली साबित होगी। जानकारी अनुसार उनका यह अभियान डीएमआरसी के साहस, सस्टेनेबिलिटी और राष्ट्रीय गौरव के मुख्य मूल्यों को दिखाता है। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉक्टर विकास कुमार ने इस शानदार उपलब्धि के लिए दोनों अधिकारियों की तारीफ की है। ऐसे अधिकारी कर्मचारी संगठन के लिए सम्मान लाता है और देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करता है, देशभक्ति, क्लाइमेट अवेयरनेस और जिम्मेदारी से खोज को बढ़ावा देता है। जानकारी अनुसार डॉ. ऋषि राज शायद पहले भारतीय हैं जिन्होंने भारत के सभी सात महाद्वीपों और सभी 36 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा किया है। डीएमआरसी, मेट्रो एडवेंचर क्लब के कर्मचारियों को ऐसी एक्टिविटी के लिए बढ़ावा देता है और कर्मचारियों के लिए घूमने-फिरने, ट्रैकिंग एक्सपीडिशन वगैरह जैसे कई इवेंट्स आयोजित करता है।

## दिल्ली सरकार ने पीड़ित पत्नी को दी 10 लाख की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ यमुना नदी में फिसलकर गिरने से हुई थी मौत

दिल्ली के करावल नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित यमुना नदी के किनारे पर हुए एक दुखद हादसे में जान गंवाने वाले मृतक कुलदीप नैलवाल की पत्नी दीपा नैलवाल को बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार के विधि एवं न्याय मंत्री तथा करावल नगर के विधायक कपिल मिश्रा ने दिल्ली सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का चेक प्रदान किया। दिल्ली सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 अक्टूबर 2025 को कुलदीप नैलवाल का सोनिया विहार के यमुना नदी में फिसलकर गिर जाने के कारण दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से निधन हो गया था। पीड़िता दीपा नैलवाल को दिल्ली सचिवालय में चेक प्रदान करते हुए मंत्री कपिल मिश्रा ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि परिवार को किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। सरकार तथा स्थानीय प्रशासन पीड़ित परिवार के संपर्क में है और सभी आवश्यक मदद प्रदान की जा रही है।

इसके साथ ही मंत्री कपिल मिश्रा ने पीड़िता दीपा नैलवाल की नौकरी का जल्द इंतजाम करने और बेटी की शिक्षा की जिम्मेदारी स्वयं उठाने की बात कही। मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर परिवार को अतिरिक्त सहायता और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा ताकि वे इस कठिन परिस्थिति से उबर सकें। दिल्ली सरकार की तरफ से दी गई अनुग्रह राशि का चेक मिलने पर पीड़िता दीपा नैलवाल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री कपिल मिश्रा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुश्किल समय में यह सहायता राशि पूरे परिवार को आर्थिक और मानसिक संबल प्रदान करेगी।

### नवनियुक्त आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने ली शपथ क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहने का किया वादा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बुराड़ी विधानसभा अंतर्गत प्रधान एन्क्लेव परशुराम एन्क्लेव की आरडब्लूए के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने रविवार को शपथ। श्री बद्री विशाल मंदिर के प्रांगण में आयोजित सादे समारोह में वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष रहे महेन्द्र चन्द रजवार ने सभी पदाधिकारियों को संविधान स्वरूप शपथ दिलाई। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान राजकिशोर बडोला, महासचिव शिव कुमार पाल और कोषाध्यक्ष हरीश चन्द्र भट्ट को भारत के संविधान के तहत संप्रभुता की रक्षा व सबके साथ सबके विकास व सबके सम्मान व विश्वास की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जन कल्याण समिति के सदस्यों सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर प्रधान राजकिशोर बडोला सहित सभी पदाधिकारियों ने कॉलोनी के बिना भेदभाव विकास, आपसी चारे व सुरक्षा के लिए तन, मन, धन से कार्य करने का वादा किया। सभी ने पूर्व प्रधान रजवार के कार्यकाल की मुक्त कंठ से सराहना की और भविष्य में भी उनसे सहयोग की उम्मीद जताई। अपने संबोधन में रजवार ने कहा कि प्रधान कॉलोनी की लगातार दो बार सेवा करते हुए सभी पदाधिकारियों व क्षेत्र की जनता का भरपूर सहयोग मिला। समय समय पर कई बार आलोचना भी हुई, लेकिन उससे कार्य करने का आत्मबल प्राप्त हुआ। रजवार ने कहा कि नई टीम में भी सभी अनुभवी व जिम्मेदार व्यक्ति शामिल है। हमें उम्मीद है कि क्षेत्र के विकास के लिए पूर्व की भांति प्रयास जारी रहेंगे, जहां भी मेरी जरूरत होगी में साथ रहुंगा। उन्होंने बताया कि शेष नियुक्त पदाधिकारियों को जल्द ही शपथ कराई जाएगी।

## दिल्ली में लगातार बढ़ते कैंसर के मामले चिंता का विषय, सरकार स्वास्थ्य सेवा पर दे ध्यानः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए सरकर पर निशाना साधा है। यादव ने इंडियन कौंसिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च-नेशनल (आईसीएमआर) कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के अंतर्गत जारी रिपोर्ट में दिल्ली में कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह बेहद गंभीर विषय है जो दिल्ली में बिगड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था का खुलासा करता है। इसलिए सरकार को इस गंभीर मुददे पर गंभीरता से व तुरंत ध्यान देना चाहिए। यादव ने कहा कि दिल्ली में सरकार की लापरवाही की वजह से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों की नकली दवाएं खुले तौर पर बिकती हैं,जिसके कारण लोगों को इन बीमारियों से इलाज की जगह मौत मिल रही है। आईसीएमआर के नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के कैंसर के बढ़ते मामलों के जारी आंकड़े हैरान करने वाले है। दिल्ली में बढ़ते कैंसर के मामले डराने वाले है, हर वर्ष यह संख्या बढ़ती जा रही है। वर्ष 2024 में 28387 कैंसर के मामले सामने आए है और वर्ष 2023 में जहां यह आंकड़ा 27561 था वही 2022 में कैंसर के मरीज 26735 थे। उन्होंने कहा कि कैंसर एक ऐसा दहशत का शब्द है जिसको यह हो जाए वह सुनते ही अपनी जिंदगी का अंत मान लेता है। लेकिन दिल्ली की पिछली आम आदमी पार्टी सरकार और मौजूदा भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार अस्पतालों में कैंसर के इलाज के लिए आधुनिक सुविधा स्पेशलिस्ट अस्पताल तक नहीं हैं जो की चिंता का विषय है। यादव ने कहा कि देश में कैंसर के मामले डराने वाले है, क्योंकि 2024 में 15.33 लाख से अधिक मामले दर्ज हुए है। जबकि राजधानी दिल्ली में 28,387 मामले सामने आए, जो जनसंख्या घनत्व के मुताबिक देश भर के राज्यों के अनुपात में सबसे अधिक है। कैंसर विशेषज्ञ ने चेतावनी देते हुए बताया कि कैंसर के लिए जीवनशैली से जुड़े कारकों के साथ राजधानी में जहरीली हवा, तनाव, उड़ते धूल कण और प्रदूषण भी मुख्य तौर पर जिम्मेदार है। देर से पता लगने के कारण शहर में कैंसर के मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आंकड़ों की माने तो दिल्ली में 0-74 वर्ष आयु वर्ग के प्रत्येक 6 पुरुषों में से एक और प्रत्येक 7 महिलाओं में से एक को अपने जीवन काल में कैंसर हो सकता है। जबकि पुरुष 58 वर्ष और महिलाओं के लिए 55 वर्ष की आयु कैंसर के निदान के औसत आयु बताई गई है। दिल्ली सरकार की नाकामी के कारण 400 पार एक्यूआई के साथ खतरनाक प्रदूषण और खराब वातावरण के कारण राजधानी में कैंसर के मामले अधिक हो रहे है, जिसके लिए सीधे तौर पर दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार जिम्मेदार है।

### केबिनेट मंत्री ने सफाई निरीक्षक और कर्मियों को लगाई कड़ी फटकार

# सफाई व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगीः सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के हरि नगर विधानसभा के वार्ड संख्या 99 में पीली कोठी के पास, जेजे क्लस्टर के सामने निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था उचित नहीं मिलने पर शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने एमसीडी के सफाई निरीक्षक और सफाई कर्मियों को कड़ी फटकार लगाई। इस दौरान मंत्री ने कहा कि कूड़ा उठाने काम में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अन्यथा उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के बाद सूद ने बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री, दिल्ली के सभी मंत्री और विधायक दिल्ली भर में नियमित रूप से ऐसे स्थानों का दौरा कर निरीक्षण रहे हैं जहां पर साफ सफाई, कूड़ा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। ताकि कचरा समय पर उठे, नागरिकों को होने वाली असुविधा कम हो और क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था बेहतर हो। उन्होंने कहा कि दिल्ली को साफ, स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल बनाना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है। हम चाहते हैं कि जीवीपी पर ऐसी सुविधाएं विकसित हों जिससे कचरा फेंकने, इकट्ठा होने और स्त्रोत्र पर ही कूड़े के अलगाव की सुविधा हो सके। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने हरि नगर विधानसभा के वार्ड संख्या 99 में विभिन्न गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स (जीवीपी) जैसे एफसीटीएस प्वाइंट, सब्ज़ी मंडी के पास, नांगल राया, मंगल पांडे मार्ग, माया एन्क्लेव के सामने, पीली कोठी के पास, जेजे क्लस्टर का निरीक्षण किया।



#### दिल्ली सरकार का फोकस समाधान पर

मंत्री सूद ने कहा कि अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार का फोकस टकराव नहीं बल्कि समन्वय और समाधान पर है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की तरह अब नगर निगम और राज्य सरकार के बीच लड़ाई नहीं बल्कि सहयोग की संस्कृति है। शहरी विकास विभाग आवश्यकता पड़ने पर नगर निगम को आर्थिक सहायता और संसाधन उपलब्ध कराने में पूर्ण सहयोग देगा।

#### दिल्ली को आधुनिक बनाने के लिए कार्य कर रही सरकार

मंत्री सूद ने वहां उपस्थित सभी अधिकारी और कर्मियों को कहा कि वह 10 दिन बाद पुनः इन सभी स्थानों का निरीक्षण कर साफ सफाई आदि को देखने आएंगे। उन्होंने स्थानीय निवासियों को आश्वस्त किया कि दिल्ली सरकार दिल्ली को स्वच्छ, स्वस्थ, सुविधाजनक और आधुनिक बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है और इस मिशन में दिल्ली के सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं। हम दिल्ली के नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## खबर संक्षेप

### माँ को हार्ट ट्रांसप्लांट से मिला नया जीवन



**गुरुग्राम।** एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका, दिल्ली के डॉक्टरों ने हरियाणा की एक 54 वर्षीय महिला का हार्ट ट्रांसप्लांट कर एक नई जिंदगी प्रदान की है। महिला के हृदय ने काम करना बंद कर दिया था। वो सालों से कार्डियेक डिस्फंक्शन के कारण जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रही थीं। सर्वोत्तम मेडिकल थेरेपी और आधुनिक प्रक्रियाओं से भी उन्हें मदद नहीं मिल पा रही थी।

### ऑल इंडिया लॉयर फोरम ने किया सुंदरकांड



**फरीदाबाद।** आल इंडिया लॉयर फोरम द्वारा जिला न्यायालय में विकास वर्मा ने अधिवक्ता दिवस के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम जिला बार एसोसिएशन के साथ मिलकर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप गर्ग सहित अन्य न्यायाधीशगण, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश बैंसला के साथ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### मोदीनगर में जैवेलर की सरेआम हत्या,पुत्र घायल



**गाजियाबाद।** मोदीनगर क्षेत्र में गुरुवार की सुबह बदमाशों ने सनसनीखेज तरीके से एक जैवेलर की हत्या कर दी। उसका बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गया। हमले के बाद आरोपी मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने पीछा कर उसे दबोचा लिया। भीड़ ने उसके पास से धारदार हथियार व तमंचा बरामद कर लिया है।
पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

### एनएचपीसी यूटर्न पर कार में लगी आग



**फरीदाबाद।** दिल्ली-मथुरा हाईवे के एनएचपीसी यूटर्न पर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक आई-20 कार में अचानक शॉर्ट सर्किट के चलते आग भड़क उठी। ड्राइवर की सूझबूझ , फायर ब्रिगेड की कार्रवाई ने बड़ा हादसा होने से बचा लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस ने व्यवस्था को नियंत्रित किया। जानकारी के अनुसार कार ड्राइवर संजय दिल्ली से फरीदाबाद की ओर आ रहा था। कार एनएचपीसी यूटर्न लिया कि कार के फ्रंट हिस्से से अचानक धुआं निकलना शुरू हो गया।

---

शिकायत पर एसीपी स्तर के अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवती को रेस्क्यू कर लिया। युवती को शेल्टर होम भेजते हुए युवती के पिता नरेश कटारिया और उसकी मां राजबाला कटारिया के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शादी के लिए युवती को बनाया बंधक, पुलिस ने रेस्क्यू कर सेफ हाउस पहुंचाया, मां और पिता पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

जिस घर में आज शहनाई बजनी थी उस घर में दुल्हन ने पुलिस के सायरन बजवा दिए। दुल्हन ने अपने ही पार्षद पिता और मां के खिलाफ जबरन शादी करवाने और घर पर बंधक बनाने की शिकायत पुलिस को ईमेल कर दी। इस शिकायत पर एसीपी स्तर के अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवती को रेस्क्यू कर लिया। युवती को शेल्टर होम भेजते हुए युवती के पिता नरेश कटारिया और उसकी मां राजबाला कटारिया के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



#### सीएम, पुलिस आयुक्त और महिला आयोग को मेल भेजकर जानकारी दी

पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-9 की रहने वाली युवती नेहा कटारिया की चार दिसंबर को शादी होनी थी। लेकिन शादी से एक दिन पहले उसने हरियाणा के मुख्यमंत्री, नायब सिंह सैनी, गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त और महिला आयोग को मेल भेजकर घर में बंधक बनाने और जबदस्ती शादी कराए जाने के बारे में जानकारी दी। ईमेल के जरिए भेजी शिकायत में कहा कि वह 28 साल की है और वह अभिषेक नामक युवक से पिछले 15 साल से प्यार करती है। उसके माता-पिता ने उसकी शादी उसकी मर्जी के खिलाफ दौलताबाद के रहने वाले एक युवक से तय कर दी। लडक़ी ने आरोप लगाया कि उसने अपने मां-बाप को शादी करने से इंकार कर दिया, लेकिन उन्होंने जबरन उसकी शादी चार दिसंबर को तय कर दी।

#### मोबाइल भी छीन लिया

विरोध किया तो उसके पिता नरेश कटारिया और मां राजबाला ने उसे बंधक लिया और उसे कई दिनों से घर में कैद रखा गया। वहीं उसका मोबाइल भी छीन लिया। युवती ने पुलिस को बताया कि उसने एमबीए, बीएड और एमएड की पढ़ाई की है। उसकी शादी उसकी मर्जी के खिलाफ कराई जा रही है। इस शिकायत पर पुलिस हरकत में आ गई और युवती के घर पुलिस बल पहुंच गया।

---

सारी संपत्ति सील कर देने की धमकी भी दी

# एंटी टेररिस्ट स्क्वायड अधिकारी बताकर बुजुर्ग से 2.10 लाख हड़पे

एक रिटायर्ड बुजुर्ग का मामला सामने आया है। जिनके साथ ठगों ने आतंकवाद का नाम जोड़कर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। ठगों ने फोन पर खुद को एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) चंडीगढ़ का अधिकारी बताते हुए बुजुर्ग पर 26/11 मुंबई हमले के आतंकी अजमल कसाब के संपर्क में रहने और हवाला के जरिए लेन-देन करने का आरोप लगाया। गिरफ्तार करने का डर दिखाकर बुजुर्ग से 2 लाख 10 हजार रुपए ठग लिए गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिले में साइबर ठगी का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। ठग अब लोगों को डराने, धमकाने और सरकारी विभागों का अधिकारी बनकर अलग-अलग तरीके अपनाकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। कभी गैस या बिजली कनेक्शन काटने का डर दिखाया जाता है, तो कभी डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की जाती है।

ग्रीन फील्ड कॉलोनी के एक रिटायर्ड बुजुर्ग का मामला सामने आया है। जिनके साथ ठगों ने आतंकवाद का नाम जोड़कर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। ठगों ने फोन पर खुद को एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) चंडीगढ़ का अधिकारी बताते हुए बुजुर्ग पर 26/11 मुंबई हमले के आतंकी अजमल कसाब के संपर्क में रहने और हवाला के जरिए लेन-देन करने का आरोप लगाया। गिरफ्तार करने का डर दिखाकर बुजुर्ग से 2 लाख 10 हजार रुपए ठग लिए गए।

#### डर के कारण बुजुर्ग ने दी जानकारी

धमकी और गिरफ्तारी के डर से बुजुर्ग घबरा गए। उन्होंने अपने बैंक खातों में जमा राशि और अपनी संपत्ति से संबंधित सभी जानकारी ठगों को दे दी। इसके बाद ठग ने कहा कि




वे उन्हें अपने वरिष्ठ अधिकारी से बात करवाएंगे, जो इस मामले को क्लियर कर सकता है। कुछ देर बाद बुजुर्ग को वॉट्सऐप कॉल आया। दूसरी तरफ बैठा व्यक्ति खुद को एटीएस का वरिष्ठ अधिकारी बता रहा था। उसने बुजुर्ग से कहा कि यदि वह अपने बैंक खाते में मौजूद राशि को उनके बताए खाते में भेज देंगे, तो उनका नाम आतंकवाद से जुड़े इस केस से हटा दिया जाएगा। गिरफ्तारी के डर से बुजुर्ग ने ठगों की बात मान ली और 18 नवंबर को बैंक जाकर आरटीजीएस के माध्यम से 2 लाख 10 हजार रुपए ठगों के खाते में ट्रांसफर कर दिए।

#### हवाला केस से बचना है तो कैश दीजिए

पैसे जाने के बाद भी ठगों ने राहत नहीं दी। उन्होंने बुजुर्ग को दोबारा कॉल कर बताया कि उनके खाते में हवाला के माध्यम से लेन-देन पाया गया है, इसलिए उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने 1 लाख रुपए और देने की मांग की। यहीं से बुजुर्ग को शक हुआ और उन्होंने मामले की जानकारी अपने एक रिश्तेदार को दी। रिश्तेदार ने तुरंत बताया कि यह एक साइबर फ्रॉड का मामला है और उन्हें कोई पैसा नहीं देना चाहिए। इसके बाद बुजुर्ग ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल कर घटना की जानकारी दी। उनकी शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ठगों की पहचान नहीं हो पाई है।

#### अपना नाम रणजीत कुमार बता किया फोन

पीड़ित बुजुर्ग के अनुसार 17 नवंबर को वह घर पर आराम कर रहे थे, तभी उनके मोबाइल पर अचानक फोन आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम रणजीत कुमार बताया और कहा कि वह एटीएस चंडीगढ़ से बोल रहा है। उसने दावा किया कि एटीएस का काम देशभर में आतंकी गतिविधियों की निगरानी और जांच करना है और इस समय उनके सामने एक बड़ा मामला आया हैए जिसमें बुजुर्ग का नाम जुड़ा हुआ है। फोन करने वाले ने कहा कि 2008 में हुए मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड अजमल कसाब से जुड़ी जांच में बुजुर्ग की कुछ जानकारी सामने आई है, जिससे शक होता है कि उनका उससे संबंध था। कॉल करने वाले ने धमकी दी कि यदि उन्होंने तुरंत अपनी प्रॉपर्टी और बैंक अकाउंट की जानकारी नहीं दी, तो उनकी सारी संपत्ति सील कर दी जाएगी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

---

अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग में सुनवाई

# अल फलाह यूनिवर्सिटी का माइनॉरिटी कोटा खतरे में




आयोग ने यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार, शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को सुनवाई में उपस्थित होने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अल फलाह यूनिवर्सिटी के माइनॉरिटी कोटा को लेकर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग दिल्ली में सुनवाई होगी। अल फलाह यूनिवर्सिटी के माइनॉरिटी कोटा को लेकर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग दिल्ली में सुनवाई हुई।

दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी मॉड्यूल का सेंटर पॉइंट बनी फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी का माइनॉरिटी कोटा खतरें में है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग में इसकी सुनवाई 4 दिसंबर को दिल्ली मुख्यालय में हुई।

#### 24 नवंबर को जारी किया था नोटिस

आयोग ने 24 नवंबर को यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी किया था। नोटिस में पूछा गया है कि जब उसके डॉक्टरों की दिल्ली में 10 नवंबर को हुए विस्फोट में भूमिका को लेकर जांच चल रही है, जिसमें 15 लोग मारे गए थे, तो ऐसे में उसका अल्पसंख्यक दर्जा क्यों न रद्द कर दिया जाए।

#### मान्यता संबंधी बयानों पर स्पष्टीकरण मांगा था

नोटिस राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा 12 नवंबर को जारी उस पत्र के बाद आया है, जिसमें यूनिवर्सिटी द्वारा दिए गए मान्यता संबंधी बयानों पर स्पष्टीकरण मांगा गया था। आयोग ने यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार और हरियाणा शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को सुनवाई में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

---

केमिकल की दो दुकानें सील

# आतंकी मुजम्मिल और शाहीन ने यहीं से खरीदा था हाइड्रोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिले में आतंकी डॉक्टर मुजम्मिल और शाहीन शहीद और अल फलाह यूनिवर्सिटी के मामले में एनआईटी के नेहरू ग्राउंड स्थित केमिकल की दो दुकानों को सील किया गया। इस दौरान एसडीएम बडख़ल त्रिलोकचंद और कोतवाली एसएचओ श्रीभगवान मौजूद रहे। बता दें कि इन दोनों दुकानों से ही आतंकी डॉक्टर मुजम्मिल और डॉ. शाहीन ने विस्फोट में इस्तेमाल के लिए हाइड्रोजन केमिकल खरीदा था। आतंकियों के पकड़े जाने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने फरीदाबाद एनआईटी नेहरू ग्राउंड में केमिकल की दुकान पर छापेमारी की थी। छापेमारी में यहां से सेल आउट किए गए केमिकल का रिकार्ड चैक किया गया था। वहीं पुलिस सूत्रों का कहना था कि यह आथोरिटी डीलर है। कैमिकल दुकान के मालिक का नाम लाल बाबू है। जिसके यहां से कालेजों और यूनिवर्सिटी सहित अस्पातल की लैब में केमिकल सप्लाई किया जाता था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी के पास जानकारी थी कि डॉ. मुजम्मिल ने यहीं से केमिकल खरीदा था, जबकि दुकानदार ने आतंकी को पहचानने से इनकार कर दिया था।

---

लोधी राजपूत जनकल्याण समिति ने 132वां जन्मदिन मनाया

# संत स्वामी ब्रह्मानंद को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग उठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



लोधी राजपूत जन कल्याण समिति ने डबुआ कालोनी में परम श्रद्धेय, स्वतंत्रता सेनानी, प्रथम भगवाधारी सन्यासी सांसद, गौरक्षक, मानव रत्न, शिक्षा के सागर, बुन्देलखण्ड के मालवीय स्वामी ब्रह्मानन्द जी का 132वां जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वामी ब्रह्मानंद के चित्र पर सचिन तंवर, सुरेश चन्द पाठक, लाखनसिंह लोधी, रूपसिंह लोधी, धर्मपाल सिंह लोधी, नन्दकिशोर लोधी, स्वामी वीरभद्र, सुदर्शन कुमार, दीपक यादव, संजीव कुमार लोधी, शीशपाल शास्त्री, दिनेश राघव, अजब सिंह लोधी, शिशुपाल सिंह लोधी, देवी सिंह लोधी पुष्प अर्पित कर नमन किया। मौके पर लोधी राजपूत जनकल्याण समिति ने केन्द्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार व हरियाणा सरकार से आग्रह किया कि स्वामी ब्रह्मानन्द जी के नाम से किसी महाविद्यालय, शिक्षण संस्थान का नामकरण किया जाए साथ ही ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी संत के लिए भारत रत्न से सभी सम्मानित करें। समिति संस्थापक, महासचिव लाखन सिंह लोधी ने स्वामी जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वामी ब्रह्मानन्द जी का जन्म 4 दिसम्बर 1894 में हमीरपुर राठ के बलहरा ग्राम में हुआ था।

---

# प्रतिदिन 50 श्वान की क्षमता का होगा तीसरा एबीसी सेंटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम सीमा अंतर्गत तीसरा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का जनवरी में शुभारंभ होगा। जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. एके सिंह बताया गया सिद्धार्थ विहार में बन रहे तीसरी एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर की लागत लगभग 2 करोड़ 45 लाख है, जिसका क्षेत्रफल 299.45 स्क्वायर मीटर है, प्रतिदिन 50 श्वान बध्याकरण की क्षमता वाला तीसरा एबीसी सेंटर होगा । जनवरी के अंतिम सप्ताह में नगर निगम द्वारा तीसरे एबीसी केंद्र की शुरुआत की जाएगी वर्तमान में बिल्डिंग बन चुकी है जिसमें आवश्यकता को देखते हुए इलेक्ट्रिक तथा प्लंबिंग का कार्य जारी है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा संख्या: 33-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26** **दिनांक : 04.12.2025**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | टीआरडी दिल्ली डिवीजन पर ट्रैक के संबंध में महत्वपूर्ण इम्प्लांटेशन वाले OHE स्ट्रक्चर का विस्तार और रेट्रो–रिफ्लेक्टिव टाइप नंबर प्लेट के साथ क्षतिग्रस्त/गायब /फीकी लोकेशन नंबर प्लेटों को बदलना और क्षतिग्रस्त/गायब बॉन्ड को बदलना। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 5,52,82,686.49/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 4,26,400/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 15.12.2025 (10:30 बजे) से 29.12.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 29.12.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

3753/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर /उत्तर रेलवे; ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS साइट (www.ireps.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

**निविदा संख्या:** 258997TSDSSB

**कार्य का विवरण:** ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती में वंदे भारत रेकों के कोचों में तीन वर्ष की अवधि के लिए विनाइल रैपिंग और विनाइल साइनज की आपूर्ति, लागू करने एवं पुनर्स्थापना का प्रावधान।

**अनुमानित लागत:** ₹1,36,73,784.96/- (GST सहित)

**बयाना राशि:** ₹2,18,400.00/-

**कार्य अवधि:** 36 माह

**निविदा खुलने की तिथि, समय:** 24.12.2025, 16:00 बजे

**निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइट:** उपरोक्त निविदा IREPS साइट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in दिनांक 02.12.2025, 18:57 बजे से प्रभावी है।

**सं.: 258997TSDSSB दिनांक: 04.12.2025** 3757/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**हरियाणा लोक सेवा आयोग**

**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

**विषय: असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) के पदों हेतु विषय ज्ञान परीक्षा उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा में संस्कृत विषय में (विज्ञा. सं. 65/2024) और सहायक प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा में होम साइंस में (विज्ञा. सं. 54/2024)।**

नीचे वर्णित पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में संस्कृत विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 65/2024 | 04.12.2025 पूर्वा. 10:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक |
| 2. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में होम साइंस विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 54/2024 | |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 08.12.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षाओं हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में बैठने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 04.12.2025

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद-1156/13/366/2026/40879/88/7 दि. 04.12.25



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय, पुत्र श्री हुकम चंद निवासी मकान संख्या 631, गली संख्या 4, पंचायत भवन के पास आर्य नगर बहादुरगढ़, झज्जर (हरियाणा)** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 709/2024 धारा 74/75/76/64(1)/329(3)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **विजय** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **विजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 709/2024 धारा 74/75/76/64(1)/329(3)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **17.01.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री भारती बेनीवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, (उत्तर), कोर्ट**
**कमरा नं.114, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/16234/ON/2025**



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रितिक उर्फ पेल्लू, पुत्र:** प्रवीण कुमार, **पता:** के-83 के ब्लॉक जेजे कॉलोनी वजीरपुर दिल्ली, ने **FIR No. 552/25 U/s 109(1)/351(3)/3(5)BNS थाना: भरत नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रितिक उर्फ पेल्लू,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रितिक उर्फ पेल्लू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 552/25 U/s 109(1)/351(3)/3 (5)BNS थाना: भरत नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रितिक उर्फ पेल्लू,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्रीमती अनुराधा जिंदल,**
**एसीजेएम, न्यायालय संख्या 101,**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/16229/NW/2025**
**(Court Matter)**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सद्दाम हुसैन** पुत्र नसरुद्दीन निवासी आई-1141, मंगोलपुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 78/2019 धारा 25, शस्त्र अधिनियम, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सद्दाम हुसैन** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सद्दाम हुसैन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 78/2019 धारा 25, शस्त्र अधिनियम, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सद्दाम हुसैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.02.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार सुश्री रितिका जैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, (उत्तर पश्चिम)**
**कोर्ट नं. 105,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/16242/OD/2025**

## हमने खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी-तहसीलदार का नौकरी दी

सीएम ने विजेता यूपी व उपविजेता पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यूपी की टीम इसलिए विजयी हुई, क्योंकि हमने गारंटी दे दी है कि जो भी खिलाड़ी ओलंपिक, एशियन, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियन में मेडल लेकर आएगा, उसे सीधे सरकारी नौकरी उपलब्ध कराएंगे। खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी, तहसीलदार व अलग-अलग विभागों में अन्य महत्वपूर्ण स्थान भी दिए गए हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले- हर बच्चा खेलेगा तभी खिलेगा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नौजवानों का आह्वान किया और कहा कि पीएम मोदी ने देश के हर नौजवान से अपेक्षा की है कि वह किसी न किसी खेल के साथ अवश्य जुड़े, क्योंकि खेलोगे तो खिलोगे। सीएम ने कबड्डी का जिक्र करते हुए कहा कि इस खेल में स्फूर्ति और व्यक्ति के मन में टीम भावना के साथ कार्य करने का जज्बा भी है। हर खेल व खेल संस्कृति टीम वर्क के रूप में कार्य करने की प्रेरणा देती है। भारत के अंदर प्राचीन काल से ही खेल व खेलकूद की प्रतियोगिताओं के प्रति व्यापक जागरूकता रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रीजनल स्टेडियम में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज सप्तम अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता-2025 के विजेताओं को पुरस्कृत किया।



### जब व्यक्ति शारीरिक फिटनेस पर ध्यान देगा तो काया निरोगी होगी

सीएम योगी ने कहा कि धर्म के जितने भी साधन हैं, उन सभी की पूर्ति स्वस्थ शरीर से ही संभव है। स्वस्थ शरीर, निरोगी काया तभी प्राप्त हो सकती है, जब व्यक्ति शारीरिक फिटनेस पर ध्यान दे। उन्होंने कहा कि 11 वर्ष में सभी ने बदलते हुए भारत और पीएम मोदी की प्रेरणा से खेल व खेल संस्कृति के प्रति आम भारतीयों के मन में जो भाव पैदा हुए हैं, उसे मूर्त रूप लेते हुए देखा है। मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर खेल विश्वविद्यालय बन रहा है। इस वर्ष से पहला सत्र प्रारंभ भी हो चुका है। स्टेडियम, इनडोर स्टेडियम, विश्वविद्यालय भवन समेत अन्य बुनियादी सुविधाएं ओलंपिक, एशियन और कॉमनवेल्थ गेम्स के स्टैंडर्ड को ध्यान में रखकर विकसित की जा रही हैं। 2030 का कॉमनवेल्थ गेम्स भारत के अहमदाबाद में होने जा रहा है।

### सीएम ने विजेता उत्तर प्रदेश की टीम को दी बधाई

सीएम ने विजेता उत्तर प्रदेश व उपविजेता पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यूपी की टीम इसलिए विजयी हुई, क्योंकि हमने गारंटी दे दी है कि जो भी खिलाड़ी ओलंपिक, एशियन, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियन में मेडल लेकर आएगा, उसे सीधे सरकारी नौकरी उपलब्ध कराएंगे। खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी, तहसीलदार व अलग-अलग विभागों में अन्य महत्वपूर्ण स्थान भी दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### विस सत्र बीच में छोड़ ट्रिप पर यूरोप गए तेजस्वी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में आरजेडीकी करारी शिकस्त के बाद पार्टी के नेता तेजस्वी यादव अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ यूरोप



की निजी यात्रा पर रवाना हो गए। विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान मुखर रहने वाले तेजस्वी का नतीजों के बाद पब्लिक लाइफ से गायब हो जाना, राजनीतिक हलकों में बड़ी बहस का मुद्दा बन गया। वे शीतकालीन सत्र के पहले दो दिन ही सदन में मौजूद रहे। विपक्ष के नेता चुने जाने के बावजूद सेशन की कार्यवाही से उन्होंने दूरी बना ली।

### धनबाद में जहरीली गैस का रिसाव, 1 की मौत

**धनबाद।** जिले में हुई जहरीली गैस के रिसाव की घटना में एक महिला की मौत होने व 10 से ज्यादा लोगों



के बीमार पड़ने की खबरें हैं। जिसके बाद प्रशासन ने 1,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट करने का फैसला लिया है। अधिकारियों ने बताया कि गैस रिसाव की यह घटना जिले की केंदुआडीह बस्ती में सामने आई, जहां बड़े पैमाने पर भूमिगत कोयला खदानें मौजूद हैं।

## इनाम पर अलग-अलग थानों में दर्ज हैं 41 मामले

# गैंगस्टर इनाम धुरी की 6 करोड़ की अवैध संपत्ति प्रशासन ने किया कुर्क

कैराना में डीएम के आदेश पर गैंगस्टर इनाम धुरी की छह करोड़ की अवैध संपत्ति कुर्क की गई। इसमें मकान, मार्केट, प्लाट और पत्नी के बैंक खाते में जमा राशि शामिल है। इनाम धुरी पर लूट और रंगदारी जैसे 41 आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसडीएम ने बताया कि कुर्क संपत्ति के प्रशासक उपजिलाधिकारी होंगे और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

एजेंसी ▶▶ शामली

कैराना में डीएम के आदेशानुसार अवैध रूप से धन अर्जित कर गैंगस्टर इनाम धुरी द्वारा अर्जित की 6 करोड़ की संपत्ति को कुर्क किया गया है। कुर्क संपत्ति में मकान, मार्किट व प्लाट सहित पत्नी के बैंक खाता में जमा लगभग नौ लाख रुपये की नगदी को कुर्क कर लिया गया है। एएसपी, एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में मौके पर पुलिस प्रशासन की टीम ने नोटिस बोर्ड भी लगवाया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। गैंगस्टर के खिलाफ लूट, रंगदारी आदि आपराधिक मामलों में लगभग चालीस मुकदमे दर्ज हैं।

एएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट अरविंद चौहान के आदेशानुसार कैराना कोतवाली मुहल्ला आलकलां एवं हाल निवासी आर्यपुरी इनाम उर्फ धुरी के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत कोतवाली पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

**खास बातें**

- मकान, प्लॉट और बैंक बैलेंस भी जब्त, टीम ने कई घंटों तक की कार्रवाई
- पुलिस की अपराधियों पर लगातार कार्रवाई



### कार्रवाई के दौरान ढोल नगाड़ों से मुनादी कराई गई

वहीं, कुर्क संपति को खुर्द-बुर्द या कब्जा करने पर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कार्रवाई के दौरान ढोल नगाड़ों से मुनादी कराई गई। इस दौरान सीओ हेमंत कुमार, तहसीलदार अर्जुन सिंह, कोतवाली प्रभारी कैराना समयपाल अत्री, कांधला थाना प्रभारी सतीश कुमार आदि पुलिस व राजस्व की टीम मौजूद रही।

### अवैध रूप से धन अर्जित कर अपने नाम क्रय किए आवासीय भवन

आरोपित द्वारा अवैध रूप से धन अर्जित कर अपने नाम क्रय किए गए एक आवासीय भवन क्षेत्रफल 159- 91 वर्ग मीटर निर्मित कुल कीमत 32.90.438 रुपए व मुहल्ला आलकलां में निर्मित दुकान संख्या 85 से 92 तक का क्षेत्रफल 128 वर्ग मीटर कीमत 51,68,195 रुपए तथा झाड़खेड़ी मार्ग पर स्थित प्लाट व आरोपित इनाम की पत्नी जीनत उर्फ विनी चौधरी के बैंक खाता में जमा नौ लाख पंद्रह हजार सात सौ पैंतीस रकम सहित कुर्क किया गया। एसडीएम निधि भारद्वाज ने बताया कि कुर्क की गई संपति के प्रशासक उपजिलाधिकारी कैराना को बनाया गया।

## बेगूसराय में झोपड़पट्टी पर बुलडोजर

# पुलिस पर पथराव के बाद लाठीचार्ज किया



एजेंसी ▶▶ बेगूसराय

बिहार में अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच बेगूसराय में बुलडोजर ऐक्शन से भारी बवाल हो गया। शहर के लोहियानगर गुमटी के पास स्थित झोपड़पट्टी में गुरुवार को बुलडोजर चलाया गया। प्रशासन और नगर निगम की टीम ने झोपड़पट्टी में स्थित लगभग 200 घरों को जमींदोज कर दिया। इस दौरान मौके पर भारी हंगामा हुआ। गुस्साए लोगों ने पुलिस और प्रशासन की टीम पर पथराव कर दिया। पुलिस ने भी लाठीचार्ज कर उन्हें खदेड़ा।

### 200 घरों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया

बेगूसराय में बीते तीन दिनों से अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार का दिन प्रशासन के लिए ऐतिहासिक रहा। जिस झोपड़पट्टी में छापेमारी करने से पुलिस भी कभी परहेज करती थी, उसमें घुसकर जिला प्रशासन एवं निगम कर्मियों ने 200 घरों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। खास बात यह कि अतिक्रमण हटाने के दौरान झोपड़पट्टी से 10 हजार लीटर से अधिक मात्रा में महुआ जाबा भी बरामद हुआ। उसे पुलिस द्वारा नष्ट किया जा रहा है।

### झोपड़पट्टी में रहने वाले लोग बौखलाए

प्रशासन के अतिक्रमण हटाओ अभियान से झोपड़पट्टी में रहने वाले लोग बौखला गए। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस एवं प्रशासन के कर्मियों पर हमला कर दिया। महिलाओं से लेकर बच्चों ने पुलिस पर पत्थर बरसाने शुरू किए। पुलिस एक युवक को गिरफ्तार कर ले जा रही थी, उस समय महिलाओं की टीम ने पुलिस के साथ धक्कामुक्की की।

# केंदुआडीह में जहरीली गैस का कहर, दो महिलाओं की मौत, ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग किया जाम

एजेंसी ▶▶ रांची

केंदुआडीह थाना क्षेत्र में जहरीली गैस रिसाव का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। गैस के प्रभाव से अब तक दो महिलाएं, प्रियंका देवी और ललिता देवी की मौत हो चुकी है। वहीं ग्रामीण एक पुरुष की मौत का भी दावा कर रहे हैं। अचानक बढ़ी इन घटनाओं से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। हालांकि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

गुरुवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने धनबाद-रांची मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने टायर जलाकर बीसीसीएल और जिला प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। उनका कहना था कि जब तक सुरक्षित पुनर्वास की व्यवस्था नहीं होती और जहरीली गैस के स्रोत को चिह्नित कर बंद नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। लगभग चार घंटे बाद अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच वार्ता होने पर जाम समाप्त हो सका।

वार्ता में ग्रामीणों ने मृतक परिवार को मुआवजा, गैस रिसाव को रोकने के ठोस उपाय और सुरक्षित पुनर्वास की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना है कि बचाव कार्य धीमा है और उन्हें भरोसा नहीं हो पा रहा है। बीसीसीएल पीबी क्षेत्र के जीएम जी साहा ने स्वीकार किया कि इलाके में गैस रिसाव हो रहा है। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक टीम स्थिति का अध्ययन कर रही है और मिट्टी भराई सहित अन्य तकनीकी उपाय चल रहे हैं। माइकिंग कर लोगों को घर खाली करने को कहा गया है और अस्थायी रूप से दो टेंट बनाकर लोगों को शिफ्ट किया जा रहा है।

डीजीएमएस की टीम भी मौके पर पहुंच गई है और गैस को नियंत्रित करने में जुटी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी इलाके के लोगों की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रहे गैस रिसाव से बच्चों और बुजुर्गों पर सबसे अधिक खतरा है। इसलिए बीसीसीएल को उन्हें सुरक्षित स्थायी जगह बसाने और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

## उत्तर प्रदेश के छात्रों को बड़ी राहत

# फीस वापसी के लिए अब नहीं लगाने पड़ेंगे 'चक्कर'

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेजों को अब छात्रों को प्रवेश छोड़ने पर जल्द फीस वापस करनी होगी। उन्हें बेवजह एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। पारदर्शी ढंग से उच्च शिक्षण संस्थानों को इसकी व्यवस्था करनी होगी। वह ऑनलाइन आवेदन लेकर फीस वापसी करेंगे और वेबसाइट पर इसका ब्योरा भी उपलब्ध कराएंगे। इसको लेकर राजभवन ने विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेजों को सख्त निर्देश जारी किया है। छात्र से ली गई फीस को उसे वापस किया समय से किया जाए।

अभी विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेजों में प्रवेश के लिए एक-एक छात्र कई संस्थानों में आवेदन करता है। अगर उसके मनपसंद उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश में देरी है तो वह साल न बर्बाद हो इसके लिए जहां प्रवेश मिलता है, वहां पहले फीस भर देते हैं। वहीं जब फीस



वापसी के लिए पहले संस्थान में पहुंचते हैं तो तरह-तरह का बहाना बना कर उन्हें वापस कर दिया जाता है। तमाम विद्यार्थी तो अपनी फीस भी छोड़ देते हैं लेकिन गरीब छात्रों के सामने समस्या रहती है। उन्हें मनचाहे संस्थान में सीट मिलने पर फीस का जुगाड़ करना मुश्किल हो जाता है।

ऐसे में राजभवन की ओर से सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह पारदर्शी ढंग से ऐसे विद्यार्थियों की फीस वापसी का इंतजाम करें। किसी भी कीमत पर छात्र से ली गई फीस को उसे वापस किया जाए। प्रवेश के महीने भर के भीतर आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को सबसे पहले फीस रिफंड किया जाएगा।

## बीएलओ की मौत पर बोले डिप्टी सीएम पाठक

# सरकार उनके परिवारों को सहायता प्रदान करेगी, शिकायत पर होगी जांच

एजेंसी ▶▶ हाथरस

यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक हाथरस पहुंचे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को एसआईआर के काम में जुट जाने को कहा। एसआईआर के काम के दौरान बीएलओ की मौत मामलों पर सधा हुआ बयान दिया। वह पूर्व ऊर्जा मंत्री रामवीर उपाध्याय के दिवंगत पिता के परिवार से मिलने गए और उन्हें अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने 4 दिसंबर को भाजपा कार्यालय में कहा कि चुनाव आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) काम के दौरान बीएलओ की हुई मौतों की जांच कर रहा है। राज्य सरकार उनके परिवारों को सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि एसआईआर काम के दौरान अत्यधिक कार्य,



तनाव और उत्पीड़न के दावों के बीच बीएलओ और एसआईआर में शामिल अन्य अधिकारियों की आत्महत्या और मृत्यु के कई मामले सामने आए हैं। चुनाव आयोग इस पर काम कर रहा है और सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है तथा उन्हें पूरा सहयोग देगी। अगर कोई विशेष शिकायत (उत्पीड़न की) है तो उसकी जांच की जाएगी और सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

## पेज एक का शेष

### अमेरिकी टैरिफ, वैश्विक ....

और गहरा बांड साफ तौर पर देखने को मिला। पीएम ने अपने प्रिय मित्र पुतिन के आगमन पर सबसे पहले मुस्कुराते हुए उनसे हाथ मिलाया और उसके बाद पूरी आत्मीयता के साथ उन्हें गले लगाया। जिसके बाद दोनों नेता हंसते-मुस्कुराते हुए कार में बैठकर आगे बढ़ चले। प्रधानमंत्री मोदी की एक्स पोस्ट से यह जानकारी मिली है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन का निजी तौर पर स्वागत करते हुए उनके सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया। शुक्रवार को दोनों नेता हैदराबाद हाउस में भारत-रूस के बीच 23वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे। सम्मेलन के अंत में साझा प्रेस वक्तव्य के साथ ही दोनों देशों के बीच कुछ अहम समझौते होंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर रूस के राष्ट्रपति के इस दो दिवसीय भारत दौरे से जुड़े कार्यक्रम की आधिकारिक रूप से जानकारी साझा की है। बताते चलें कि भारत और रूस के शीर्ष नेताओं के बीच होने वाली इस मुलाकात पर अमेरिका सहित दुनियाभर के देशों की निगाहें टिकी रहेंगी। जो वर्तमान में बने हुए अनिश्चितता वाले वैश्विक माहौल के बीच किसी बड़े संदेश का भी प्रतीक बन सकती है।

### आज होगा वार्षिक ....

शामिल हैं) होंगे। भारत मंडपम में एक बिजनेस कार्यक्रम भी होगा। इसके बाद रात करीब 7 बजे राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रूस के राष्ट्रपति का स्वागत करेंगी और उनके सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन करेंगी। इसी के साथ राष्ट्रपति पुतिन की इस दो दिवसीय भारत यात्रा का औपचारिक रूप से समापन हो जाएगा और वह रात 9 बजे रूस वापस लौट जाएंगे।

### यूक्रेन युद्ध के ....

चुका है कि वह अपने देश के आम उपभोक्ताओं की ऊर्जा जरूरतों की मांग की पूर्ति के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। कच्चे तेल की खरीद के निर्णय में देश की घरेलू जरूरतों के अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजारों की स्थिति का भी अहम योगदान रहता है। वहीं, यूक्रेन युद्ध के बीच शांति स्थापित करने के लिए भी भारत का कहना है कि दोनों देशों के बीच बातचीत और कूटनीति के जरिए ही समस्या का समाधान निकाला जाना चाहिए। भारत शांति के हर प्रयास में सहयोग करने के लिए तैयार है।

### पुतिन का कार्यक्रम...

होगी।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रूस के राष्ट्रपति के सम्मान में रात्रिभोज देंगी।
- रात 9 बजे राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा संपन्न हो जाएगी और वह स्वदेश रवाना हो जाएंगे।

### रक्षा उत्पादन में ...

एमएंडएमटीसी के तहत मौजूदा और संभावित सहयोग के क्षेत्रों से जुड़े एक प्रोटोकॉल दस्तावेज पर हस्ताक्षर के साथ उसका आदान-प्रदान भी किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। मालूम हो कि राजनाथ और बेलौसोव की ये बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और व्लादिमीर पुतिन के बीच शुक्रवार को हैदराबाद हाउस में भारत-रूस के बीच आयोजित किए जाने वाले 23वें वार्षिक शिखर सम्मेलन से ठीक एक दिन पहले आयोजित की गई है।

**राजनाथ को दिया रूस यात्रा का न्योता:** रूस के रक्षा मंत्री बेलौसोव ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अगले साल 2026 में आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी की 23वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करने को लेकर रूस की यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। साथ ही उन्होंने आपसी विश्वास पर आधारित दोनों देशों के संबंधों को और अधिक गहराई प्रदान करने पर भी जोर दिया है। बेलौसोव के मुताबिक, भारत और रूस कई सालों से एकजुटता के साथ अच्छे दोस्त हैं और दोनों के बीच सामरिक सहयोग भी है। रूस का रक्षा उद्योग भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूर्ण सहयोग करने के लिए तैयार है। बैठक से पहले दोनों रक्षा मंत्रियों ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मानेकशॉ केंद्र में रूस के रक्षा मंत्री ने भारत की तीनों सशस्त्र सेनाओं द्वारा दिए गए संयुक्त गार्ड ऑफ आर्नर का निरीक्षण किया।

### नए अवसरों पर ...

के साथ यह कहा गया कि रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रूस के रक्षा उद्योग का शत-प्रतिशत सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### इसलिए चाहिए स्वदेशी ....

उद्देश्य स्थानीय उत्पादन के साथ-साथ निर्यात जैसे दोहरे तत्वों पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के विजन के तहत दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण तकनीक के मामले में सहयोग बढ़ाने से जुड़े हुए नए अवसरों पर खासा जोर दिया।


## संसद के शीतकालीन सत्र में गूंजा मुद्दा

# मुजफ्फरपुर से हावड़ा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने व संघमित्रा एक्सप्रेस का विस्तार की भी मांग

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुजफ्फरपुर से पश्चिम बंगाल के हावड़ा (कोलकाता) तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग तेज हो गई है। अब यह मुद्दा संसद के शीतकालीन सत्र में भी गूंजा है। वैशाली से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद वीणा देवी ने लोकसभा में गुरुवार को यह ट्रेन चलाने की मांग की। लोक हित के मुद्दों के तहत उन्होंने मुजफ्फरपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस के अलावा, बेंगलुरु के लिए नई दैनिक ट्रेन चलाने और संघमित्रा एक्सप्रेस का विस्तार करने की भी मांग सरकार के सामने रखी।

सांसद वीणा देवी ने गुरुवार को सदन में कहा कि मुजफ्फरपुर से हावड़ा के बीच वंदे भारत ट्रेन जल्द शुरू की जानी चाहिए। इसके अलावा, मुजफ्फरपुर से कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु तक एक नई डेली ट्रेन चलाई जाए। उन्होंने



बेंगलुरु से दानापुर के बीच चलने वाली संघमित्रा एक्सप्रेस (12295-96) का भी मुजफ्फरपुर तक विस्तार करने की मांग की।

सांसद ने कहा कि अभी संघमित्रा ट्रेन पकड़ने के लिए मुजफ्फरपुर और आसपास के लोगों को पटना जाना पड़ता है, जिससे काफी परेशानी होती है। अगर मुजफ्फरपुर से बेंगलुरु के लिए रोजाना सीधी ट्रेन चलेगी तो यात्रियों को पटना जाने से निजात मिल जाएगी।

### डीआरयूसीसी की बैठक में भी उठी थी हावड़ा वंदे भारत की मांग

मुजफ्फरपुर से हावड़ा के लिए वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग पुरानी है। पिछले महीने समस्तीपुर मंडल में आयोजित मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक में भी दोनों शहरों के बीच वंदे भारत और एक सुपरफास्ट ट्रेन चलाने की मांग उठी थी। उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद के सदस्यों ने 14 सुझावों का ज्ञापन मंडल रेल प्रबंधक को सौंपा था। इसमें मुजफ्फरपुर हावड़ा वंदे भारत के अलावा सीतामढ़ी-अयोध्या वंदे भारत ट्रेन चलाने और संघमित्रा एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र एलटीटी सुपरफास्ट एवं पटना-रांची वंदे भारत का मुजफ्फरपुर तक विस्तार करने का आग्रह रेलवे से किया गया था।

आज है इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे



# वॉलंटियर बनकर दुनिया बनाओ खूबसूरत

बच्चो, अपनी इच्छा से निस्वार्थ भाव से किसी की मदद करने वाले लोगों को वॉलंटियर्स कहते हैं। ये वॉलंटियर्स इंसानों की ही नहीं, पशु-पक्षियों और नेचर की केयर करने में भी पीछे नहीं रहते। इस दुनिया को सुंदर-प्यारा बनाए रखने में वॉलंटियर्स का बहुत बड़ा योगदान होता है। बच्चो, तुम भी एक अच्छे वॉलंटियर बनकर अपने समाज-देश और पूरी दुनिया को खूबसूरत बनाओ।

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, किसी की मदद करने का भाव तो हम सबके मन में होता है लेकिन इसे व्यवहार में उतारना आसान नहीं होता। अपने डेली रूटीन से किसी अच्छे काम के लिए समय निकालना मुश्किल होता है। किसी से मिलकर उसकी जरूरत या परेशानी के बारे में पूछने का काम भी सब नहीं कर पाते। सेवा-सहायता के इन प्यारे भावों को प्रैक्टिकली कर दिखाने का काम वॉलंटियर्स करते हैं। कैसे बिना किसी फायदे की चाह के अपनी छोटी-छोटी कोशिशों से किसी का मददगार बना जाए? कैसे अच्छी बातों को बर्ताव में उतारा जाए? किस तरह बिना दिखावे के किसी का साथ दिया जाए? किस तरह मोर्चे पर डटकर प्रकृति का ख्याल रखा जाए? पूरे तन-मन से कैसे किसी का मनोबल बढ़ाया जाए? ये सब कुछ ऐसे सेवाभावी लोगों यानी वॉलंटियर्स से सीखा जा सकता है।

### छोटे-छोटे कदम भी अहम

प्यारे बच्चो, किसी की सहायता करने या उसे संबल देने का काम हर कोई कर सकता है। बच्चे भी कर सकते हैं। वॉलंटियर के रूप में जरूरी नहीं कि बड़े स्तर पर ही कुछ किया जाए। अपने घर, आस-पड़ोस, सड़क, स्कूल, पार्क हर जगह सहयोगी सिटीजन की भूमिका निभाई जा सकती है। मुसीबत में मददगार बनने या फिर दुःख तकलीफ में किसी का साथ देने के लिए बस इच्छा शक्ति की दरकार होती है। असल में कंसर्न की सोच अपना लें तो पॉजिटिव भागीदारी का रास्ता मिल ही जाता है। इस सरोकारी समझ से हमारा छोटा सा कदम भी किसी की बहुत बड़ी मदद कर सकता है। हेल्प करने, साथ देने की इस सोच से पूरी दुनिया सुंदर बन सकती है। सबका जीवन सहज-सरल हो सकता है।

### यूं बनो मददगार

बच्चो, बड़ा दिल, खुली सोच और किसी की तकलीफ को समझने वाला हर इंसान वॉलंटियरिंग कर सकता है। जैसे किसी बुजुर्ग की मदद करना, पार्क में पेड़-पौधे लगाना, स्कूल में किसी साथी को चोट लगने या बीमार होने पर उसका बैग उठाना, ऐसे सभी काम सहायता का सुंदर भाव ही तो हैं। अपने एरिया में साफ-सफाई करते लोगों का साथ देने से लेकर घर में काम करने वाले सहायकों का बेवजह काम ना बढ़ाना भी, सेवा करने जैसा ही है। बच्चो, सिंपैथी और साथ देने की यह सोच बहुत से लाइफ स्किल्स भी सिखाती है। किसी तरह की कठिनाई या जरूरत में दूसरों का सहयोग करना अपने जीवन को संभालना भी सिखाता है। औरों का जीवन सहज बनाने के लिए किया गया छोटे से छोटा काम जिंदगी का सुंदर पाठ पढ़ाता है। इसीलिए न केवल खुद किसी की मदद करने की सोच रखनी चाहिए बल्कि वॉलंटियर्स का खूब सम्मान भी करना चाहिए। बच्चो, तुम्हें ऐसे पॉजिटिव काम करते देखकर दूसरे साथी भी प्रोत्साहित होते हैं। दुनिया को बेहतर बनाने के लिए तुम जैसे नन्हे वॉलंटियर्स की भूमिका भी बहुत अहम है। *





### इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे





बच्चो, हर साल 5 दिसंबर को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे असल में प्यार, परवाह और साझे जीवन का ही संदेश लिए है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1985 में शुरू किया गया यह खास दिन हर वर्ष एक विशेष संदेश देने वाले विषय यानी थीम को लेकर मनाया जाता है। साल 2025 में इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम है 'हर योगदान मायने रखता है।' इस थीम का मैसेज भी यही है कि बिना स्वार्थ की गई सेवा का हर छोटा या बड़ा कदम मायने रखता है। जितना संभव हो हम सबको यह सेवाभाव रखना चाहिए। समय, सेवा, धन या मान-मनोबल को उन लोगों तक पहुंचाना चाहिए, जो किसी तरह की परेशानी में हैं। इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे सभी को खुद से और औरों के लिए हेल्पफुल बनने का संदेश भी देता है। साथ ही यह दिन दुनिया भर में उन लोगों को धन्यवाद देने का मौका भी है, जो अपना अनमोल वक्त स्वैच्छिक सेवा देने में लगाते हैं। सही मायने में मदद करने की भावनाओं को धरातल पर उतारते हैं। अपने आस-पास देखोगे तो तुम्हें भी ऐसे बहुत से संवेदनशील लोग मिल जाएंगे, जो किसी का सहयोग करने में आगे रहते हैं। बच्चो, इस वर्ष इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम 'एवरी कॉन्ट्रिब्यूशन मैटर्स' को याद रखते हुए तुम भी सहजता से किसी जरूरतमंद के लिए जो कुछ किया जा सके, वह जरूर करो।

बच्चो, अपने देश में एक ऐसी जगह है, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' के नाम से दुनिया भर में मशहूर है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, मनोरम घाटियों, झीलों और हरे-भरे चारागाहों को देखने देश-दुनिया से पर्यटक आते हैं। जानो, भारत के 'मिनी स्विटजरलैंड' खज्जियार के बारे में।

# भारत का मिनी स्विटजरलैंड खज्जियार

अमेजिंग प्लेस
नयनतारा



बच्चो, अपने देश में प्राकृतिक सुंदरता और विविधता की भरमार है। यहां हिमालय की बर्फीली चोटियों से लेकर धूप में खिलते समुद्री तटों तक कई मोहक नजारे देखे जा सकते हैं। हमारे देश के कुछ स्थानों की तुलना अक्सर विश्वविख्यात अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशंस से भी की जाती है। भारत में एक जगह ऐसी भी है, जिसकी तुलना स्विटजरलैंड देश से की जाती है, इसे 'मिनी स्विटजरलैंड' भी कहा जाता है। इसका नाम है-खज्जियार।

**स्विटजरलैंड जैसा खूबसूरत:** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में, डलहौजी से लगभग 24 किमी दूर धौलाधार पर्वत श्रृंखला के नीचे स्थित है खज्जियार। यहां दूर तक फैले हुए हरे घास के मैदान, विशाल पहाड़, गहरी घाटियां, क्रिस्टल की तरह साफ झीलें और हर तरफ प्राकृतिक सुंदरता छाई रहती है। किसी खूबसूरत पेंटिंग जैसा सुंदर दिखने वाला यह मनोरम स्थल कई मायने में यूरोपीय देश स्विटजरलैंड जैसा है।



**'मिनी स्विटजरलैंड' नाम कैसे-कब पड़ा:** बच्चो, खज्जियार को यूं ही मिनी स्विटजरलैंड नहीं कहा जाता, बल्कि आधिकारिक रूप से इसे यह नाम दिया गया है। दरअसल, भारत में स्विटजरलैंड के तत्कालीन राजदूत विल्ली पी. ब्लेजर ने 7 जुलाई 1992 को खज्जियार को आधिकारिक तौर पर विश्व के उन 160 स्थानों में शामिल किया, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' कहे जाते हैं। उन्होंने खज्जियार में एक साइनबोर्ड भी लगवाया, जिसमें स्विस राजधानी बर्न से खज्जियार की दूरी 6,194 किमी दर्शाई गई है। मतलब यह कि स्विस सरकार भी खज्जियार को आधिकारिक तौर पर मिनी स्विटजरलैंड मानती है। यह बात स्विटजरलैंड की राजधानी बर्न में स्विस संसद के पास एक शिलालेख पर भी दर्ज है।

**प्राकृतिक आपदाओं का रहता है खतरा:** खज्जियार की गिनती निश्चित तौर पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे खूबसूरत स्थानों में होती है। लेकिन यहां भूकंप एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बना रहता है। यह स्थान समुद्र तल से लगभग 1,920 मी. या 6,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, जो इसके क्लाइमेट और वनस्पति जगत को प्रभावित करता है। खज्जियार को भूकंप जोन 5 के अंतर्गत रखा गया है, जिसका अर्थ है कि यहां अधिक तीव्रता के भूकंप का खतरा बना रहता है। *

कविता / दिनेश विजयवर्गीय

# सर्दी की धूप

रेशम-सी मुलायम लगती
सर्दी की अलसाई धूप।
देर से आकर जल्दी जाती
भागम-भाग मचाती धूप।
बूढ़े-बच्चे धूप सेंकते
तन को बहुत सुहाती धूप।
दादा जी पढ़ते अखबार
जब आ जाती छत पर धूप।
धुंध कोहरा जब छा जाता
नजर न आती सोनल धूप।
शीत लहर के आतंक से
बेबस-सी हो जाती धूप।
सरसों के पीले खेतों में
गीत खुशी के गाती धूप।



## हंसगुल्ले

**हिंदी टीचर :** 'दांत खट्टे करना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**आनंद :** मैंने रोहन को इमली खिलाकर उसके दांत खट्टे कर दिए।
-तुषार, रायपुर

**टीचर :** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहन :** सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-केशव, बिलासपुर



**पापा (सौरभ से) :** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**सौरभ :** लेकिन पापा, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-सुमन, भोपाल

## जीके क्विज-182

1. हाल ही में पीएम मोदी ने किस सिख गुरु के सम्मान में एक विशेष सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी किए?
2. बैडमिंटन में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?
3. बिहार के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. केरल की राजधानी कहां है?
5. 'मधुशाला' किस लेखक की प्रसिद्ध रचना है?
6. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
7. किस विटामिन को सोलर विटामिन कहा जाता है?
8. काठमांडू किस देश की राजधानी है?
9. कंगारू किस देश में पाया जाता है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-182 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-181 का उत्तर :** 1.मीनाक्षी हूडा, 2.फातिमा बॉश, 3.फिलीपींस, 4.तैराकी, 5.हरा, 6. एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 7.सिक्किम, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.न्यूटन, 10.इंदिरा प्वॉइंट

**जीके क्विज-181 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, सूरज-रायपुर, कोमल-दुर्ग, साकेत-बिलासपुर, अंकित-रोहतक, अंश-भोपाल, शेखर-महासमुंद, हर्ष-बालोद



कहानी
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

# बंटी बेवकूफ है!

बंटी ने जब-जब किसी के साथ गलत-बुरा होते देखा, उसने उसकी मदद करनी चाही। लेकिन पापा ने उसे यह कहकर रोका, 'काहे दूसरों के मामले में अपनी टांग अड़ाते हो, यह बेवकूफी है।' फिर भी बंटी ने दूसरों की मदद करना नहीं छोड़ा। एक दिन तो बंटी की बुरी तरह पिटाई हो गई। क्या इसके बाद बंटी ने लोगों की मदद करना छोड़ दिया?



'पापा...पापा वो देखो।' बालकनी में खड़े बंटी ने तेज आवाज में कहा और सीढ़ियों की तरफ दौड़ पड़ा। कमरे में बैठे पापा बालकनी में आए, देखा कि सामने सड़क पर एक लड़का गिरा पड़ा था, तीन लड़के उसकी पिटाई कर रहे थे।

'अरे बंटी! रुक...रुक...रुक बेटा!' आवाज देते पापा बंटी के पीछे दौड़े। सीढ़ियों से उतर कर बंटी घर से बाहर निकलने ही वाला था कि पापा ने उसकी बांह पकड़ ली। पापा ने डांटते हुए पूछा, 'तू कहां जा रहा है?'

'उस भैया की मदद करने। देखा नहीं आपने, तीन लड़के अकेले भैया की कैसी पिटाई कर रहे हैं?' बंटी अपनी बांह छुड़ाने की कोशिश करते हुए बोला।

'तुमसे क्या मतलब? चल अंदर..।' पापा ने गुस्से में कहा और दरवाजा बंद कर बंटी को ऊपर खींच लाए। बंटी मन मसोस कर रह गया।

ऐसे ही एक दिन बंटी अपने पापा के साथ स्कूटर पर बाजार जा रहा था। रास्ते में उसके बगल से एक मोटर साइकिल निकली, जिस पर दो नौजवान लड़के बैठे हुए थे। अचानक मोटर साइकिल सड़क के किनारे पैदल जा रही एक महिला के बगल में रुकी और पीछे बैठे लड़के ने झपट्टा मार कर उस महिला के गले से चेन खींच ली।

महिला सड़क पर गिर गई। वह चिल्लाती रही और मोटर साइकिल सवार लड़के तेजी से भाग गए।

'पापा...वो देखो उस मोटर साइकिल पर जा रहे लड़के आंटी के गले से चेन खींच कर भाग गए। आंटी जमीन पर गिर गई हैं।' बंटी ने पापा से कहा।

'तू चुप कर...।' पापा ने कहा और स्कूटर की स्पीड तेज कर दी।

'पापा...मैंने मोटर साइकिल का नंबर पढ़ लिया है। उसके आखिर में बी. एन. सिक्स थ्री नाइन टू लिखा था। हमें पुलिस को बता देना चाहिए।' बंटी बोला।

'तुमने कुछ नहीं देखा है। बस अपने काम से काम रखा करो। और सुनो, किसी से यह कहने की जरूरत नहीं कि तुमने मोटर साइकिल का नंबर देखा था।' पापा बोले।

'आखिर क्यों पापा? पुलिस को बता देने से शायद बदमाश पकड़ लिए जाएं, आंटी की चेन मिल जाए।' बंटी बोला। 'बेवकूफी की बात मत कर। मैं जितना कह रहा हूं, बस उतना ही सुन।' पापा ने जोर से डांटा। बंटी अपना मन मारकर बैठ गया।

उस दिन स्कूल में छुट्टी के बाद कक्षा सात और कक्षा आठ की क्रिकेट टीमों के बीच मैच था। अपनी कक्षा सात की टीम का एक खिलाड़ी बंटी भी था। मैच खत्म होने के बाद स्कूल से लौटने में देर हो गई थी। शाम का हल्का अंधेरा हो गया था। रास्ते में अचानक एक सुनसान गली से किसी लड़की के चीखने की आवाज सुनाई पड़ी। बंटी ने रुक कर इधर-उधर देखा, सामने दो बदमाश लड़के एक लड़की का रास्ता रोके खड़े थे। एक लड़के ने लड़की का हाथ पकड़ रखा था। लड़की रो रही थी। वह बार-बार 'प्लीज मुझे छोड़ दीजिए...प्लीज मुझे जाने दीजिए..' बोल रही थी, लेकिन वे बदमाश लड़के उसको जाने नहीं दे रहे थे।

सड़क पर जा रहे लोग लड़की की आवाज सुन कर गली की तरफ एक नजर देखते थे और आगे बढ़ जाते थे। किसी ने भी बचाने की कोशिश नहीं की। बंटी से रहा नहीं गया। वह तेजी से बदमाश लड़कों की ओर बढ़ा और अपना बैट पीछे से एक बदमाश के कंधे पर पूरी ताकत से दे मारा। इस अचानक हुए हमले से बदमाश घबरा गए। वे लड़की को छोड़ बंटी से भिड़ गए। इतने में लड़की को मौका मिल गया। वह भाग कर सड़क पर आई और 'बचाओ...बचाओ...बचाओ...बचाओ' चिल्लाने लगी। जब तक लोग जुटे तब तक वे बदमाश लड़के बंटी को पीटकर वहां से भाग गए थे। खबर मिली तो बंटी के पापा-मम्मी भागे-भागे वहां पहुंचे। उसे तुरंत घर ले आए फिर फर्स्ट एड करने के बाद पापा ने बंटी से कहा, 'बार-बार समझाया है मैंने, दूसरों के टंटे में मत पड़ा करो, लेकिन तुम सुनते ही नहीं। तुम्हें ऐसी बेवकूफी करने की क्या जरूरत थी, जो लड़की को बचाने चले गए। तुम क्या शक्तिमान हो?' मम्मी भी बोलीं, 'बंटी, तुम इस तरह की बेवकूफी क्यों करते हो, जो दूसरों की वजह से पिटो।'

लेकिन बंटी को अपनी बेवकूफी पर कोई पश्चाताप नहीं था। वह मन ही मन सोच रहा था, किसी के साथ कुछ बुरा हो रहा हो तो उसकी मदद करना, विरोध करना कैसे बेवकूफी कही जाएगी? इस तरह लोग चुप रहेंगे तो बदमाशों का चारों तरफ बोलबाला हो जाएगा। सभी को मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। *

छोटी कहानी / मुग्धा

# आलस्य का त्याग

एक चील थी। उसके दो नन्हे-नन्हे बच्चे थे। बच्चों के पंख आने में अभी काफी समय था, लेकिन वे अपनी मां से बाहर घुमाने की जिद करते। मां उन्हें अपनी पीठ पर बैठाकर घुमा देती थी। असल में चील अपने बच्चों से बहुत प्यार करती थी। उनकी सभी इच्छाएं पूरी करती थी। बच्चों को सब कुछ बैठे-बिठाए मिल जाने की वजह से बच्चे आलसी हो गए। यहां तक कि वे खुद उड़ने से कतराने लगे। चील ने कितना समझाया कि वे उड़ना सीखें, जरूरी है। लेकिन आलसी बच्चे उड़ने की जरा-सी भी कोशिश नहीं करते। चील अपने बच्चों के इस आलसीपन से बहुत दुखी थी।



एक दिन सुबह-सुबह चील ने बच्चों को अपनी पीठ पर बैठाकर ऊंची उड़ान भरी। ऊंचाई पर पहुंचकर चील ने पीठ पर बैठे दोनों बच्चों को गिरा दिया। वे करते तो क्या करते, मजबूरी में दोनों बच्चों ने अपने पंख फड़फड़ाना शुरू कर दिए, वे किसी तरह उड़े। जैसे-तैसे उन बच्चों ने अपनी जान बचाई। वापस आकर दोनों बच्चे अपनी मां पर बिगड़े, बोले, 'मां, आज तो आपने हमें मरवा ही दिया था। अगर हमने कोशिश कर अपने यह पंख न फड़फड़ाए होते, तो सोचो हमारे साथ क्या हो जाता?' चील ने हंसकर अपने बच्चों से कहा, 'जो लोग अपने आप नहीं सीखते हैं, आलस्य नहीं छोड़ते हैं, उन्हें सिखाने का यही नियम है। बच्चो, हमारी पहचान ऊंची उड़ान से है, यही हमारी विशेषता है। इसे बढ़ाने के लिए हमें निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए।' चील के बच्चों को अपनी मां की बातें समझ आ गईं। इसके बाद उन्होंने आलस्य छोड़कर उड़ना शुरू कर दिया। लगातार अभ्यास से वे भी काफी ऊंचाई पर उड़ने लगे। अब वह उड़ने के लिए अपनी मां पर निर्भर नहीं थे। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां रेंडियर के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।





उत्तर: 1. लड़की के मफलर के आगे लटक रहे हिस्से में एक फोल्ड अधिक खुला हुआ है। 2.लड़की की बाईं चोटी में रेड की बजाय व्हाइट हेयर-बैंड लगा हुआ है। 3.लड़की के बाएं हाथ में पहने ग्लव में अंगूठा नहीं दिख रहा है। 4.रेंडियर की बाईं हॉर्न (सींग) में तीन ब्रांचेज हैं। 5.रेंडियर की पूंछ के ठीक ऊपर एक स्टार दिखाई दे रहा है। 6.रेंडियर के पिछले दाएं पैर में हूफ (खुर) नहीं है।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# अपनों से बिछड़े अली की कहानी

बड़े और पूरे-पूरे पृष्ठों पर फैले हुए चित्रों वाली एक कहानी की किताब है-मैं अली। मूल रूप से अंग्रेजी में लिखी गई इस कहानी की किताब का हिंदी अनुवाद अभी छपकर आया है। देश की सीमा पर बसे एक छोटे से गांव की इस कहानी में एक परिवार की बात है। एक बार युद्ध होता है। इससे अफरा-तफरी मच जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि उस परिवार का गांव नदी के आर-पार दो हिस्सों में बंट जाता है। परिवार के जो लोग अपने मवेशी चराने जंगल की तरफ जाते हैं, वह एक अलग देश बन जाता है। एक हिस्से में रहने वाले लोगों को दूसरे हिस्से में आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। इस वजह से परिवार का एक बच्चा अली, अपने मां, पिता और बहन से बिछड़कर एक बुजुर्ग के पास रह जाता है। यह बच्चा बड़े होने पर जब यह सब जानता है, तब क्या सोचता है और उसके मन में कैसी बातें आती हैं, यह इस किताब में पढ़ा जा सकता है। यह किताब युद्ध और उससे होने वाले बंटवारे से उपजी तकलीफों को प्रकट करती है। *




**किताब :** मैं-अली, **लेखन :** सुजाता पद्मनाभन, **अनुवाद :** विनता विश्वनाथन,
**मूल्य :** 70 रुपए, **प्रकाशक :** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

# डिफाल्टर किसानों को राहत देने सरकार वन टाइम सेटलमेंट योजना लाएगी : मंत्री विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को मप्र शासन के मंत्री विश्वास सारंग एवं लखन पटेल ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। दोपहर 1 से शुरू हुआ यह संवाद में 3 बजे तक चला। इस दौरान कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया।

कार्यकर्ताओं से संवाद के बाद मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मप्र भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा बनाई गई व्यवस्था से जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। कांग्रेस से किसी भी प्रकार के सम्मान या सकारात्मक राजनीति की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। मंत्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के डिफाल्टर किसानों को राहत देने के लिए जल्द ही वन-टाइम सेटलमेंट योजना लाई जाएगी। डिफाल्टर सूची से किसानों को निकालकर रेगुलर श्रेणी में शामिल किया जाएगा, ताकि वे फिर से ऋण प्राप्त कर सकें। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुए गबन और घोटालों का असर किसानों पर न पड़े, इसके लिए सहकारिता विभाग में नई पारदर्शी व्यवस्था लाई जा रही है।

## प्रदेश कार्यालय में मंत्री सारंग और पटेल ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

**खास बातें**

- कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया गया
- सहकारिता विभाग में नई पारदर्शी व्यवस्था लाएंगे



कार्यकर्ताओं से संवाद के बाद सहकारिता मंत्री सारंग ने मीडिया को संबोधित किया।

### योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी मिलती रहेगी: मंत्री सारंग

मंत्री सारंग ने कहा कि कार्यकर्ताओं से संवाद की इस व्यवस्था से भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी और जनहितैषी योजनाओं और विकास कार्यों के प्रगति संबंधी जानकारी भी समय-समय पर मिलती रहेगी, और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान भी हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता अनावश्यक मुद्दे उठाकर सिर्फ मीडिया में स्थान पाने की कोशिश करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्त्व में भाजपा को जनता लगातार अपना आशीर्वाद देती आ रही है, यही कांग्रेस की सबसे बड़ी चिंता है। कांग्रेस की पुरानी आदत है कि राहुल गांधी विदेश जाकर प्रधानमंत्री का अपमान करते हैं, तो कभी उनके नेता सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करते हैं।

### पटवारी अपने घर से कांग्रेस का संगठन को चला रहे

मंत्री पटेल ने कहा कि प्रदेश कांगेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने घर से कांग्रेस का संगठन को चला रहे हैं, इसलिए कांग्रेस की स्थिति प्रदेश में लगातार खराब होता जा रहा है। प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को मध्यप्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पूरी तरह से नकारकर समीक्षा के लिए विपक्ष में बैठाया है। कांग्रेस को अपनी समीक्षा करनी चाहिए कि आखिरकार मध्यप्रदेश की जनता ने उन्हें पूरी तरह से नकार क्यों दिया है।

### जमीनी स्तर पर शासन और संगठन दोनों को फायदा मिलेगा: पटेल

मंत्री लखन पटेल ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं के समाधान के लिए अच्छी व्यवस्था बनाई है। प्रतिदिन सरकार के मंत्री भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ताओं से संवाद कर जनसमस्याओं का समाधान करेंगे तो इसका जमीनी स्तर पर शासन और संगठन दोनों को फायदा मिलेगा। कांग्रेस के पास कोई काम नहीं बचा है, इसलिए हमारी पार्टी की व्यवस्था पर सवाल उठा रही है। अगर कांग्रेस ने अच्छा काम किया होता तो केंद्र और राज्य में सालों से सत्ता से बाहर नहीं होती। कांग्रेस 50 साल सत्ता में रही, लेकिन जनता के कल्याण के लिए कोई कार्य नहीं किया।

#### जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित

भाजपा कार्यालय में शासन के मंत्री का प्रतिदिन कार्यकर्ताओं से संवाद करना और जनसमस्याओं के समाधान के लिए बैठना यह दर्शाता है कि पार्टी कार्यकर्ता-हित और जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित है। यह निरंतर संवाद भाजपा की जनकल्याण के प्रति संकल्पबद्ध कार्यशैली को मजबूत रूप में प्रदर्शित करता है।

- आयुष शर्मा, शोधार्थी

#### कार्यकर्ता खुश और संतुष्ट

भाजपा संगठन की यह एक अच्छी पहल है। कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद के साथ उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है। यह व्यवस्था कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं के सुगम समाधान के लिए बेहतर है। कार्यकर्ता इससे खुश और संतुष्ट हैं।

सुबेदार सिंह सिकरवार, पूर्व विधायक, जौरा

#### यह बहुत ही बेहतर पहल

कार्यकर्ता जब अपनी बात सही मंच तक पहुंचाता है, तो उसके भीतर आत्मविश्वास बढ़ता है। यह संवाद व्यवस्था संगठन को और मजबूत बनाने के साथ कार्यकर्ता को यह अनुभव कराती है कि उसकी बात सही मंच पर पहुंच गई है। यह बहुत ही बेहतर पहल है।

अशोक विश्वकर्मा, प्रदेश सह संयोजक, भाजपा विधि

#### कार्यकर्ताओं में विश्वास बढ़ेगा

यह संगठन की एक बेहतर पहल है। सरकार के मंत्री जब कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर जनसमस्याओं का समाधान करेंगे तो इससे कार्यकर्ताओं में विश्वास बढ़ेगा। वहीं जमीनी स्तर पर शासन और संगठन दोनों को फायदा मिलेगा।

योगेश शुक्ला, कार्यकर्ता

## मंत्रालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने विभागों की योजनाओं, कार्यक्रमों और संचालित गतिविधियों की समीक्षा की

# बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रदेश में ही सेवाएं देने के लिए किया जाएगा तैयार

- **बॉन्ड वाले डॉक्टर्स के भर्ती नियम बदलेगी सरकार, कैबिनेट में लाएंगे प्रस्ताव**
- **अधिकाधिक अस्पतालों और डॉक्टर्स को आयुष्मान योजना से जोड़ने होंगे प्रयास**
- **मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में अधिकाधिक नागरिकों को आयुष्मान योजना का लाभ दिलाया जाए। ऐसे अस्पताल या डॉक्टर आयुष्मान योजना के तहत इलाज नहीं करते हैं या इस योजना में इम्पैनल्ड नहीं है, उन्हें भी योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा ग्रहण कर रहे ऐसे विद्यार्थी, जिनकी फीस सरकार द्वारा अदा की जा रही है, ऐसे बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को मध्यप्रदेश में ही सेवाएं देने के लिए रोका जाए।

बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रमोट कर, इनके मानदेय को रिवाईज़ कर सभी नए मेडिकल कॉलेजेस एवं फील्ड के अस्पतालों में इनकी सेवाएं ली जाएं। डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सहित खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों और संचालित गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल, राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) नीरज मंडलोई भी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को शासकीय डॉक्टर्स के रूप में भर्ती करने के लिए, इनके भर्ती नियम संशोधित किए जा रहे हैं। इसके लिए जल्द ही मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा।



समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव साथ में मौजूद उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा शुक्ल, राज्यमंत्री पटेल।

### 108 एम्बुलेंस सेवा की सख्ती से करें निगरानी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में तेजी से नए मेडिकल कॉलेजेस की स्थापना के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों में गर्भवती माताओं का बेवजह सीजेरियन आपरेशन करने की शिकायत आती रहती हैं, इस पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए। उन्होंने कहा कि 108 एम्बुलेंस के चालकों द्वारा ज़बरदस्ती मरीजों को प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाने की शिकायतें आती हैं, इसकी सख्ती से निगरानी करें और ऐसी प्रवृत्ति को रोकें। बताया गया कि दो साल मे 84 ज्यादा से अधिक कार्डियक सर्जरी शासकीय अस्पतालों में हुई है।

### सीएम डॉ. मोहन ने कहा- डॉक्टर्स की आपूर्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉक्टर्स की आपूर्ति के लिए विभाग भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाए। यह प्रयास किया जाए कि फील्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के संचालन के लिए निजी चिकित्सकों की भी सेवाएं ली जाए। इसके लिए उन्हें कॉल पर बुलाने के अलावा अच्छा मानदेय (इन्सेंटिव) भी दिया जाए। ऐसे डॉक्टर्स को प्रदेश के जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सेवाएं देने के लिए इन्हें भी आकर्षक मानदेय राशि दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तेजी से नए मेडिकल कॉलेजेस स्थापित हो रहे हैं, ऐसे में अधिक संख्या में डॉक्टर्स की आवश्यकता होगी। बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रमोट कर, इनके मानदेय को रिवाईज़ कर सभी नए मेडिकल कॉलेजेस एवं फील्ड के अस्पतालों में इनकी सेवाएं ली जाए।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बताई तीन साल की कार्ययोजना

बैठक में उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि अगले तीन सालों में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सीएम-केयर योजना के सफल क्रियान्वयन को कार्य योजना में ले लिया गया है। वर्ष 2028 की समाप्ति तक राजगढ़, मंडला, छतरपुर, उज्जैन, दमोह एवं बुधनी में निर्माणाधीन गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज प्रारंभ कर देने का लक्ष्य रखा गया है। सभी संभागीय मुख्यालय में कैथलैब की स्थापना भी वर्ष 2028 तक कर दी जाएगी। वर्ष 2028 तक मातृ मृत्यु दर 100 प्रति लाख जीवित जन्म करने का लक्ष्य है। खाद्य प्रशासन के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्ष 2025-26 के लिए 41.07 करोड़ रुपए की कार्य योजना मंजूर कर दी गई है। औषधि प्रशासन के सुदृढ़ीकरण के लिए 211 करोड़ रुपए की लागत से 5 साल की कार्ययोजना है।

# सहकारी संस्थाएं किसानों को सशक्त बनाने करेंगी सभी आवश्यक प्रयास

- **वर्ष 2026 को प्रदेश में कृषि एवं किसान वर्ष के रूप में मनाया जाएगा**
- **पंचायत स्तर पर पैक्स स्थापित किए जाएं, पैक्स के डिफॉल्टर किसानों को लाया जाएगा मुख्य धारा में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों को सशक्त बनाना, उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाना सहकारी संस्थाओं का मुख्य उद्देश्य है। आगामी वर्ष 2026 को प्रदेश में कृषि एवं किसान वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलवाने और फसल चक्र के अनुसार उन्हें सुगमता से सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सहकारिता विभाग कृषि विपणन सहकारी समितियां को मजबूत बनाने बनाने पर विशेष ध्यान दे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे। सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने अपेक्स बैंक की 4 करोड़ 27 लाख 4 हजार 190 रुपए अंश पूंजी का लाभांश चेक मुख्यमंत्री को भेंट किया। बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता इस अवसर पर उपस्थित थे। बैठक में अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण, खाद और बीज वितरण, कृषि उपज के समर्थन मूल्य पर उपार्जन, उचित मूल्य दुकानों के संचालन और सहकार से समृद्धि के अतहत संचालित गतिविधियों के तहत पिछले 2 वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों, नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में आगामी 3 वर्ष की कार्य योजना पर भी विचार विमर्श हुआ।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की सहकारिता विभाग की समीक्षा**



बैठक में अधिकारियों से जानकारी लेते मुख्यमंत्री डॉ. यादव और सहकारिता मंत्री सारंग।

### पंचायत स्तर पर पैक्स स्थापित किए जाएं: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समीक्षा बैठक में कहा कि पंचायत स्तर पर पैक्स स्थापित किए जाएं। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों का प्राथमिकता के आधार पर कंप्यूटराईजेशन किया जाए, ताकि किसानों को सुगमता और पारदर्शिता के साथ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने समिति के पदाधिकारियों के लिए प्रतिवर्ष संपत्ति का वार्षिक विवरण आवश्यक रूप से देने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### 15 कमजोर जिला सहकारी बैंकों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रत्येक को 50-50 लाख उपलब्ध

कुल 4460 कॉमन सर्विस सेंटर, 4518 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र, 63 जन औषधि केन्द्र, 59 जल कर वसूली केन्द्र, दो एग्री ड्रोन और 25 इफ्को आउटलेट की व्यवस्था की गई है। अब तक पैक्स को 4060 तथा डेयरी समिति को एक माइक्रो एटीएम वितरित हुआ। सहकारी कानूनों में जनसामान्य की सुविधा की दृष्टि से संशोधन किए गए हैं। सहकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी से सहकारी समितियों को व्यवसाय के नए अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। किसानों से पूसा बासमती धान क्रय करने के लिए किसानों का आर्थिक लाभ सुविधा सुनिश्चित करते हुए मैजिस्टिक प्रायवेट लिमिटेड से अनुबंध किया गया है।

#### विभाग की 2 वर्ष की उपलब्धियां

15 कमजोर जिला सहकारी बैंकों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रत्येक जिला बैंक को 50-50 लाख रुपए की अंशपूंजी शासन की ओर से उपलब्ध कराई गई है। मप्र एम-पैक्स के कम्प्यूटराईजेशन और ऑनलाईन ऑडिट में देश में सबसे आगे है। किसानों को उनके खातों के संबंध में जानकारी एसएमएस से उपलब्ध कराई जा रही है। पैक्स के सोसाइटी मैनेजर के लिए कैडर व्यवस्था लागू की गई है। राष्ट्रीयकृत बैंकों के मापदंड के अनुरूप सहकारी बैंकों में प्रबंधकों और बैंकिंग सहायकों की भर्ती तथा प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

#### पराली की समस्या के निराकरण की दिशा में भी कार्य

पराली की समस्या के निराकरण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। बीज संघ ने बीज व्यवसाय को प्रोत्साहन देने के लिए एमपी चीता ब्रांड लांच किया है। नवीन एम पैक्स, डेयरी सहकारी समिति और मत्स्य सहकारी समिति के तहत कुल 1,601 समितियों का गठन किया गया है। मप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अभिनव पहल सीपीपीपी के तहत 19 एमओयू का निष्पादन किया गया। कंपनियों से 10,000 से अधिक विस्थापित लोगों की 350 सहकारी समितियां गठित कराकर विस्थापितों को सुरक्षा गार्ड, माली, श्रमिक जैसे कार्यों के लिए रोजगार दिया गया।

# हिसार और करनाल में सेन भवन के लिए प्लाट देगी सरकार : मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

- संत शिरोमणि सेन भगत की जयंती पर लाडवा में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत-महात्मा और गुरु हमारी अमूल्य धरोहर हैं। उनकी शिक्षाओं से हम सबको मार्गदर्शन मिलता है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम इन महान विभूतियों की विरासत को संभालें और सहेज कर रखें। इसी उद्देश्य से सरकार ने प्रदेश में संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना चलाई हुई है। मुख्यमंत्री ने यह बात वीरवार को कुरुक्षेत्र के लाडवा में संत शिरोमणि सेन भगत की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहीं। उन्होंने इस दौरान करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की घोषणा करते हुए कई बड़ी सौगातें भी दी। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि सेन समाज को हिसार में नियमानुसार आवेदन करने पर एक प्लाट दिया जाएगा। करनाल में प्लाट के लिए किए गए आवेदन को स्वीकार किया जाएगा। प्रदेश के किसी एक शिक्षण संस्थान का नाम संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के नाम से रखा जाएगा। पानीपत में संत शिरोमणि सैन महाराज का भव्य मुख्य द्वार बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने समाज को 51 लाख रुपए, मंत्री रणबीर गंगवा, कृष्ण बेदी और श्याम सिंह राणा की तरफ से 11-11 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की है कि समाज के अधीन चल रहा कोई भी विकास कार्य रुकने नहीं दिया जाएगा।

## पैसे के लेन-देन को लेकर की थी आरोपी ने वारदात

# दो भाइयों पर जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले के बम्हनीडीह थाना क्षेत्र में हत्या की नीयत से दो भाईयों पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी जागेश्वर दास महंत 33 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से चाकू को बरामद किया गया है।

मिली जानकारी अनुसार, 3 दिसंबर की दोपहर 1.30 बजे शिवम सोनी, शिवा सोनी अपने दो अन्य साथियों के साथ मंदिर के पास खड़ा था। इस बीच रोगदा गांव का जागेश्वर महंत मोटर साइकिल से आया और गाली-गलौज कर अपने पास रखे चाकू से हमला कर दिया। जिससे शिवा सोनी के पेट में चाकू से गंभीर चोट आई है तब बीच-बचाव के लिए शिवम सोनी, नीरज सोनी पर भी हमला किया है। जिसके बाद वह से जागेश्वर भाग निकला। बम्हनीडीह थाने में अपराध दर्ज कर आरोपी जागेश्वर महंत की तलाश की गई। जिसपर पुलिस को सूचना मिलने पर उसे गांव से घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस हिरासत में लेकर पूछने पर बताया कि पुरानी पैसे के लेन देन पर पैसा नहीं देने पर हत्या की नीयत से हमला करने की बात स्वीकार की है।

# जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक वेटलिफ्टिंग में राकेश प्रथम

**कांकेर।** जिले के दुर्गूकोंदल ब्लॉक के ग्राम चिहरो निवासी 22 वर्षीय राकेश कुमार चुरेंद्र ने वेटलिफ्टिंग में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय बस्तर ओलिंपिक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले राकेश की यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। जिला स्तरीय बस्तर ओलिंपिक में राकेश ने 65 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने बताया कि यह क्षण उनके लिए बेहद गर्व और उत्साह से भरा हुआ था। अपने संघर्ष और मेहनत को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति और उपकरणों की कमी ने कई बार मुश्किलें पैदा की, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। आगामी बस्तर जिले में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता को लेकर राकेश बेहद उत्साहित हैं और लगातार तैयारी कर रहे हैं।

## दिसंबर के आखिरी सप्ताह में मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से चार जिला अस्पतालों के भूमिपूजन के लिए किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी दी हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश में चार पीपीपी मोड पर जिला अस्पताल का भूमिपूजन करने का निर्णय लिया गया है।

डॉ. मोहन यादव ने अस्पतालों के भूमिपूजन के लिए नड्डा को आमंत्रित किया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि दिसंबर के आखिरी सप्ताह में उनका मध्य प्रदेश में दौरा होगा।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से भेंट करते सीएम।

### पीपीपी मोड पर होगा निर्माण

*नड्डा ने कहा कि पीपीपी मोड पर बनने वाले जिला अस्पतालों के भूमिपूजन की शुरुआत की जाएगी। बता दें कि मध्य प्रदेश में चार जिलों में पीपीपी मोड पर जिला अस्पताल बनाने का मध्य प्रदेश की सरकार ने कैबिनेट में फैसला किया था। जिसके बाद प्रदेश के अलग-अलग जिलों में जिला अस्पताल बनाने के लिए जमीन भी आवंटित की थी।*



## चिंतन

# एसआईआर पर लगी अब 'सुप्रीम' मुहर

विपक्ष द्वारा किए जा रहे शोर-शराबे और हंगामे के बीच अब सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) पर मुहर लगा दी है। गुरुवार को शीर्ष अदालत में भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारी एसआईआर सहित दूसरे वैधानिक कामों को करने के लिए बाध्य हैं। वहीं, राज्य सरकारों का भी कर्तव्य है कि वे चुनाव आयोग (ईसी) को कर्मचारी उपलब्ध करवाएं। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से साफ है कि अब एसआईआर का काम रुकने वाला नहीं है। हालांकि शीर्ष अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि वे एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के काम के दबाव को कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती पर विचार करें। इससे बीएलओ पर काम का दबाव कम होगा। बता दें कि एसआईआर में लगे अब तक 29 बीएलओ की मौत हो चुकी है। वहीं, चुनाव आयोग ने 30 नवंबर को एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश को देश के 12 राज्यों में चल रहे गहन वोटर पुनरीक्षण यानी एसआईआर पर विपक्ष के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर कराने को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारों को चुनौती नहीं दी जा सकती। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसके पास ऐसा करने का पूरा संवैधानिक और कानूनी अधिकार है। शीर्ष अदालत ने इस प्रक्रिया को रोकने से साफ इनकार कर दिया। इसके साथ ही यह भी कहा कि अगर इसमें कोई अनियमितता सामने आई तो वह तुरंत सुधार के आदेश देगा। बेंच ने राजद सांसद मनोज झा की याचिका पर कहा कि एसआईआर की जरूरत पर सवाल उठाने वाले तर्कों में कोई दम नहीं है। सीजेआई ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव को त्योहार की तरह मनाया जाता है। वहां हर व्यक्ति को पता होता है कि गांव का निवासी कौन है और कौन नहीं। वहां अधिकतम मतदान होता है और लोग अपने वोट को लेकर बहुत सजग रहते हैं। मतदाता सूची को शुद्ध और अपडेट रखना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है और इसके लिए वह जरूरी कदम उठा सकता है। इसके लिए उसे रोका नहीं जा सकता। एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर कोई ठोस शिकायत अभी तक सामने नहीं आई है, इसलिए इसे रोकने का कोई आधार नहीं बनता। अगर कोई वास्तविक शिकायत या अनियमितता सामने आती है तो वह तुरंत हस्तक्षेप करेगा और सुधार के आदेश देगा। कोर्ट ने यह भी भरोसा दिलाया कि कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया की वजह से अपने अधिकार से वंचित न हो, इसके लिए वह चौकस रहेगा। राजद सांसद मनोज झा ने अपनी याचिका में एसआईआर को लोगों को मताधिकार से वंचित करने की सुनियोजित कोशिश बताया था। कोर्ट ने हालांकि प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि अभी तक कोई ऐसा सबूत नहीं दिया गया है जिससे यह लगे कि यह प्रक्रिया व्यापक स्तर पर लोगों को नुकसान पहुंचा रही है। यह मामला अब आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर लिया गया है, लेकिन फिलहाल एसआईआर का काम पूरे देश में निर्बाध रूप से जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इसे रोकने से इनकार कर विपक्ष को तगड़ा झटका दिया है।



शिखर सम्मेलन

प्रभात कुमार रॉय


# पुतिन की भारत यात्रा के आयाम

अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के विकट कूटनीतिक दबाव के बावजूद भारत द्वारा राष्ट्रपति पुतिन का खैरमकदम रेड कार्पेट बिछाकर किया गया है। यह साबित करता है कि भारत अपनी रणनीतिक खुदमुख्तारी पर अडिग है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस की संसद ड्यूमा द्वारा इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट एग्रीमेंट को पारित कर दिया गया है। इस एग्रीमेंट के तहत दोनों देशों को एक-दूसरे के देश में अपनी सेनाओं को भेजने, इंडिया और रशिया के युद्धपोतों को एक-दूसरे देश के बंदरगाहों में प्रवेश करने, एयर स्पेस, और एयर फील्ड्स को इस्तेमाल करने की अनुमति प्रदान की गई है।

भारत और रूस के वार्षिक शिखर सम्मेलन के अवसर पर राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की नई दिल्ली यात्रा से भारत और रूस के मध्य एक नए कूटनीतिक युग का सूत्रपात हो चुका है। अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के विकट कूटनीतिक दबाव के बावजूद भारत द्वारा राष्ट्रपति पुतिन का खैरमकदम रेड कार्पेट बिछाकर किया गया है। यह साबित करता है कि भारत अपनी रणनीतिक खुदमुख्तारी पर अडिग है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस की संसद ड्यूमा द्वारा इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट एग्रीमेंट को पारित कर दिया गया है।

इस एग्रीमेंट के तहत दोनों देशों को एक-दूसरे के देश में अपनी सेनाओं को भेजने, इंडिया और रशिया के युद्धपोतों को एक-दूसरे देश के बंदरगाहों में प्रवेश करने, एयर स्पेस, और एयर फील्ड्स को इस्तेमाल करने की अनुमति प्रदान की गई है। विगत तीन वर्षों से अमेरिका और यूरोपियन यूनियन राष्ट्रपति पुतिन को वैश्विक मंचों से अगल-थलग करने के प्रयास में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद से ही भारत वस्तुतः सोवियत रूस का एक अत्यंत निकट रणनीतिक साझीदार देश रहा। वर्ष 1991 में सोवियत रूस के राजनीतिक विघटन के तत्पश्चात भी भारत और रूस के मध्य स्थापित हुए ताल्लुकात में रणनीतिक निकटता और आर्थिक सहयोग बाकायदा बरकरार रहा। एक ऐसा ऐतिहासिक दौर भी था, जबकि विखंडित भारत से जन्म लिए मुल्क पाकिस्तान का अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों की शक्तियां प्रबल तौर से सैन्य समर्थन कर रही थी। अमेरिका के नेतृत्व में पाकिस्तान को सैन्य संगठन सेंट्रल मिलिट्री ट्रिटी ऑर्गनाइज़ेशन (सैंटो) का सक्रिय सदस्य बनाया गया था। तत्कालीन सोवियत रूस द्वारा कामरेड खुरुश्चोव के काल से ही भारत को प्रबल आर्थिक सहयोग और सैन्य समर्थन प्रदान किया गया।

पाकिस्तान और भारत के मध्य अक्तूबर 1947 से पाक आक्रमण से उपजे रक्तरंजीत कश्मीर विवाद पर संयुक्त राष्ट्र की सिक्योरिटी काउंसिल में भारत के समर्थन में रूस द्वारा छह दफा वीटो अंजाम दिया गया। आज के दौर में जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह से कमर कसकर पाकिस्तान का पक्ष लेने और उसकी सक्रिय हिमायत करने में उतारू हो गए हैं और भारत के विरुद्ध अन्यायपूर्ण तौर पर टैरिफ आयद करने के निरंतर एक के बाद एक निर्णय ले रहे हैं। भारत के लिए संकटपूर्ण आर्थिक दौर में रूस के राष्ट्रपति पुतिन द्वारा भारत के समक्ष प्रबल रणनीतिक और आर्थिक सहयोग स्थापित करने की कूटनीतिक पेशकश की गई है। राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पस्कोव ने बयान में कहा कि देखना है कि भारत और रूस के मध्य सहयोग को शिखर बिंदु पर ले जाए जाने की राष्ट्रपति पुतिन की पेशकश को भारत किस अंदाज से स्वीकार करता है। पेस्कोव ने आगे फरमाया कि भारत के साथ रूस अपना आर्थिक और रणनीतिक सहयोग कूटनीतिक सरहदों से कहीं अधिक ऊपर जाकर स्थापित करने के लिए तत्पर है। उन्होंने अपने कूटनीतिक अंदाज में कहा कि भारत जिस हद तक रूस के साथ सहयोग के लिए अपने कदमों को आगे बढ़ाएगा, निश्चित तौर पर रूस भी भारत के साथ उसी गति से अधिकाधिक सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हो जाएगा। भारत की अपनी



यात्रा प्रारंभ करने से ठीक पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भी अपने बयान में कहा कि रूस की सरकार भारत के साथ अपने संबंधों को एक उच्च शिखर तक ले जाना चाहती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारणवश रूस अनेक वर्षों से अमेरिका और यूरोपियन यूनियन द्वारा आयद किए गए कड़े आर्थिक प्रतिबंधों का निरंतर सामना कर रहा है। इस कारण रूस की आर्थिक और सैन्य निर्भरता चीन के ऊपर बहुत अधिक बढ़ गई है।

चीन पर रूस की बढ़ती हुई निर्भरता को संतुलित करने की खातिर रूस के राष्ट्रपति पुतिन को भारत के रणनातिक और आर्थिक सहयोग की प्रबल आवश्यकता प्रतीत हो रही है। अतः राष्ट्रपति पुतिन भारत को चीन के समकक्ष रणनीति दर्जा प्रदान करने के लिए तैयार हो गए और चीन पर निरंतर बढ़ती हुई रूस की निर्भरता को भारत के साथ मिलकर संतुलित करने का जोरदार प्रयास कर रहे हैं। सर्वविदित है कि विश्व पटल पर शीत युद्ध का एक बार फिर से आगाज हो चुका है और दुनिया दो सैन्य गुटों में विभाजित होती हुई नज़र आने लगी है। जहां एक तरफ अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य शक्तियां विद्यामान हैं, तो दूसरी तरफ रूस, चीन और ईरान आदि अनेक देशों का सैन्य गुट सन्नद है। आजादी के संपूर्ण दौर में भारत परंपरागत तौर पर नेहरू युग से ही एक गुटनिरपेक्ष देश रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौर में भी स्वतंत्र विदेश नीति पर बाकायदा गतिशील रहते हुए, भारत ने गुटनिरपेक्ष नीति का सदैव अनुसरण किया है। रूस का अत्यंत निकट रणनीतिक सहयोगी देश होते हुए भी रूस की खातिर, भारत द्वारा अमेरिका का कदाचित परित्याग नहीं किया गया। वर्ष 2001 में अमेरिका के न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर 9/11 के नृशंस जेहादी आक्रमण के पश्चात भारत और अमेरिका राजनीतिक और रणनीतिक रूप से निकट आ गए। वर्तमान काल में अघोषित शीत युद्ध के दौर में भारत अनेक विकट चुनौतियों से जूझ रहा है। खासतौर पर अमेरिका द्वारा पेश की गई टैरिफ आक्रमण की भीषण चुनौती से भारत का सामना है। वर्ष 1971 में बांग्लादेश युद्ध करते हुए भारत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में सोवियत रूस के साथ एक 20 वर्षीय सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए थे, तब भी अपनी स्वतंत्र गुटनिरपेक्ष नीति पर भारत बाकायदा कायम बना रहा और अपने संबंधों को किसी भी तौर पर पाकिस्तान का सैन्य समर्थन करने वाले अमेरिका के साथ कदाचित शिथिल नहीं होने दिया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भयानक तौर पर किए जा रहे टैरिफ आक्रमणों के बावजूद भारत ने अभी तक अमेरिका के विरुद्ध कोई प्रतिशोधात्मक कार्यवाही नहीं की है। भारत द्वारा अमेरिका के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट अंजाम देने के प्रयास निरंतर जारी रखे गए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत की निर्भरता रक्षा क्षेत्र में रूस से निरंतर आयात की जाती रही सैनिक सैन्य सामग्री पर सदैव से रही है। भारत के रक्षा क्षेत्र में तकरीबन 70 फ़ीसदी आधुनिकतम हथियार रूस द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक नेटवर्क से जुड़कर भारत को बेहद फायदा होगा। भारत द्वारा विगत कुछ वर्षों से बहुत बड़े पैमाने पर रूस से कच्चे तेल का आयात किया जाता रहा है। रूस से कच्चा तेल आयात करने में फिलहाल 30 फीसदी की कटौती कर दी गई है। भारत और रूस के मध्य व्यापार संतुलन वस्तुतः रूस के पक्ष में कायम बना रहा है। राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान भारत और रूस के परस्पर व्यापार संतुलन पर भी एक समझौता अंजाम दिया गया है, ताकि व्यापार संतुलन को स्थिर करने के लिए भारत से रूस को इंजीनियरिंग सामान, फार्मास्यूटिकल, रसायन, कृषि सामान का निर्यात बढ़ाया जाएगा। इसके अतिरिक्त कपड़ा, परिधान, चमड़े के समान, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ भी भारत से बड़े पैमाने पर आयात किए जाएंगे।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नामकरण

प्रो. महेश चंद गुप्ता



# भारतीय संस्कृति में नाम बदलने के निहितार्थ

अक्सर कहा जाता है कि नाम में क्या रखा है? लेकिन भारतीय संस्कृति इस प्रश्न का सीधा उत्तर देती है कि नाम में ही सब कुछ रखा है। हमारे यहां 'यथा नाम तथा गुण' की परंपरा उतनी ही पुरानी है जितनी हमारी सभ्यता। जब हम 'राम' का नाम लेते हैं तो हमारे भीतर स्वतः शांति, करुणा और मर्यादा का भाव जाग उठता है। 'कृष्ण' का नाम लेते ही मन में प्रेम, और मधुरता की अनुभूति होती है। हमारी मान्यताओं के अनुसार नाम एक ध्वनि है, ऊर्जा है, पहचान है और दिशा है। इसीलिए हमारे समाज में नाम केवल किसी की पहचान ही नहीं है बल्कि यह व्यक्तित्व और नेतृत्व का वाहक है। मौजूदा दौर में जब दुनिया के अनेक देशों में मूल्यहीनता, आपसी संघर्षों, तानाशाही और सत्ता केंद्रित शासन का बोलबाला है, तब मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ', राजभवनों का नाम 'लोक भवन' और केंद्रीय सचिवालय का नाम 'कर्तव्य भवन' करके एक गहरी सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित किया है। यह केवल बोर्ड बदलने अथवा दीवारों पर नई पट्टिका लगाने का कदम भर नहीं है, बल्कि इसके पीछे शासन की आत्मा बदलने वाले सांकेतिक, दार्शनिक और वैचारिक बदलाव की भावना निहित है। पीएम नरेंद्र मोदी बार-बार कहते रहे हैं कि वे प्रधान सेवक हैं और उनका कार्य सत्ता का प्रदर्शन नहीं बल्कि सेवा की साधना है। उनके इसी मनोभाव के अनुरूप प्रधानमंत्री कार्यालय को अब सेवा तीर्थ कहा जाएगा। हमारे यहां तीर्थ शब्द का बड़ा महत्व है। तीर्थ शब्द पवित्रता, तप, श्रद्धा और जन कल्याण के भाव को व्यक्त करता है। हम तीर्थ उन स्थानों को कहते हैं, जहां लोग समाधान, शांति और आशा की उम्मीद लेकर जाते हैं। मोदी सरकार ने पीएमओ को तीर्थ कहकर यह संदेश दिया है कि वहां सत्ता संचालन नहीं, सेवा का कार्य होगा। इसी प्रकार राज भवनों का नाम बदलकर लोक भवन करना एक क्रांतिकारी कदम है। 'राज' शब्द में हमेशा एक दूरी, एक अधिकार और सत्ता भाव का अहसास जनमानस को होता रहा है। 'लोक' शब्द में अपनापन, भागीदारी और साझेदारी का भाव समाया हुआ है। केंद्रीय सचिवालय का नाम कर्तव्य भवन रखने के पीछे नौकरशाही में सेवा भाव और कर्तव्य बोध का संचार करने का भाव निहित है। दशकों से इसे अधिकार, फाइलों की गति, निर्णयों की शक्ति और नौकरशाही की ताकत का प्रतीक माना जाता रहा है लेकिन अब जब इसका नाम कर्तव्य भवन कर दिया गया है तो अब प्रत्येक अधिकारी को हर घड़ी स्मरण रहेगा कि शासन का आधार अधिकार नहीं, कर्तव्य है। दो दिन पहले तक जब हम प्रधानमंत्री कार्यालय सुनते थे तो मन में एक विशाल, अधिकार प्रदर्शित करने वाली इमारत का भाव आता था लेकिन सेवा तीर्थ नाम सुनते ही मन में एक अलग ही पवित्रता, जनता से जुड़ाव और विनम्रता का भाव उमड़ने लगा है। यही इस नामकरण का वास्तविक निहितार्थ है। नाम हमेशा भाव जगाते हैं, भाव संस्कृति गढ़ते हैं और संस्कृति राष्ट्र का चरित्र तय करती है। मोदी सरकार ने सिर्फ नाम ही नहीं बदले हैं बल्कि संदेश दे दिया है कि अब सत्ता जनता के पास लौट रही है। राजभवन अब उस पुराने औपनिवेशिक प्रतीक जैसे नहीं रहेंगे जहां जनता दूर खड़ी ताकती रहे। मेरे विचार में भविष्य में यह भी संभव है कि प्रधानमंत्री कार्यालय और राजभवनों तक जनता की सहज पहुंच और बढ़े क्योंकि मोदी सरकार का संकल्प ही जनता का शासन, जनता के लिए शासन और जनता के बीच रहकर शासन है। मोदी सरकार और जनता के बीच कोई दूरी नहीं चाहते हैं। देश में यह पहला अवसर है जब कोई सरकार हर मोर्चे पर कर्तव्य-पथ, अमृत काल और सेवा जैसे शब्दों को अपने कामकाज की आधारशिला बनाकर काम कर रही है। ऐसे में अब कर्तव्य भवन केवल नाम नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय मनोवृत्ति का निर्माण करने वाला है। यह नाम एक ऐसी भावना को बढ़ाएगा जो नौकरशाही को अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील और नैतिक बनाएगी। यह नामकरण भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का महत्वपूर्ण अध्याय है। हम सब जानते हैं कि मोदी सरकार ने पहले भी कई औपनिवेशिक, विदेशी आक्रांताओं के नाम वाले और अप्रासंगिक नामों को बदलकर भारतीयता से जुड़े नाम स्थापित किए हैं। राजपथ को कर्तव्य पथ बनाना और मुगल गार्डन को अमृत उद्यान बनाना इसके बड़े उदाहरण हैं। सरकार भारतीय संस्कृति को उसका खोया हुआ गौरव लौटाने के लिए हर काम करना चाहती है। इन नामों के परिवर्तन के साथ ही भारत एक नए दौर में प्रवेश कर गया है, जहां शासन सेवा का प्रतीक बनेगा, सत्ता आमजन के समीप आएगी और प्रशासन अधिकारों का नहीं, कर्तव्य की भावना का प्रतीक बनकर उभरेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित

दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

# झूठे आरोप का सामना धैर्य के साथ करें




संकलित

प्रेरणा

महाभारत की कथा है। उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वही गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जैविक खेती को बढ़ावा मिले

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों पर उनका विपरीत असर भी पड़ता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है।

*– हरीश यादव, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# कुछ लोग घोर प्रतिस्पर्धी व कुछ काफी शांत क्यों होते हैं

यदि आप कभी अंडर-12 टीम का खेल देखने मैदान के किनारे बैठे हों, तो आपको पता होगा कि कुछ बच्चे बेहद प्रतिस्पर्धी होते हैं, जबकि अन्य केवल सामाजिक मेलजोल के लिए वहां होते हैं। कार्यस्थल पर दो सहकर्मी एक ही जैसे कार्य पर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे सकते हैं, जहां एक खुद को साबित करने के लिए बहुत अधिक प्रयास करेगा, जबकि दूसरा इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लेगा। और हम सब जानते हैं कि पारिवारिक माहौल में क्या होता है। यह इस बात की याद दिलाता है कि प्रतिस्पर्धा सबसे करीबी रिश्तों की भी परीक्षा ले सकती है। कम या ज्यादा प्रतिस्पर्धी होने के अपने फायदे और नुकसान हैं, और ये पूरी तरह से संदर्भ पर निर्भर करते हैं। लेकिन असल में हम कितने प्रतिस्पर्धी हैं, इस अंतर को कौन सी चीज प्रभावित करती है, और क्या हम बदलाव का विकल्प चुन सकते हैं? प्रतिस्पर्धा आखिर है क्या : प्रतिस्पर्धा सिर्फ जीतने की चाहत से कहीं बढ़कर है। यह दूसरों से बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश और अपने आस-पास के लोगों से अपनी तुलना करके सफलता का मूल्यांकन करने की एक जटिल प्रवृत्ति है। लोग प्रतिस्पर्धी होने के पहलुओं का आनंद ले सकते हैं, जिसमें शामिल प्रयास और अच्छा प्रदर्शन, दोनों से संतुष्टि मिलती है।



## ऑफ बीट

# नाइजीरियाई लोगों पर वीजा प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका

अमेरिका ने घोषणा की है कि वह नाइजीरिया में ईसाइयों के खिलाफ सामूहिक हत्याओं और हिंसा में शामिल इस पश्चिम अफ्रीकी देश के नागरिकों और उनके परिवारों के सदस्यों पर वीजा प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई पश्चिम अफ्रीकी देश में लंबे समय से जारी जटिल सुरक्षा संकट का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में नाइजीरिया में 'चरमपंथी इस्लामवादियों' द्वारा 'ईसाइयों की हत्या' का जिक्र किया था। पिछले महीने ट्रंप ने अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन को ईसाई उत्पीड़न के दावों के मद्देनजर नाइजीरिया में संभावित सैन्य कार्रवाई की योजना शुरू करने का भी आदेश दिया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'अमेरिका, नाइजीरिया और उससे बाहर चरमपंथी इस्लामी आतंकवादियों, फुलानी जातीय मिलिशिया और अन्य हिंसक तत्वों द्वारा ईसाइयों के खिलाफ सामूहिक हत्याओं और हिंसा के जवाब में निर्णायक कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह नीति धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन में शामिल अन्य सरकारों या व्यक्तियों पर भी लागू होगी और ये प्रतिबंध आप्रवासन एवं राष्ट्रीयता अधिनियम के तहत एक नयी नीति के अनुरूप हैं।



## ट्रेंड

### स्वराज कौशल को श्रद्धांजलि



स्वराज कौशल के निधन से बहुत दुःख हुआ। वे भारत के सबसे युवा राज्यपाल बने और अपने कार्यकाल के दौरान मिज़ोरम के लोगों पर अमिट छाप छोड़ी। सांसद के रूप में उनकी अंतर्दृष्टि भी उल्लेखनीय थी। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नया मिस्ट स्प्रे सिस्टम



आईटीओ पर नया मिस्ट स्प्रे सिस्टम। हेवी ट्रैफिक वाले इस हाई-इंटेंसिटी ज़ोन में धूल कणों को नियंत्रित कर वायु गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर निगरानी तंत्र तक, नियमों की सख्ती से लेकर तकनीक के विस्तार तक, हर मोर्चे पर हम मिशन मोड में काम कर रहे हैं।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### रुपए की कीमत गिरी



रुपया आज 90 पार कर चुका है। सरकार चाहे कोई भी ढिंढोरा पीटे, रुपए की क़ीमत गिरने से ये पता चलता है कि देश की असली आर्थिक परिस्थिति क्या है। अगर मोदी सरकार की नीति ठीक होती तो रुपया नहीं गिरता ! देश आप से जवाब मांग रहा है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### आंध्र प्रदेश में करेंगे निर्माण



हम पूरे आंध्र प्रदेश में बंदरगाहों, हरित ऊर्जा, एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स विश्वविद्यालय और विश्वस्तरीय शहर अमरावती के निर्माण सहित अपने विस्तार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

**- गौतम अदाणी, उद्यमी**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## लोकसभाः कांग्रेस सदस्यों ने पान मसाला पर उपकर विधेयक को 'इंस्पेक्टर राज' की वापसी बताया

# 'जल जीवन मिशन' को लेकर सांसदों की तरफ से जो शिकायतें आई हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगीः पाटिल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बृहस्पतिवार को लोकसभा में कामकाज सामान्य रहा। पहले दिन विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की बैठक सुचारू रूप से नहीं चल पायी थी। कांग्रेस सदस्यों ने बृहस्पतिवार को पान मसाला पर उपकर लगाने वाले विधेयक को 'इंस्पेक्टर राज' की वापसी करने वाला कदम करार दिया और कहा कि इसे प्रवर समिति के पास भेजा जाना चाहिए। भाजपा सदस्यों ने विधेयक के लिए सरकार की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों हितों को साधा गया है। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि पान मसाला के उत्पादन पर उपकर लगाने के प्रावधान का मकसद स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाना है तथा इससे मिलने वाले राजस्व का एक हिस्सा राज्यों के साथ साझा किया जाएगा।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि 'जल जीवन मिशन' को लेकर सांसदों की तरफ से जो शिकायतें आई हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा इस योजना में किसी भी तरह की गड़बड़ी स्वीकार नहीं की जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि टोल संग्रह की मौजूदा प्रणाली एक साल के भीतर समाप्त हो जाएगी और इसकी जगह एक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली लेगी, जो राजमार्ग से गुजरने वालों की निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करेगी।

भाजपा सांसद अरुण गोविल ने मस्जिदों और मदरसों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग करते हुए कहा कि ये भी बड़े सार्वजनिक और सामुदायिक स्थल हैं, जहां सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान कहा कि वर्तमान में देशभर में मंदिर, चर्च, गुरुद्वारे, कॉलेजों, अस्पतालों, बाजारों और अधिकांश सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जा चुके हैं।

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने देश में कोचिंग प्रणाली पर सवाल उठाते हुए बृहस्पतिवार को सरकार से मांग की कि चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट की पूरी तरह समीक्षा की जाए। टैगोर ने लोकसभा में शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) ने मेरिट को बढ़ावा नहीं दिया है, बल्कि निजी कोचिंग संस्थानों को मजबूत करके और स्कूलों को कमजोर करके शिक्षा का व्यावसायीकरण किया है। समाजवादी पार्टी (सपा) की एक सांसद ने उत्तर प्रदेश में नकली कफ सिरप की बिक्री का मुद्दा बृहस्पतिवार को लोकसभा में उठाया और पूरे मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराने की सरकार से मांग की।

### राज्यसभा में विरोध का स्वर थमा, तेजी से निपटे विधायी कार्य

शीतकालीन सत्र के चौथे दिन राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार को अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रही। प्रश्न काल, विशेष उल्लेख, ज़ीरो ऑवर सहित विधेयक पर सारगर्भित चर्चा में पक्ष विपक्ष दोनों ओर से स्वस्थ विमर्श हुआ। हालांकि दिल्ली-एनसीआर के गंभीर वायु-प्रदूषण और कर संशोधन से जुड़े मुद्दों पर सदन में तीखी बहस देखने को मिली। विपक्ष ने प्रदूषण को "राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपदा" करार देते हुए सरकार पर कड़े आरोप लगाए, वहीं सरकार ने विधायी एजेंडा आगे बढ़ाने पर फोकस किया।

**दिल्ली-एनसीआर प्रदूषण पर विपक्ष आक्रामक**

सत्र की शुरुआत में ही विपक्षी दलों ने प्रदूषण के मुद्दे पर सरकार को घेरा। कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने कहा कि दिल्ली में हवा इतनी खराब है कि लाखों लोगों का स्वास्थ्य खतरे में है।

---

### संसद के शीतकालीन सत्र के बीच कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेताओं ने केंद्र सरकार पर कई मोर्चों से तीखा हमला बोला

# रुपये में गिरावट, प्रदूषण और किसानों की ज़मीन का मामलाः राहुल, खरगे और जयराम बरसे

कांग्रेस सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदूषण-विरोधी प्रदर्शन भी किया

90 पार गया रुपया अर्थव्यवस्था की वास्तविक हालत दिखा रहा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के बीच कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेताओं ने केंद्र सरकार पर कई मोर्चों से तीखा हमला बोला। रुपये के 90 पार जाने से लेकर दिल्ली-एनसीआर की जहरीली हवा, किसानों की ज़मीन के कथित अधिग्रहण और युवाओं के लिए शुरू की गई इंटर्नशिप योजना की कथित विफलता पर मोदी सरकार की और सवाल उछाले गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने अलग-अलग मुद्दों पर केंद्र सरकार को निशाने पर लिया।

### "मौसम का मज़ा लीजिए"-प्रदूषित हवा पर पीएम के कथित बयान से विपक्ष आक्रोशित

दिल्ली-एनसीआर की जानलेवा हवा को लेकर खरगे ने एक और टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार प्रदूषण पर गंभीर नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया- "सीने में जलन, आँखों में तूफ़ान इस शहर में हर शख़्स परेशान क्यों है?" कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदूषण पर आम दिल्लीवासी परेशान हैं और प्रधानमंत्री कह रहे हैं-"मौसम का मज़ा लीजिए।" कांग्रेस सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदूषण-विरोधी प्रदर्शन भी किया।

### 90 पार गया रुपया, खरगे का तंज-जो सवाल 2014 में पूछते थे, आज वही उनसे पूछा जा रहा है

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रुपये के ऐतिहासिक गिरावट पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 90 पार कर चुका है, जो अर्थव्यवस्था की "वास्तविक हालत" को दिखाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुराने भाषण याद दिलाते हुए उन्होंने एक्स पर लिखा-"2014 से पहले मोदी जी कहते थे-'रुपया पतला क्यों हो रहा है, इसका जवाब देना पड़ेगा।' आज हम वही सवाल मोदी जी से पूछ रहे हैं। जवाब देना ही पड़ेगा।"

### राहुल का आरोप- दिल्ली देहात की ज़मीनें अमीरों के फायदे के लिए छीनी जा रहीं



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने "जन-संसद" में दिल्ली की सीमा से लगे ग्रामीण प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद कहा कि मोदी सरकार "विकास" के नाम पर गरीबों, किसानों और ग्रामीणों का हक़ छीन रही है। राहुल ने आरोप लगाया कि दिल्ली देहात में किसानों की ज़मीनों को हड़पने का "संगठित षडयंत्र" चल रहा है। यूपीए सरकार का मज़बूत भूमि अधिग्रहण कानून दरकिनार किया जा रहा है। लैंड पूलिंग नीतियों के नाम पर किसानों को "दबाव और धोखे" से उनकी पहचान और भविष्य से दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा वह संसद में ज़ोरदार तरीके से उठाएंगे और "दिल्ली देहात के हर नागरिक को न्याय दिलाकर ही रहेंगे।"

### जयराम रमेश का निशाना-पीएम इंटर्नशिप योजना मोदी सरकार की एक और विफलता

कांग्रेस महासचिव, एआईसीसी संचार विभाग के अध्यक्ष और राज्यसभा में मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को "पूरी तरह असफल" बताते हुए कहा कि इसका लक्ष्य 1.25 लाख युवाओं को अवसर देना था, लेकिन सिर्फ 2066 युवा ही इंटर्नशिप पूरी कर सके—यानी महज 1.6 फीसदी। एक्स पर पोस्ट करते हुए जयराम ने तंज किया "मोदी मॉडल का गवर्नेंस—बस इवेंट, शोर और हेडलाइन मैनेजमेंट।" उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने कांग्रेस के 'राइट टू अप्रेंटिसशिप' मॉडल की नकल की, लेकिन उसके पास न विज़न था, न क्षमता। उन्होंने दावा किया कि इस योजना के प्रचार प्रसार और विज्ञापन में जनता के 17 करोड़ रुपये बर्बाद हुए, सो अलग।



---

### राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर विदेशी मेहमानों को विपक्षी नेता से न मिलने देने का आरोप लगाया

# शिष्टाचार भेंट विदेशी प्रतिनिधिमंडल तय करता है कि वे किससे मिलेंगे, सरकार इसमें दखल नहीं देतीः पात्रा

***भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान को बताया गैरजिम्मेदाराना***



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के केंद्र सरकार पर विदेशी मेहमानों को नेता विपक्ष से नहीं मिलने देने के आरोपों पर पलटवार किया है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने पत्रकारों से कहा है कि राहुल गांधी ने नेता विपक्ष के तौर पर जो बयान दिए हैं, वह गैर-जिम्मेदाराना हैं। उनका दावा तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। इस मामले पर प्रियंका गांधी की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने सरकार से पूछा है कि विपक्ष के नेता को मिलने क्यों नहीं दे रहे हैं। भाजपा ने उनके बयान को तथ्यहीन और गैर-जिम्मेदाराना बताया है। राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर विदेशी मेहमानों को विपक्षी नेता से न मिलने देने का आरोप लगाया है।

गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी द्वारा दिए गया बयान गैर-जिम्मेदाराना हैं और तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। मेरा मानना है कि आज नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी ने जो कहा, वह न सिर्फ गलत है, बल्कि यह भारत की छवि को भी खराब करता है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत सरकार विदेशी मेहमानों को नेता प्रतिपक्ष से इसलिए मिलने नहीं देती क्योंकि सरकार में असुरक्षा की भावना है। पात्रा ने कहा कि भारत सरकार को असुरक्षा क्यों महसूस होगी? आज भारत दुनिया में एक इकॉनमिक स्तंभ है। हमारे देश को इस तरह से आंकना, खासकर जब रूसी राष्ट्रपति आने वाले हों, ठीक नहीं है, एक बात जो सभी को साफ तौर पर जाननी चाहिए, वह यह है कि जब कोई विदेशी प्रतिनिधिमंडल भारत आता है, तो सरकारी अधिकारियों और सरकार के साथ बैठक व्यवस्थित करना विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी है। जहां तक दूसरे अधिकारियों और लोगों के साथ शिष्टाचार भेंट का सवाल है तो विदेशी प्रतिनिधिमंडल तय करता है कि वे किससे मिलेंगे... वे तय करते हैं, सरकार इसमें दखल नहीं देती।

राहुल गांधी के इस आरोप पर भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा, इससे अधिक मजाकिया बात और कुछ नहीं हो सकती। उन्हें आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से ऊपर उठकर लोगों के लिए काम करना चाहिए। रूस के राष्ट्रपति भारत आ रहे हैं, ऐसे में विपक्ष के नेता को उनका स्वागत करना चाहिए और इस समय ऐसी नेगेटिव सोच के साथ सबके सामने नहीं आना चाहिए।

हमारी सरकार में सभी के लिए सम्मान और बराबरी की भावना है, विपक्ष के नेता को इज्जत से पेश आना चाहिए। वहीं भाजपा सासंद नरहरि अमीन ने कहा, राहुल गांधी को खुद सोचना चाहिए कि वह विदेश जाते हैं और भारत की बुराई कैसे कर सकते हैं? राजनीतिक मुद्दों पर भारत में चर्चा होनी चाहिए, लेकिन जब वह विदेश जाते हैं, तो वह भारत सरकार और देश की बुराई करते हैं। सरकार उन्हें या किसी विपक्षी पार्टी के सदस्य को उनके व्यवहार की वजह से क्यों रोकती है? अगर वे अपना व्यवहार सुधार लें, तो कोई सवाल ही नहीं उठता। कांग्रेस के जमाने में विपक्षी सदस्य थे जो सरकार का पक्ष लेते थे।

---

# राज्यसभा में नहीं दिया जा सकेगा कार्यस्थगन प्रस्ताव नियम 267 को साफ़ किया सभापति ने

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अब ये साफ़ हो गया की हर दिन राज्यसभा में जनहित का मामला बताकर नियम 267 के तहत सांसद आवेदन नहीं दे सकेंगे। देंगे तो समय की बर्बादी होगी। सभापति मानने को बाध्य नहीं होंगे। नियम 267 के तहत सभी सूचीबद्ध विधायी कार्यों की स्थगित कर हर दिन बखेड़ा खड़ा नहीं किया जा सकेगा।

नव निर्वाचित सभापति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को आसंदी से व्यवस्था देते हुए साफ़ कहा कि राज्यसभा में लोकसभा की तरह कार्यस्थगन प्रस्ताव नहीं दिया जा सकता। नियम 267 के तहत, यानी सभी विधायी कार्य रोक कर चर्चा की मंजूरी तभी दी जा सकती है जब उठाये जाने वाले विषय पूर्व से सूचीबद्ध हों। ज़ाहिर है ऐसा हर दिन संभव नहीं होगा। इसका असर ये होगा कि सांसदों को जनहित के अर्जेंट मुद्दे सूचीबद्ध करना कर ही 267 के तहत चर्चा की माँग करनी होगी।

उच्च सदन में सभापति ने कहा, मुझे आज भी नियम 267 के अधीन दो आवेदन मिले हैं। कुछ सदस्यों द्वारा की मांग के आधार पर, मैंने कल सभा में राज्य सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन विषयक नियमों के नियम 267 के अधीन दी जा रही सूचनाओं की स्थिति की समीक्षा कर निर्णय देने कि जानकारी दी थी। उन्होंने नियम की स्थिति साफ़ करते हुए सदन में कहा, माननीय सदस्यगण, मैंने यह देखा है कि नियम 267 के तहत लगभग प्रतिदिन सूचनाएं दी जा रही हैं, जिनका उद्देश्य सूचीबद्ध कार्य को स्थगित कराना होता है और अलग-अलग सदस्यों द्वारा उपयुक्त



समझे जाने वाले मुद्दों पर चर्चा कराये जाने की मांग करना होता है। खेद है कि नियम 267 का प्रयोजन यह नहीं है। अतः, इसके उपबंधों को स्पष्ट करना आवश्यक हो गया है।

सभापति ने बताया, सर्वप्रथम, यह समझना आवश्यक है कि राज्यसभा में नियम 267, लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव के समान नहीं है। स्थगन प्रस्ताव केवल लोकसभा के लिए है क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 75(3) का अनुप्रयोग वहीं होता है। राज्यसभा के सदस्यों को किसी भी प्रकार से स्थगन सूचना देने का प्राधिकार प्रदान करने का कोई भी संवैधानिक या प्रक्रियागत उपबंध विद्यमान नहीं है।

नियम 267 के अधीन किसी भी नियम को केवल उसी स्थिति में स्थगित किया जा सकता है जब वह विषय उसी दिन की सूचीबद्ध कार्यवाही से संबंधित हो । किसी भी सूचना में उस नियम का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए जिसे निलम्बित करने का प्रस्ताव है, तथा उसमें विधिवत रूप से तैयार किया गया प्रस्ताव भी शामिल होना चाहिए। सूचीबद्ध कार्यवाही से इतर किसी भी विषय पर दी गई सूचनाएं अमान्य होती हैं।

पूर्व के नियमों का हवाला देते हुए सभापति ने कहा, नियम 267 का वर्तमान स्वरूप वर्ष 2000 में इस सभा द्वारा स्वीकृत संशोधन का परिणाम है। वर्ष 2000 की नियम समिति की अध्यक्षता तत्कालीन राज्यसभा के सभापति कृष्णकांत ने की थी और इसके सदस्य डा. मनमोहन सिंह, प्रणब मुखर्जी, अरुण शौरी, एम. वेंकैया नायडू, स्वराज कौशल, फाली एस. नारीमन आदि जैसे प्रतिष्ठित सदस्य थे। समिति ने यह अनुशंसा थी कि नियम 267 को केवल सूचीबद्ध विषयों तक ही सीमित रखा जाए तथा जहां किसी नियम में पहले से ही निलम्बन का उपबंध उपलब्ध हो। तब राज्यसभा सभा ने 15 मई 2000 को इन अनुशंसाओं पर अपनी मंजूरी प्रदान कर दी।

हालांकि पूर्व में नियम 267 के तहत हुई चर्चा का उल्लेख करते हुए सभापति में कहा, माननीय सदस्यगण, इस बात पर ध्यान देना प्रासंगिक है कि 1988 से 2000 के बीच नियम 267 के तहत केवल 3 बार चर्चा हुई और इनमें से केवल दो अवसरों पर नियम का प्रयोग निर्धारित उपबंधों के अनुसार किया गया। इसके अलावा, वर्ष 2000 के संशोधन से लेकर अब तक, नियम 267 के अधीन कोई चर्चा नहीं हुई है। यद्यपि, आठ अवसरों पर सभा की सहमति से चर्चा हुई थी। माननीय सदस्य देख सकते हैं कि लगभग चार दशकों में नियम 267 का प्रयोग अत्यंत दुर्लभ अवसरों पर ही हुआ है।

इस संशोधन के पश्चात, नियम 267 केवल उसी विषय को लेने के प्रयोजन से किसी नियम को स्थगित करने की अनुमति देता है जो पहले से सूचीबद्ध हो, न कि किसी असंबंधित विषय को प्रस्तुत करने के लिए।

### वर्ष 2000 में किया था स्वीकृत

### आसान नहीं होगा नियम 267 की आड़ में सदन में हंगामा

- जिस नियम को स्थगित करना है उसका स्पष्ट उल्लेख ;
- वह मद किसी दिवस की सूचीबद्ध कार्यवाही से संबंधित होनी चाहिए;
- नियम 267 को प्रयोग करने के आधार स्पष्ट होने चाहिए;
- जहां कोई अन्य नियम कार्य स्थगन की अनुमति प्रदान करता हो, वहां नियम 267 का प्रयोग न किया जाए;
- ऐसे प्रस्ताव को विधिवत प्रारूप में तैयार किया गया हो।
- केवल वहीं सूचनाएं, जो इन सभी शर्तों को पूर्ण करती हों और जिन्हें सभापति की पूर्व स्वीकृति प्राप्त हो, सभा में ली जा सकती हैं।
- मेरी उपर्युक्त समुक्तियों/स्पष्टीकरणों के अनुसार, जो सूचनाएं इन मानकों को पूर्ण नहीं करेंगी, उन पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी अविलंबनीय लोक महत्व के विषय को अन्य संसदीय माध्यमों से उठाया जा सकता है।

---

## 2009 से चल रहा था ट्रायल सीजेआई बोले- यह तो शर्म की बात सिस्टम पर मजाक, रोज हो सुनवाई

**नई दिल्ली।** साल 2009 में महिला पर हुए एसिड अटैक मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने जमकर क्लास लगाई। जब याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि 16 साल पहले 2009 में उस पर एसिड से हमला हुआ था और अब तक मामले का ट्रायल चल रहा है तो इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अगर राष्ट्रीय राजधानी ऐसे हालात को हैंडल नहीं कर सकती है तो फिर कौन संभालेगा? यह शर्म की बात है, सिस्टम पर मजाक है। उन्होंने निर्देश दिए कि

---

### पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए परामर्शदात्री समिति ने पीएम-डिवाइन योजना की समीक्षा की

# विकास परियोजनाओं की बेहतर निगरानी और समय पर क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया गयाः सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए परामर्शदात्री समिति ने पीएम-डिवाइन योजना की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया की अध्यक्षता में संसदीय सौध भवन में हुई। बैठक में केंद्रीय शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार भी शामिल हुए।

सिंधिया ने कहा कि समिति की बैठकें पूर्वोत्तर राज्यों में निवेश और विकास प्रगति पर निरंतर संवाद का एक अभिन्न अंग हैं। पीएम-डिवाइन (पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल) को मंत्रालय की सबसे महत्वपूर्ण योजना बताते हुए, सिंधिया ने बताया कि इस योजना की परिकल्पना केंद्रीय बजट वर्ष 2022-2023 में की गई थी। इस योजना का वर्ष 2022-2023 से 2025-2026 की अवधि के लिए कुल परिव्यय 6600 करोड़ रुपये है। 31 अक्टूबर, 2025 तक लगभग 5,700 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। लगभग 176 करोड़ रुपये की स्वीकृत परियोजनाओं में से तीन पूरी हो चुकी हैं और लगभग 5,500 करोड़ रुपये की 41 परियोजनाएं वर्तमान में प्रगति पर हैं। इसके अलावा, 111 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी गई है और 625 करोड़ रुपये की और परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। मंत्रालय योजना परिव्यय का पूरा उपयोग करने की दिशा में अग्रसर है।

समिति के सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए, केंद्रीय मंत्री ने असम, नागालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा में कार्यान्वयन के अंतर्गत परियोजनाओं का विशिष्ट विवरण प्रदान किया।

त्रिपुरा में पर्यटन क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए एक सुझाव पर उन्होंने बताया कि राज्य सरकारों के परामर्श से चिन्हित चयनित स्थानों पर, प्रत्येक पूर्वोत्तर राज्य में विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ पर्यटन सर्किट विकसित किए जाएंगे। शुरुआत में, मेघालय में सोहरा सर्किट और त्रिपुरा में माताबारी सर्किट को पायलट आधार पर लिया जा रहा है। मेघालय-सोहरा सर्किट की आधारशिला पहले ही रखी जा चुकी है जबकि त्रिपुरा-माताबारी सर्किट अनुमोदन के अंतिम चरण में है। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के अलावा पर्यटन सर्किट परियोजना में पर्यटन में वृद्धि और बेहतर पर्यटक अनुभव के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले कुशल जनशक्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए क्षमता निर्माण पर मजबूत ध्यान दिया जाएगा।

सिंधिया ने कहा कि पीएम-डिवाइन परियोजनाओं की निगरानी एक दृढ़ और बहुस्तरीय तंत्र के माध्यम से की जाती है। इसकी साप्ताहिक समीक्षा की जाती है। प्रत्येक परियोजना की अपेक्षित और वास्तविक समय-सीमा के आधार पर निगरानी की जाती है। इन समीक्षाओं के दौरान समय-चिह्नित तस्वीरों के माध्यम से भौतिक प्रगति का आकलन किया जाता है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के अधिकारी भी जमीनी स्तर पर निरीक्षण करते हैं और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए तृतीय-पक्ष मूल्यांकन तंत्र द्वारा भी इसका अनुपूरण किया जाता है।

---

# दिल्ली के ऐतिहासिक मंदिर में हुई तोड़फ़ोड़ का मामला गूंजा संसद में

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में 1400 वर्ष पुरानी आध्यात्मिक विरासत माने जाने वाले झंडेवालान स्थित बाबा पीर रतन नाथ जी मंदिर पर की गई कथित अवैध तोड़फोड़ का मुद्दा गुरुवार को राज्यसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने उठाया। उन्होंने डीडीए और एमसीडी पर ग्रैप नियमों की धज्जियाँ उड़ाने, धार्मिक विरासत को नष्ट करने और आरएसएस मुख्यालय 'केशव कुंज' के लिए जमीन खाली कराने का गंभीर आरोप लगाया। अजय माकन ने पूरे एपिसोड की जाँच की माँग करते हुए सरकार से अनुरोध किया कि ऐतिहासिक मंदिर के पुनर्निर्माण का आदेश पारित किया जाए।

### ये है पूरा मामला

29 नवंबर को डीडीए और नगर निगम की टीम, भारी पुलिस बल के साथ झंडेवालान स्थित ऐतिहासिक बाबा पीर रतन नाथ मंदिर परिसर में पहुँची और बिना किसी पूर्व नोटिस के तोड़फोड़ कार्रवाई की।

स्थानीय लोगों के अनुसार, प्राचीन दीवारें और संरचनाएँ गिरा दी गईं।क्षेत्र को स्टील शटरिंग लगाकर पूरी तरह सील कर दिया गया। यह सब उस समय हुआ जब दिल्ली में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सख्त ग्रैप के नियम लागू थे। नियमों के अनुसार किसी भी प्रकार का निर्माण या ध्वस्तीकरण प्रतिबंधित था। अजय माकन ने दावा लिया कि यह कार्रवाई पास ही स्थित आरएसएस मुख्यालय 'केशव कुंज' के लिए पार्किंग या सड़क मार्ग बनाने के उद्देश्य से की गई है। जीरो ऑवर में मामला उठाते हुए राज्यसभा में अजय माकन ने कहा, जहाँ तोड़फोड़ की गई वह साधारण मंदिर नहीं, बल्कि 'हर श्री नाथ'-नाथ संप्रदाय की अत्यंत दुर्लभ और प्राचीन परंपरा का केंद्र है। यह मंदिर गुरु गोरखनाथ जी के प्रत्यक्ष शिष्य पीर रतन नाथ जी की गद्दी है। संप्रदाय का मूल केंद्र पेशावर (पाकिस्तान) और अफगानिस्तान रहा है।

# आईपीएल में 71 स्लॉट भरने नीलामी 16 को, 1300 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन, कई दिग्गजों ने किया किनारा

एजेंसी ▶▶| अबूधाबी

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के लिए होने वाली नीलामी के लिए 1,300 से अधिक खिलाड़ियों ने अपना नाम दर्ज कराया है। दिलचस्प रूप से 14 देश के विदेशी खिलाड़ियों ने अपने नाम दर्ज कराए हैं। एक तरफ कई नामी सितारे आईपीएल नीलामी में इस बार नजर आएंगे तो दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल सहित कई अन्य दिग्गजों ने अपना नाम दर्ज नहीं कराया है। बता दें कि 16 दिसंबर को अबू धाबी में छोटी नीलामी का आयोजन होना है जिसके जरिए 71 स्लाट भरे जाना हैं।

### स्मिथ समेत ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के नाम दर्ज

खबर के मुताबिक, कुल 1,355 खिलाड़ियों की सूची है, जिसमें कैमरून ग्रीन, मैथ्यू शॉर्ट और स्टीव स्मिथ उन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें खरीदार मिलने की उम्मीद है। जोश इंग्लिस, जिनकी शादी की वजह से उपलब्धता तय नहीं है, उन्होंने भी नीलामी के लिए नाम दर्ज कराया है। इस पूरी सूची में इंग्लैंड के जेमी स्मिथ और जॉनी बेयरस्टो, न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और मथीशा पथिराना जैसे खिलाड़ी भी हैं।

### इन खिलाड़ियों ने बेस प्राइस रखा 2 करोड़


रवि बिश्नोई


वेंकटेश अय्यर


मुजीब उर रहमान


लियाम लिविंगस्टोन

रवि बिश्नोई और वेंकटेश अय्यर के रूप में सिर्फ 2 भारतीय खिलाड़ियों ने अपना बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखा है। वहीं, ग्रीन, स्मिथ, जेमी स्मिथ, मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, सीन एबॉट, एस्टन एगर, कूपर कोनोली, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, इंग्लिस, मुस्तफ़िज़ुर रहमान, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, टॉम कर्रन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, डेनियल लॉरेंस, लियाम लिविंगस्टोन, डेरिल मिचेल, रचिन, और हसरंगा, वेस्टइंडीज के शाई होप, अकील होसेन और अल्जारी जोसेफ समेत कुल 43 विदेशी खिलाड़ियों ने खुद का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखा है।

### नीलामी से भरे जाने हैं अधिकतम 71 स्लॉट

आईपीएल ने 30 नवंबर को रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख खत्म होने के बाद फ्रेंचाइजी के साथ सूची साझा की है। हर फ्रेंचाइजी अपनी टीम में अधिकतम 25 खिलाड़ियों के कोटे को नीलामी के जरिए पूरी कर सकती है। बता दें कि अबू धाबी में होने वाली अगली नीलामी में अधिकतम 77 स्लॉट भरे जा सकते हैं, जिसमें 31 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। ऐसे में नीलामी के दिलचस्प होने की उम्मीद है।

### 14 देशों के खिलाड़ियों ने भी दिया है अपना नाम

बांग्लादेशी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने खुद का बेस प्राइस 1 करोड़ रुपये रखा है। नीलामी के लिए अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, बांग्लादेश, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे, नीदरलैंड, स्कॉटलैंड, मलेशिया और USA के देशों के विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। मलेशिया के ऑलराउंडर वीरनदीप सिंह ने 30 लाख रुपये में अपना नाम दर्ज कराया है।

### नीलामी में ये खिलाड़ी नहीं आएंगे नजर







**आंद्रे रसेल**
पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने हाल ही में आईपीएल से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने आईपीएल में कुल 140 मैचों में 2,651 रन और 123 विकेट लिए हैं।

**फाफ डु प्लेसिस**
फाफ डु प्लेसिस पाकिस्तान सुपर लीग के अगले संस्करण में हिस्सा लेंगे, जिसके चलते आईपीएल के लिए उपलब्ध नहीं हो सकेंगे।

**मोईन अली**
इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली ने भी पीएसएल में खेलने का फैसला किया है। वह आईपीएल 2025 में सिर्फ 6 मैचों में ही खेल सके थे और चोट के कारण पूरा सीजन नहीं खेल सके थे।

## खबर संक्षेप



### पंड्या को देखने इतनी उमड़ी भीड़, दूसरे स्टेडियम में हुआ मैच

**हैदराबाद।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को देखने के लिए जबरदस्त भीड़ को देखते हुए आयोजकों को बृहस्पतिवार को यहां जिमखाना मैदान जैसे साधारण स्थल से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मैच को अधिक सुरक्षित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में स्थानांतरित करना पड़ा। यह मुकाबला उनकी टीम बड़ौदा और गुजरात के बीच खेला गया। इसमें बड़ौदा ने आठ विकेट से जीत दर्ज की। हार्दिक की मौजूदगी के कारण अप्रत्याशित भीड़ और सुरक्षा चिंताओं की वजह से यह फैसला लिया गया। भारतीय हरफनमौला का चोट से उबरने के बाद यह दूसरा प्रतिस्पर्धी मैच था। पंजाब के खिलाफ नाबाद 77 रन ठोकने के बाद हार्दिक ने गुजरात के खिलाफ 10 रन बनाए और एक विकेट हासिल किया। वह आगामी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की जर्सी में नजर आएंगे जो नौ दिसंबर से कटक में शुरू होगी।

### श्रीलंका से टी20 श्रृंखला में नए खिलाड़ियों को मौका दे सकता है पाकिस्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की चयन समिति श्रीलंका में सात से 11 जनवरी तक होने वाली तीन मैच की टी20 श्रृंखला के लिए अपनी टीम में कुछ नए चेहरे शामिल कर सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पीसीबी ने ऑस्ट्रेलिया में 14 दिसंबर से जनवरी तक चलने वाली बिग बैश लीग में खेलने के लिए छह मुख्य खिलाड़ियों को एनओसी जारी कर रखी है। इसके बाद ही उसने श्रीलंका दौरे का कार्यक्रम बनाया। बीबीएल के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीमों को पाकिस्तानी खिलाड़ियों को अनुबंधित करने की अनुमति देने से पहले यह स्पष्ट कर दिया था कि वे पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### आस्ट्रेलिया ने जापान और इंग्लैंड ने चिली को हराया

**चेन्नई।** इयान ग्रोबेलार के 56वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर किये गए गोल की मदद से आस्ट्रेलिया ने जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप के नौवें से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मुकाबले में गुरूवार को जापान को 1-0 से हराया। जूनियर स्तर पर विश्व कप में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकी आस्ट्रेलियाई टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही। तीन बार के ओलंपिक पदक विजेता रहे कोच जे स्टासी की टीम को जापान ने आखिरी पांच मिनट बचने तक गोलरहित बराबरी पर रोके रखा। इसके बाद चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर इयान ने गोल करके टीम को जीत दिलाई। वहीं इससे पहले इंग्लैंड ने चिली को 3-1 से और आयरलैंड ने स्विटजरलैंड को 5-2 से हराया। मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम पर खेले गए मैच में इंग्लैंड के लिये काडेन ड्रेसे ने तेरहवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल दागा। वहीं कप्तान मैक्स एंडरसन ने दूसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में फील्ड गोल करके बढत दुगुनी कर दी।

## एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में हो रहे रोमांचक मैच

# बेल्जियम के खिलाफ आज क्वार्टर फाइनल में होगी भारतीय टीम की असली परीक्षा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत ने अपेक्षाकृत आसान पूल में लगभग प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में उसकी असली परीक्षा बेल्जियम के खिलाफ आज शुक्रवार को यहां होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में होगी।

चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में शामिल भारत ने शानदार प्रदर्शन करके पहले स्थान पर रहते हुए नाकआउट दौर में प्रवेश किया। क्वार्टर फ़ाइनल के अन्य मैचों में स्पेन का सामना न्यूज़ीलैंड से, फ्रांस का सामना जर्मनी से और नीदरलैंड का सामना अर्जेंटीना से होगा।



### भारतीय टीम का अभी तक सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट

भारतीय टीम ने पूल चरण में 29 गोल किए और एक भी गोल नहीं खाया, जो टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी 24 टीमों में सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है लेकिन पीआर श्रीजेश की कोचिंग वाली टीम यह बात अच्छी तरह जानती है कि इन परिणामों का आगे कोई महत्व नहीं होगा, क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनका सामना मजबूत टीमों से होगा। यहां से कोई भी चूक भारत के नौ साल बाद घरेलू मैदान पर खिताब जीतने के सपने को चकनाचूर कर सकती है।

### भारत ने 2016 में जीता था खिताब

भारत ने आखिरी बार 2016 में लखनऊ में खिताब जीता था। भारत पूल चरण में शानदार प्रदर्शन करके इस उपलब्धि को दोहराने की स्थिति में दिख रहा है। उसने अभी तक 18 मैदानी गोल किए हैं। इसके अलावा उसने नौ गोल पेनल्टी कॉर्नर से और दो पेनल्टी स्ट्रोक से किए हैं लेकिन यहां से भारतीय टीम की राह आसान नहीं होगी और किसी भी तरह का अति आत्मविश्वास उसे खिताब की दौड़ से बाहर कर सकता है।

### विश्व कप टूर्नामेंट आसान नहीं : कोच श्रीजेश

श्रीजेश ने कहा, ''जूनियर विश्व कप कोई आसान टूर्नामेंट नहीं है। मेरा मतलब है कि इनमें से कोई भी टीम आपको आसानी से जीत हासिल नहीं करने देगी। टूर्नामेंट की असली शुरुआत तो अब होगी और कोई भी गलती भारी पड़ सकती है। उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से कुछ क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। अगले मैच से असली टूर्नामेंट शुरू होगा और हमारे लिए उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना बहुत महत्वपूर्ण है।

**भारतीय स्ट्राइकरों का शानदार प्रदर्शन** : भारतीय स्ट्राइकरों ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन किया। दिलराज सिंह (06 गोल), मनमीत (05), अर्शदीप सिंह (04), अजीत यादव और गुरजोत सिंह (दोनों दो-दो गोल) सभी ने अपना प्रभाव छोड़ा है। रोसन कुजूर, एड्रोई एक्का, अंकित पाल और इंगलेम्बा लुवांग थोउनाओजम ने मध्यपंक्ति में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उनकी असली परीक्षा अब होगी।

### इंग्लैंड ने चिली और मलेशिया को दक्षिण अफ्रीका ने हराया



**चेन्नई।** इंग्लैंड ने जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप के मुकाबले में गुरूवार को चिली को 3-1 से हराया। मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम पर खेले गए मैच में इंग्लैंड के लिये काडेन ड्रेसे ने तेरहवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल दागा। वहीं कप्तान मैक्स एंडरसन ने दूसरे क्वार्टर में फील्ड गोल करके बढत दुगुनी कर दी। इसके चार मिनट बाद चिली के लिये जेवियर वर्गास ने बेहतरीन फील्ड गोल करके अंतर कम किया। इंग्लैंड ने हालांकि जवाबी हमलों में जॉनी हिबिट स्टर्च के गोल के दम पर फिर 3-1 से बढ़त बनाकर जीत हासिल कर ली।

### ऐसा रहा दक्षिण अफ्रीका और मलेशिया का मैच

दक्षिण अफ्रीका ने जेडन बूकर के दो गोलों की मदद से मलेशिया को नौवे से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मैच में 3-1 से हराया। मैच में चारों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर हुए। बूकर ने 18वें और 39वें मिनट में गोल दागे जबकि तीसरा गोल रोस मोंटगोमेरी ने 58वें मिनट में किया। मलेशिया के लिये एकमात्र गोल मैट अकील ने 48वें मिनट में किया।

## प्रीमियर लीग फुटबॉल

# आर्सेनल ने ब्रेंटफोर्ड को 2 गोल से हराया, 5 अंक की बढ़त की हासिल



एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सेनल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में पांच अंक की बढ़त हासिल कर ली है जबकि लिवरपूल का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा।

आर्सेनल ने जहां ब्रेंटफोर्ड पर 2-0 की जीत के साथ प्रीमियर लीग खिताब की ओर मजबूत कदम बढ़ाए, वहीं लिवरपूल ने एनफील्ड में अंतिम क्षणों में आत्मघाती गोल की मदद से संदरलैंड के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। मौजूदा चैंपियन लिवरपूल की टीम अब आठवें स्थान पर है। लिवरपूल के कोच आर्ने स्लॉट स्टार फारवर्ड मोहम्मद सलाह को लगातार दूसरे मैच में शुरुआती लाइनअप से बाहर रखने के कारण आलोचकों के निशाने पर हैं।

### चेल्सी को लीड्स के हाथों मिली हार

इस बीच चेल्सी को लीड्स के हाथों 3-1 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा। इस हार से चेल्सी चौथे स्थान पर खिसक गई और आर्सेनल से नौ अंक पीछे हो गई, जिसने सभी प्रतियोगिताओं में अपना अजेय अभियान 18 मैचों तक बढ़ा लिया है और 2004 के बाद से पहली बार लीग खिताब जीतने की ओर अग्रसर है।

### अन्य मैचों का ऐसा रहा परिणाम

आखिरी स्थान पर चल रहे वॉल्वरहैम्प्टन को नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट के हाथों अपने घरेलू मैदान पर 1-0 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि एस्टन विला ने ब्राइटन पर 4-3 से जीत हासिल की। इससे वह चेल्सी से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गया। क्रिस्टल पैलेस ने एक अन्य मैच में बर्नले को 1-0 से हराया।

## टी-20 क्रिकेट

# सूर्यकुमार बने मुंबई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ में खेले गए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 मुकाबले में मुंबई को केरल के खिलाफ 15 रन से हार मिली। 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शार्दुल ठाकुर की अगुवाई वाली मुंबई 163 पर सिमट गई। सरफराज खान ने अर्धशतक लगाया, जबकि अजिंक्य रहाणे और सूर्यकुमार यादव ने अच्छी पारियां खेलीं। इस मैच के दौरान सूर्यकुमार ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह मुंबई के टी-20 क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।

### सूर्यकुमार की पारी

केरल द्वारा दिए गए 179 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई को शुरुआत में आयुष म्हात्रे (3) के रूप में जल्दी झटका लगा। इसके बाद सरफराज और रहाणे ने 80 रनों की साझेदारी कर टीम को संभाला। 100 रन से पहले दोनों के आउट होने के बाद मुंबई की उम्मीदें सूर्यकुमार ने जीवित रखीं। उन्होंने 25 गेंदों में 32 रन बनाए और अपनी पारी में 4 चौके जड़े। हालांकि, केएम आसिफ की गेंद पर आउट होकर वह पवेलियन लौट गए।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के नॉकआउट मैचों में खेल सकते हैं रोहित



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा इस समय दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रहे हैं। तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मैच 6 दिसंबर को खेला जाना है। इस बीच खबर है कि रोहित वनडे सीरीज के सम्पन्न होने के ठीक बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की ओर से खेलते हुए नजर आ सकते हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉकआउट मैच 12 दिसंबर से खेले जाने हैं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सूत्र के हवाले से कहा गया कि रोहित ने मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉकआउट में मुंबई के लिए खेलने की इच्छा व्यक्त की है।

# अर्जुन एरिगैसी ने आनंद को हराकर जेरूशलम मास्टर्स का खिताब जीता

एजेंसी ▶▶| जेरूशलम



ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने यहां फाइनल में हमवतन और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को हराकर जेरूशलम मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। इन दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती रैपिड गेम ड्रॉ किए।

इसके बाद एरिगैसी ने पहले ब्लिट्ज टाईब्रेक मैच में सफेद मोहरों से जीत हासिल कर निर्णायक बढ़त हासिल कर ली। इस जीत के साथ एरिगैसी को 55,000 अमेरिकी डॉलर, जबकि आनंद को 35,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली।

**सेमीफाइनल में इनको हराया था दोनों ने :** एरिगैसी ने सेमीफाइनल में रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर स्विडलर को जबकि आनंद ने विश्व ब्लिट्ज चैंपियन इयान नेपोमनियाची को हराया था। 'चेसबेस डॉट कॉम' की रिपोर्ट के अनुसार 22 वर्षीय एरिगैसी दूसरे ब्लिट्ज मुकाबले में भी जीत हासिल करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ से संतोष करना पड़ा लेकिन यह मुकाबला और खिताब जीतने के लिए पर्याप्त था।

# एमबाप्पे के दो गोल से रियाल मैड्रिड की मिली आसान जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियन एमबाप्पे के दो गोल और एक अन्य गोल में मदद करने की बदौलत रियाल मैड्रिड ने एथलेटिक बिलबाओ को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले तीन मैच से जीत हासिल नहीं कर पाने का सिलसिला खत्म किया।

एडुआर्डो कैमाविंगा ने भी मैड्रिड के लिए गोल किया, जिससे उसकी टीम ने शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से अंतर कम कर दिया है। बार्सिलोना अब अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी से केवल एक अंक आगे है। उसने मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को 3-1 से हराया था। एमबाप्पे ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले तीन मैचों में सात गोल किए हैं। उन्होंने गिरोना के खिलाफ एक गोल किया था और ओलंपियाकोस के खिलाफ चैंपियंस लीग के मैच में 4-3 की जीत में चार गोल दागे थे।



### एमबाप्पे ने इस सत्र में 30 गोल किए

इस फ्रांसीसी स्टार ने इस सत्र में अपने क्लब और देश के लिए कुल 24 मैचों में 30 गोल किए हैं। वह स्पेनिश लीग (16 गोल) और चैंपियंस लीग (नौ गोल) दोनों में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।

## शुरुआती दो मैच विशाखापत्तनम में, बाकी के तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे

# महिला टी-20 सीरीज में 21 को भारत की श्रीलंका से भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम 21 दिसंबर से 30 दिसंबर तक श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस बारे में आधिकारिक तौर पर जानकारी दी है। सीरीज के मैच विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम और तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत ने आखिरी बार इस साल जुलाई में इंग्लैंड में टी-20 सीरीज खेली थी। भारत ने उस सीरीज को 3-2 के अंतर से जीता था। वहीं, श्रीलंका ने मार्च के बाद से कोई टी-20 सीरीज नहीं खेली है।



### पहली बार महिला टी-20 के मैच तिरुवनंतपुरम में

खास बात यह है कि यह पहला ऐसा मौका होगा, जब तिरुवनंतपुरम महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करेगा। यहां इससे पहले पुरुषों के टी-20 और वनडे मैच खेले जा चुके हैं। विशाखापत्तनम ने महिलाओं के वनडे विश्व कप 2025 के दौरान दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लीग मैचों की मेजबानी की थी। इसके साथ-साथ 10 दिन के प्री-टूर्नामेंट कैंप की भी मेजबानी की थी।

### ऐसा है टी-20 सीरीज का कार्यक्रम

बता दें कि 21 दिसंबर को होने वाले पहले मैच के साथ श्रीलंका और भारत के बीच टी-20 सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 23 दिसंबर को दूसरा टी-20 मैच खेला जाएगा। शुरुआती 2 मुकाबले विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे। बीसीसीआई के कार्यक्रम के मुताबिक, सीरीज के बचे हुए मैच 26, 28 और 30 दिसंबर को खेले जाएंगे। ये आखिरी 3 मैच तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे।

### व्यस्त होगा भारतीय टीम का कार्यक्रम

श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के ठीक बाद विमेंस प्रीमियर लीग का चौथा संस्करण होगा, जो 9 जनवरी से 5 फरवरी, 2026 तक नवी मुंबई और वडोदरा में होगा। यह पहली बार है जब विमेंस प्रीमियर लीग जनवरी-फरवरी विंडो में खेली जाएगी। इसके बाद, भारतीय टीम 15 फरवरी से 6 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर सीरीज खेलेगी। इसलिए आने वाले महीनों में खिलाड़ियों के पास क्रिकेट के कुछ अहम मौके होंगे।




## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दी नौसैन्य कर्मियों को नौसेनादिवस की बधाई

# पीएम मोदी ने साझा किया विक्रांत का वीडियो पोस्ट में लिखा अदम्य साहस दृढ़ का पर्याय हमारी नौसेना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 1971 के भीषण युद्ध में पाकिस्तान को दो भागों में विभाजित कर विश्व मानचित्र पर बांग्लादेश के रूप में एक अलग देश की तस्वीर उकरने वाले भारत में गुरुवार को 54 वां नौसेना दिवस पूरे धूमधाम से मनाया गया। एक ओर नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के नेतृत्व में नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी समेत दोनों अन्य सशस्त्र सेनाओं के शीर्ष अधिकारियों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। वहीं दूसरी ओर, सेना, वायुसेना और नौसेना की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना कर्मियों को सोशल मीडिया पर दिए अपने भावपूर्ण संदेशों के जरिए हार्दिक बधाई दी है। देश में समुद्री सेना की सभी कमांड, जंगी बेड़े और अन्य प्रतिष्ठानों में पूरे धूमधाम के साथ नौसेनादिवस मनाया गया। बीते बुधवार को केरल के त्रिवेंद्रम के समुद्र तट पर इस बाबत एक समारोह आयोजित किया गया था। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की थी। नौसेना ने अपने तमाम हथियारों की युद्धक क्षमता का प्रदर्शन भी किया था।

**अनुशासन, जिम्मेदारी की प्रतीक नौसेना:** राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पोस्ट में नौसेना के मौजूदा कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को बधाई देते हुए लिखा, राष्ट्र उन वीर पुरुषों और महिलाओं को नमन करता है। जो साहस, सकर्तता और अटूट प्रतिबद्धता के साथ हमारी समुद्री सीमाओं व राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हैं। व्यापार मार्गों की सुरक्षा, नीली अर्थव्यवस्था को मजबूत करने से लेकर मानवीय मिशनों का नेतृत्व करने तक भारतीय नौसेना अनुशासन, करुणा और जिम्मेदारी की प्रतीक है।

**आत्मनिर्भरता, आधुनिकीकरण पर ध्यान:** पीएम: पीएम मोदी की पोस्ट के मुताबिक, सभी नौसैन्य कर्मियों को नौसेना दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। भारत की नौसेना असाधारण साहस और दृढ़ संकल्प का पर्याय है। वे हमारे तटों की सुरक्षा के साथ ही समुद्री हितों को बनाए रखते हैं। बीते कुछ वर्षों में हमारी समुद्री सेना ने आत्मनिर्भरता और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। जिसकी मदद से हमारी सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने अपनी इस पोस्ट में देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत का एक वीडियो साझा कर इस साल दीवाली के मौके पर की गई विक्रांत की यात्रा को याद किया। साथ ही कहा, मैं 2025 की विक्रांत पर नौसैन्य कर्मियों के साथ मनाई गई दीवाली को कभी नहीं भूल सकता हूं। बल को उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

'4 दिसंबर को मनाया गया 54वां नौसेनादिवस'




**बेहद आकर्षक है विक्रांत का वीडियो:** प्रधानमंत्री ने अपनी एक्स पोस्ट में विक्रांत यात्रा का जो वीडियो साझा किया है। वह सबका ध्यान खींचता है। उसमें लिखी हुई कुछ पंक्तियां बेहद आकर्षक हैं। जिनमें 'चलो नई मिसाल हो, बढ़ो नया कमाल हो, झुको नहीं-रुको नहीं, बढ़े चलो-बढ़े चलो' मुख्य हैं। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर का ध्वज फहराना, पनडुब्बी, लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टरों से लेकर अपतटीय गश्ती जहाज की गूंज भी वीडियो में साफ सुनी जा सकती है।

**सभी प्रयासों में सफल हो नौसेना:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पोस्ट में नौसैन्य कर्मियों और उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा, हिंद महासागर में सबसे बड़ी निवासी नौसैन्य शक्ति के रूप में भारतीय नौसेना के समुद्री हितों को वीरता, सतर्कता और आत्मनिर्भरता को लेकर प्रतिबद्धता के साथ बनाए रखती है। साथ ही विकसित भारत की ओर देश की यात्रा को आगे बढ़ाती है। बीते वर्ष 2024 में हमारी नौसेना, नौसैन्यकर्मियों द्वारा प्रदर्शित की गई व्यावसायिकता और प्रतिबद्धता के उच्च-मानकों से मुझे पूरा विश्वास है कि देश की नौसेना हमारे राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा करने, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मैं नौसेना के भविष्य में किए जाने वाले सभी प्रयासों में सफलता की कामना करता हूं।

### नौसेनादिवस मनाने की वजह

साल 1971 का था। जब पाकिस्तान के अत्याचारों से तंग आकर तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान से बड़ी तादाद में शरणार्थी भारत पहुंच रहे थे। समस्या काफी गंभीर होती जा रही थी। इस बीच पाकिस्तान ने अचानक 3 दिसंबर को भारत के हवाईअड्डों पर हमला बोल दिया था। जिसके जवाब में भारत ने सैन्य कार्यवाही का आगाज किया। जमीनी और हवाई सेना के साथ नौसेना ने भी मोर्चा संभाल लिया। चालाक पाकिस्तान अपनी चालबाजी से बाज नहीं आया और उसने अमेरिका से लीज पर ली हुई पीएनएस गाजी पनडुब्बी के जरिए विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत को डुबोने की योजना बनाई। बंगाल की खाड़ी से होते हुए गाजी गुपचुप तरीके से विशाखापट्टनम के समुद्र में जाकर छिप गई, लेकिन नौसेना को दुश्मन के नापाक इरादों की पहले ही भनक लग गई, विक्रांत को अंडमान रवाना किया गया।

## खबर संक्षेप

### तीव्रता के भूकंप से थर्राया चीन, कोई हताहता नहीं



**बीजिंग।** चीन में भूकंप का जोरदार झटका लगा है। चीन के भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने बताया कि 4 दिसंबर को देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित शिनजियांग क्षेत्र में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। इससे लोग दहशत में आ गए और अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। शिनजियांग किर्गिस्तान की सीमा से लगा हुआ है। सीईएनसी के अनुसार, भूकंप किर्गिस्तान-शिनजियांग सीमा के पास अक्की काउंटी के पास स्थानीय समयानुसार दोपहर 3.44 बजे आया, जिसका केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

### हसीना के बेटे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**ढाका।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जारी कानूनी कार्रवाइयों ने नया मोड़ ले लिया है। ढाका के एक विशेष अंतरराष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के विदेश में रह रहे बेटे सजीब वाजेद जॉय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है। बता दे कि विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप हैं।

## भारत और रूस के संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे

### पुतिन की यात्रा पर ट्रंप और जिनपिंग की नजर भारत के दो दिवसीय दौरे पर है पुतिन

# पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे पर अमेरिकी और चीन में मची खलबली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार को भारत पहुंचे पर इस दौरान भारत और रूस के बीच कई अहम समझौतों पर बातचीत हो हुई पुतिन की इस यात्रा को लेकर अमेरिका और चीन में खूब चर्चा है। वहां की मीडिया ने इस यात्रा पर अपनी राय रखी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और रूस के संबंध दशकों पुराने हैं और ये समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 से 5 दिसंबर के दो दिवसीय दौरे पर भारत पर है। जिसकी चर्चा दुनिया भर में हो रही है। हालांकि, पुतिन के भारत दौरे को लेकर सबसे ज्यादा बहस अमेरिका और चीन में चल रही है।

### पुतिन की विजिट पर अमेरिकी की नजर

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार जब गुरुवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का प्लेन नई दिल्ली में उतरा तो उनका स्वागत बड़े समारोह के साथ किया गया। हालांकि उनके होस्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के साथ भी मजबूत रणनीतिक रिश्ते बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं।

वही भारत का डिप्लोमैटिक स्प्लिट स्क्रीन है। एक तरफ एडवांस्ड रूसी फाइटर जेट्स खरीदने का प्लान, सस्ता तेल और कोल्ड वॉर में बनी पक्की दोस्ती। दूसरी तरफ टेक्नोलॉजी, ट्रेड और इन्वेस्टमेंट पर अमेरिकी सहयोग और यह उम्मीद कि प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप अपने सख्त टैरिफ हटा देंगे।



फाइल फोटो

### रूस से सस्ता तेल खरीदने की मिली सजा

बता दे कि 2022 में यूक्रेन पर हमले को लेकर पश्चिमी देशों के बैन की वजह से रूसी तेल की कीमत बहुत कम हो गई तो भारत ने इस मौके का फायदा उठाया। अपनी तेजी से बढ़ती इकॉनमी को बढ़ावा देने और 1.4 अरब से ज्यादा की आबादी को सपोर्ट करने के लिए भारत ने रूसी क्रूड ऑयल की अपनी खरीद में काफी बढ़ोतरी की और रूसी तेल के टॉप खरीदारों में से एक बन गया।

### पुतिन के भारत दौरे से चीन अलर्ट

*उधर चीन भी इस मुलाकात को लेकर सतर्क है। चीन और रूस के संबंध पहले से ही मजबूत हैं और ऐसे में पुतिन का भारत आना एशिया की रणनीतिक तस्वीर में एक बड़ा संकेत माना जा रहा है। चीनी और अमेरिकी को इस मुलाकात को लगातार कवर कर रहे हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि यह मुलाकात सिर्फ द्विपक्षीय एजेंडा नहीं बल्कि बड़े भू-राजनीतिक संदेश का हिस्सा है। भारत पश्चिमी दबाव के बीच अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखे हुए है और यह दौरा उस नीति की एक और मिसाल है।*

### अमेरिका- रूस को थामने की कोशिश में भारत


पुतिन का यह दौरा, जो यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से उनका पहला भारत दौरा है, वो मोदी के लिए तनाव भरे समय में हुआ है। भारत अमेरिका के साथ एक बहुत जरूरी ट्रेड डील पर बातचीत कर रहा है क्योंकि उस पर 50% टैरिफ लगाया गया था जिसमें से आधा टैरिफ नई दिल्ली के लगातार डिस्काउंट पर रूसी तेल खरीदने की सीधी सजा थी। फिर भी पुतिन के दौरे के एजेंडे में मॉस्को के साथ और डिफेंस डील शामिल हैं। इनमें हथियारों की खरीद है जिन्हें भारत पाकिस्तान और चीन से खुद को बचाने के लिए जरूरी मानता है। भारत को साबित करना होगा कि उसके लिए मुश्किल पड़ोसियों के बीच काम करना कैसा होगा। रूस चीन का करीबी पार्टनर भी है जबकि चीन पाकिस्तान के लिए हथियारों का एक बड़ा सोर्स है।

### भारत का रूस की तरफ झुकाव

भारत के रूस के साथ करीबी रिश्ते कोल्ड वॉर के दौरान बने थे। जब नया आजाद देश भारत ऑफिशियली नॉन-अलाइंड था लेकिन एक नए देश के तौर पर अपना रास्ता बनाते हुए उसे सोवियत इंडस्ट्रियल और इकोनॉमिक मदद भी मिली थी। लेकिन भारत का मॉस्को की तरफ झुकाव 1970 के दशक में सामने आया जिसकी वजह भारत के कट्टर दुश्मन पाकिस्तान को वॉशिंगटन का बढ़ता मिलिट्री और फाइनेंशियल सपोर्ट था। रूस ने भारत को हथियार देना शुरू कर दिया और मॉस्को एक भरोसेमंद काउंटरवेट बन गया। इस रोल को उसने तब से अहमियत दी है। पिछले चार सालों में भारत की रूसी हथियारों की खरीद में कमी आई है।

#### ढाई दशक से ज्यादा समय से संभाल रहे हैं रूस की सत्ता

## पुतिन के पास 700 कारें, 58 विमान व हेलीकॉप्टर और 200 अरब डॉलर की संपत्ति



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चार साल बाद भारत में दो दिवसीय दौरे पर है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हैदराबाद हाउस में भारत-रूस शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे। यूक्रेन के साथ युद्ध के बीच उनका यह भारत दौरा हुआ है। वह हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। लेकिन वह अपनी शानौ-शौकत के मामले में पीछे नहीं हैं। उन्हें दुनिया के सबसे अमीर राजनेताओं में से एक माना जाता है।

### 1,40,000 डॉलर का सालाना वेतन

दुनिया के सबसे अमीर राजनेताओं के नामों की जब भी चर्चा होती है, तो सबसे ऊपर व्लादिमीर पुतिन का नाम नजर आता है। पुतिन दावा करते रहे हैं कि उन्हें रूस के राष्ट्रपति के रूप में केवल 1,40,000 डॉलर का सालाना वेतन मिलता है। लेकिन, उनकी जीवनशैली और निजी संपत्ति की खबरें एक अलग ही कहानी बताती हैं। बताया जाता है कि उनकी निजी संपत्ति करीब 200 अरब डॉलर है।

### पुतिन की फिजूलखर्जी की सूची में ये चीजें शामिल

इस भव्यता को बनाए रखने के लिए पुतिन को चालीस कर्मचारियों और बीस लाख डॉलर के सालाना खर्च की जरूरत होती है। रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति की फिजूलखर्ची की सूची में 19 अन्य घर, 700 कारें, 58 विमान व हेलीकॉप्टर और 716 मिलियन डॉलर के विमान शामिल हैं। जिन्हें 'द फ्लाइंग क्रेमलिन' नाम दिया जाता है।

### सत्तर करोड़ की नौका और लग्जरी घड़ियां

उनके पास शेहेराजादे नाम की नौका भी है, जिसकी कीमत 700 मिलियन (70 करोड़) डॉलर है। उनके पास लग्जरी घड़ियों का एक संग्रह भी है। 60,000 डॉलर से लेकर 5,00,000 डॉलर के मूल्य की घड़ियां भी शामिल हैं।

### पुतिन की काला सागर की हवेली

मीडियो को मिली जानकारी के मुताबिक, साल 1990 के दशक के दौरान रूस के एक प्रमुख निवेशक ने दावा किया था कि पुतिन की निजी संपत्ति 200 अरब डॉलर है।

#### जल्द भारत पहुंचेंगे, विदेश मंत्रालय ने ओमान की सरकार के प्रति जताया आभार

## हूती विद्रोहियों की कैद में 5 महीने रहने के बाद रिहा हुए भारतीय नाविक रवींद्रन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इजरायल-हमास के बीच मध्य-पूर्व में हुए भीषण युद्ध का इलाका भले ही भारत से मीलों दूर हो। लेकिन उसका सीधा प्रभाव हम पर भी पड़ा है। मामला जंग के बीच इजरायल के विरोध और हमास के समर्थन में लाल सागर के महत्वपूर्ण वाणिज्यिक गलियारे में अमेरिका व उसके अन्य सहयोगी देशों के जहाजों को निशाना बनाने वाले हूती विद्रोहियों द्वारा इस साल जुलाई महीने में लाइबेरिया के ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज 'एमवी इटरनिटी सी' पर ड्रोन और मिसाइल से हमला बोलने से जुड़ा हुआ है।



जिससे उसमें सवार चालक दल के दो दर्जन से अधिक सदस्यों में से 4 डूब गए। जबकि भारतीय अनिल कुमार रवींद्रन समेत बाकी को विद्रोहियों ने बंधक बना लिया था। लेकिन अब इस मामले में एक अच्छी खबर मिली है। जिसके मुताबिक, हूती विद्रोहियों ने भारतीय नागरिक के साथ ही अन्य सभी बंधकों को रिहा कर दिया है। जल्द ही रवींद्रन के सुरक्षित स्वदेश पहुंचने की संभावना है। यहां बता दें कि वह केरल के पथियूर गांव के रहने वाले हैं। मर्चेंट नेवी में शामिल होने से पहले वो एक सैनिक थे। उनकी रिहाई की सूचना मिलते ही उनके गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है।

**भारत ने जताया ओमान के प्रति आभार:** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर बताया कि भारत सरकार एमवी इटरनिटी सी जहाज के एक भारतीय चालक दल के सदस्य अनिल कुमार रवींद्रन की सकुशल रिहाई का स्वागत करती है। जो इस साल 7 जुलाई 2025 से यमन की कैद में थे। बीते बुधवार को रवींद्रन यमन की राजधानी सना से मस्कट पहुंच गए थे और वहां से अब जल्द ही वो अपनी भारत वापसी की यात्रा की शुरुआत करेंगे। केंद्र अपने नागरिक की सुरक्षित रिहाई और वापसी के लिए विभिन्न पक्षों के साथ समन्वय कर रही थी। सरकार ने रवींद्रन की रिहाई की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए प्रदान की गई सहायता के लिए ओमान की सल्तनत के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

**ओमान ने की मध्यस्थता:** मामले में बीते करीब 150 दिनों (करीब पांच महीने) से विदेश मंत्रालय पर्दे के पीछे से रवींद्रन की सुरक्षित वापसी की कवायद में जुटा हुआ था। ओमान, कतर और सऊदी अरब जैसे कई मुस्लिम देशों के साथ बातचीत की गई। ओमान ने मामले में मध्यस्थता की। क्योंकि उनका हूती के साथ संवाद का माध्यम खुला है। आखिरकार वो घड़ी आ ही गई जब सभी को भारतीय नाविक की रिहाई का शुभ समाचार मिला। हूती समर्थित मीडिया चैनल अल-मसीरा ने भी जहाज पर सवार सभी बंधकों की रिहाई और उनके मस्कट पहुंचने की पुष्टि की है।

## भारत ने अफगानिस्तान को इन्फ्लुएंजा और मेनिनजाइटिस के टीके भेजे

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगान जनता के प्रति अपने निरंतर सहयोग को दोहराते हुए भारत ने गुरुवार को 63,734 इन्फ्लुएंजा और मेनिनजाइटिस के टीके काबुल भेजे। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर साझा संदेश में कहा, अफगानिस्तान के सार्वजनिक स्वास्थ्य के सहयोग की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भारत ने 63,734 टीके काबुल भेजे हैं।

इससे पहले 28 नवंबर को भारत ने अफगानिस्तान को 73 टन जीवनरक्षक दवाएँ, टीके और आवश्यक पोषण सामग्री भेजी थीं, अफगानिस्तान के स्वास्थ्य प्रयासों को सशक्त करते हुए भारत ने 73 टन चिकित्सा सहायता काबुल पहुंचाई है। अफगान जनता के प्रति भारत का अटूट समर्थन जारी है। भारत और अफगानिस्तान के बीच सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा 20 नवंबर को भी हुई, जब विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अज़ीजी से नई दिल्ली में मुलाकात की।

#### ब्राजीली एक्सपर्ट का बड़ा दावा

## दुबई एयरशो में क्रैश के बावजूद भारतीय लड़ाकू विमान 'तेजस' नहीं पड़ा फीका



तेजस विमान

एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया

बीते महीने दुबई में एयर शो के दौरान भारत का लड़ाकू विमान तेजस हादसे का शिकार हो गया था। 21 नवंबर को विमान अचानक हवा से जमीन पर गिरा और आग का गोला बन गया, जिसमें पायलट नमंश सयाल की जान चली गई। हादसे के बाद कई एक्सपर्ट ने दावा किया कि इससे भारत को इस जेट के लिए विदेशी खरीदार तलाशने में मुश्किल होगी। हालांकि विदेशी एक्सपर्ट का भरोसा तेजस पर बना हुआ है। उनका मानना है कि भविष्य में ये विमान अपना दबदबा बनाएगा। ब्राजील के एक्सपर्ट ने तेजस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बावजूद इसके विकास में निवेश जारी रखने की वकालत की है। उनका मानना है कि तेजस भविष्य के लड़ाकू विमानों के साथ अच्छी तरह से तालमेल बिठा सकता है।

### मिसाइलों की लंबी दूरी सटीकता पर निर्भर

*यूरोप और यूरेशिया की विशेषज्ञ पैट्रिशिया मारिस का कहना है कि तेजस एक ऐसा विमान है, जिसे रडार पर पकड़ना मुश्किल है। यह भारतीय वायु सेना के सुखोई एसयू-30एमकेआई जैसे विमानों का अच्छा साथी है। भविष्य में रूस के एसयू-57 जैसे पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के साथ आसानी से काम कर सकेगा। मारिस ने आगे कहा, 'हवाई लड़ाई में जीत मिसाइलों की लंबी दूरी और सटीकता पर निर्भर है। वइसके देखते हुए रूस भी एक छोटा एसयू-57 बना रहा है। यूरोप के डसॉल्ट राफेल और साब ग्रिपन जैसे विमानों में भी ये चलन दिखता है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109